Page 11 खेल
जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित
Page 09 देश
शुक्ल पक्ष, रोहिणी, विक्रम संवत् 2083
• औरंगाबाद • मंगलवार • 24 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 111 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00



**एमएस धोनी से 60 साल की उम्र तक खेलने की अपील, एक्टर के साथ बातचीत हुई वायरल**



**गौतमबुद्ध नगर के लिए 28 मार्च का दिन होगा खास, प्रधानमंत्री मोदी नोएडा अंतरराष्ट्रीय...**

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,24,350 | ₹ 2,30,000 |

## आज का इतिहास

**1998 :** भारत में दान्तान के माध्यम में तेज़ तूफ़ान के कारण 250 लोग मारे गए और 3000 घायल हो गए।

**1999 :** पी.एन. भगवती (भारत) लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कमेटी के उपाध्यक्ष चयनित।

## न्यूज बाइट्स

### एक अप्रैल से बदलेंगे इनकम टैक्स के नियम

**पटना (नि.सं.)।** मुल्क की माली सियासत में एक बड़ा मोड़ लाते हुए केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए इनकम टैक्स रूल्स, 2026 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। सरकार ने भले ही टैक्स दरों में कोई तब्दीली नहीं की हो, लेकिन नियमों में किए गए व्यापक फेरबदल इस बात का साफ इशारा हैं कि अब टैक्स सिस्टम को ज्यादा पारदर्शी और सख्त बनाने की तैयारी मुकम्मल हो चुकी है। इसका सबसे गहरा असर नौकरीपेशा तबके की जेब और उनकी टैक्स प्लानिंग पर पड़ने वाला है।

आर्ट्स और कॉमर्स में छात्राओं ने टॉप किया है। साइंस में समस्तीपुर के आदित्य प्रकाश ने टॉप किया है। आदित्य को 481 नंबर आए हैं। वहीं कॉमर्स में पटना की आदिति ने टॉप किया है। आदित्य को 480 नंबर आए है। आर्ट्स में गयाजी की रहने वाली नीशु कुमार ने बाजी मारी है। उन्हें 479 नंबर आए हैं। तीनों स्ट्रीम में कुल 26 टॉपर्स में 19 लड़कियां हैं।

# बिहार बोर्ड का इंटर रिजल्ट जारी
# 85.19 फीसदी विद्यार्थी हुए पास



**बिहार बोर्ड ने 8वीं बार देश में सबसे पहले रिजल्ट**

बिहार बोर्ड पिछले 7 सालों से देश में सबसे पहले इंटर और मैट्रिक का परिणाम जारी करने वाला बोर्ड बना हुआ है। इस बार बोर्ड ने 8वीं बार यह रिकॉर्ड दोहरा है।

- 84.09% छात्र और 86.23 छात्राएं सफल रही हैं

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) ने सोमवार को इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा 2026 का परिणाम जारी कर दिया। इस वर्ष कुल 85.19 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं। परिणाम में एक बार फिर लड़कियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी है। जहां 84.09 प्रतिशत छात्र सफल हुए, वहीं 86.23 प्रतिशत छात्राओं ने परीक्षा पास की है, जो उनकी निरंतर बढ़ती शैक्षणिक उपलब्धि को दर्शाता है। इस बार तीनों संकायों में अलग-अलग जिलों के छात्रों ने टॉप किया है। साइंस संकाय में समस्तीपुर के आदित्य ने पहला स्थान हासिल किया है, जबकि कॉमर्स में पटना की अदिति ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वहीं आर्ट्स संकाय में गया की निशु ने बाजी मारते हुए अपना परचम लहराया। इन टॉपर्स की सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। हालांकि इस वर्ष का कुल परिणाम पिछले साल की तुलना में थोड़ा कम रहा है। वर्ष 2025 में जहां 86.56 प्रतिशत छात्र सफल हुए थे, वहीं इस बार यह आंकड़ा 85.19 प्रतिशत पर आ गया है, यानी करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इसके बावजूद बिहार बोर्ड की मूल्यांकन प्रक्रिया और समयबद्धता एक बार फिर चर्चा में रही है।

बोर्ड ने इस वर्ष भी रिकॉर्ड कायम रखते हुए परीक्षा समाप्त होने के मात्र 35 दिनों के भीतर परिणाम जारी कर दिया। परीक्षा 1 फरवरी से 15 फरवरी 2026 के बीच आयोजित की गई थी, जिसमें 13 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए थे। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने पटना स्थित बोर्ड कार्यालय में रिजल्ट की घोषणा की, जहां बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर भी उपस्थित रहे। लगातार आठवीं बार बिहार बोर्ड देश में सबसे पहले इंटर का रिजल्ट जारी करने वाला बोर्ड बन गया है। मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए बिहार बोर्ड ने इस बार इनाम राशि में बढ़ोतरी की है। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 2 लाख रुपये, द्वितीय स्थान पर रहने वाले को 1.5 लाख रुपये और तृतीय स्थान हासिल करने वाले को 1 लाख रुपये दिए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। कुल मिलाकर बिहार इंटर रिजल्ट 2026 ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि राज्य के छात्र-छात्राएं लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसमें लड़कियों की भागीदारी और सफलता विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

### 13 लाख परीक्षार्थियों में बेटियों का दबदबा

इस वर्ष की परीक्षा में कुल 13.04 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 85.19% छात्र-छात्राएं सफल रहे। टॉपर्स की सूची में इस बार बेटियों का जबरदस्त दबदबा देखने को मिला है। तीनों संकायों (आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स) की टॉप 5 मेधा सूची में कुल 26 छात्रों ने अपनी जगह बनाई है। खास बात यह है कि इन 26 टॉपर्स में से 19 छात्राएं हैं, जो महिला सशक्तिकरण की एक शानदार मिसाल पेश करती हैं।

### साइंस की टॉपर्स लिस्ट

| जिला | रोल नंबर | स्टूडेंट का नाम | प्राप्त अंक | प्रतिशत | रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| समस्तीपुर | 26010033 | आदित्य प्रकाश अमन | 481 | 96.20 | 1 |
| सीतामढ़ी | 26010014 | साक्षी कुमारी | 479 | 95.80 | 2 |
| नवादा | 26010008 | सपना कुमारी | 479 | 95.80 | 2 |
| बेगूसराय | 26010024 | अनामिका कुमारी | 478 | 95.60 | 3 |
| दरभंगा | 26010032 | सत्यम कुमार | 476 | 95.20 | 4 |
| मुजफ्फरपुर | 26010009 | पालक कुमारी | 475 | 95.00 | 5 |

### आर्ट्स की टॉपर्स लिस्ट

| जिला | रोल नंबर | स्टूडेंट का नाम | प्राप्त अंक | प्रतिशत | रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| गया | 26030121 | निशु कुमारी | 479 | 95.80 | 1 |
| सीतामढी | 26030007 | सिद्धि शिखा | 478 | 95.60 | 2 |
| लखीसराय | 26030040 | चंद्रदीप कुमार | 478 | 95.60 | 2 |
| पूर्णिया | 26030081 | एमडी लक्की अंसारी | 478 | 95.60 | 2 |
| पश्चिमी चंपारण | 26030002 | नसरीन प्रवीण | 477 | 95.40 | 3 |
| नालंदा | 26030031 | साजिया अंसारी | 477 | 95.40 | 3 |
| दरभंगा | 26030038 | निसु कुमारी | 477 | 95.40 | 3 |
| सहरसा | 26030096 | आदर्श | 477 | 95.40 | 3 |
| सीवान | 26030002 | अमृता कुमारी | 476 | 95.20 | 4 |
| दरभंगा | 26030078 | स्वीटी कुमारी | 476 | 95.20 | 4 |
| अररिया | 26030047 | बीबी असराना | 475 | 95.00 | 5 |
| सारण | 26030030 | रौशनी कुमारी | 475 | 95.00 | 5 |
| दरभंगा | 26030188 | मनीष कुमार | 475 | 95.00 | 5 |

### कॉमर्स की टॉपर्स लिस्ट

| जिला | रोल नंबर | स्टूडेंट का नाम | प्राप्त अंक | प्रतिशत | रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| पटना | 26020020 | अदिति कुमारी | 480 | 96.00 | 1 |
| पटना | 26020065 | माही कुमारी | 476 | 95.20 | 2 |
| पटना | 26020045 | निशिका श्री | 475 | 95.00 | 3 |
| वैशाली | 26020001 | मानवी कुमारी | 474 | 94.80 | 4 |
| नवादा | 26020002 | श्रेया कुमारी | 474 | 94.80 | 4 |
| पटना | 26020010 | वरीशा नौशाद | 472 | 94.40 | 5 |
| पटना | 26020044 | हर्षिका | 472 | 94.40 | 5 |

**पश्चिम एशिया संकट पर पीएम नरेन्द्र मोदी का बयान**

## तनाव खत्म होना चाहिए, भारत हर स्थिति के लिए तैयार



- पीएम ने कहा- 41 देशों से तेल-गैस इंपोर्ट कर रहे

**एजेंसी | नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव और युद्ध जैसे हालातों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र की स्थिति चिंताजनक है और भारत लगातार कूटनीतिक स्तर पर सभी पक्षों से तनाव कम करने की अपील कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा संकट को तीन सप्ताह से अधिक समय हो चुका है और पूरी दुनिया इसके शांतिपूर्ण समाधान की उम्मीद कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संकट का भारत पर सीधा असर न पड़े, इसके लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। खासतौर पर तेल और गैस की आपूर्ति को लेकर सरकार ने अपनी रणनीति मजबूत की है। उन्होंने बताया कि पहले भारत 27 देशों से तेल-गैस आयात करता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 41 देशों तक कर दिया गया है, ताकि किसी एक क्षेत्र पर निर्भरता कम हो और आपूर्ति बाधित न हो। विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए पीएम मोदी ने जानकारी दी कि अब तक 3 लाख 75 हजार भारतीयों को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है। इनमें ईरान से लौटे हजारों नागरिक भी शामिल हैं, जिनमें 700 से अधिक मेडिकल छात्र हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में भारतीय मिशन सक्रिय हैं और 24×7 हेल्पलाइन के जरिए लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।


ऊर्जा सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत 65 लाख मीट्रिक टन रणनीतिक तेल भंडार की दिशा में काम कर रहा है। साथ ही सरकार विभिन्न देशों के सप्लायर्स से लगातार संपर्क में है, ताकि तेल, गैस और उर्वरक से जुड़े जहाज सुरक्षित भारत पहुंच सकें। इसके लिए सहयोगी देशों के साथ निरंतर संवाद जारी है। अन्न और खाद्य सुरक्षा के सवाल पर उन्होंने भरोसा दिलाया कि देश में पर्याप्त अनाज भंडार मौजूद है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी है। उन्होंने याद दिलाया कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने के बावजूद भारत ने किसानों को 300 रुपए से कम कीमत में यूरिया उपलब्ध कराया था। बढ़ती गर्मी और संभावित बिजली संकट को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के पावर प्लांट्स में पर्याप्त कोयला स्टॉक मौजूद है और उत्पादन से लेकर सप्लाई तक हर स्तर पर निगरानी की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि ऊर्जा क्षेत्र आज अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और पश्चिम एशिया वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख स्रोत है, ऐसे में भारत एक सुविचारित रणनीति के तहत काम कर रहा है।

कूटनीतिक पहल पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने इस पूरे मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट रखी है। उन्होंने पश्चिम एशिया के कई नेताओं से बातचीत की है और सभी से तनाव कम करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने कहा कि कमर्शियल जहाजों पर हमले और आपूर्ति में बाधा पूरी तरह अस्वीकार्य है। भारत सभी पक्षों को जल्द से जल्द शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। कुल मिलाकर, सरकार ने साफ संकेत दिया है कि वैश्विक संकट के बीच भी भारत अपनी ऊर्जा, खाद्य और नागरिक सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क और तैयार है।

INDIAN NURSING COUNCIL से मान्यता प्राप्त
PATLIPUTRA COLLEGE OF NURSING
Approved by-BNRC & Health Department (Govt, of Bihar)
Affiliated to-Bihar University of Health Science



Address : Golki More, Khemnichak New Bypass Road Patna-23
91-9534390352, +91-9798206065
Website :- www.patliputraanmandgnm.com
Email:- patliputranursing@gmail.com
ADMISSION OPEN
बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
100% Placement Assistance
Courses Offered
•ANM •GNM •B.Sc. NURSING
•P.B. B.Sc. NURSING •M.Sc. NURSING



Facilities : Smart Classes, Modern Library, Internet Facility, Medical Facility, 24 Hours Power Backup, CCTV Surveillance, Hostel Facility, Transport Facility
Courses Run under Himalaya Grupo of Institution
MEDICAL | IT & MANAGEMENT | LAW | ITI | NURSING
PARAMEDICAL | PHARMACY | EDUCATION | POLYTECHNIC
Admission Office
MIG - 44, Near Salimar Sweets (Opp- Bata Showroom) Kankarbagh, Patna-20
0612-2355110, 9031624635
Website : www.himalayagroupofinstitutions.com

**औरंगाबाद इंटर रिजल्ट**

### आर्ट्स में सुजाता जिला टॉपर, साइंस में संजीत अव्वल

औरंगाबाद (एसवीवी सं.) बिहार इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा 2026 के परिणाम में औरंगाबाद जिले के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स—तीनों संकायों में जिले के विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक हासिल कर सफलता की नई कहानी लिखी है। आर्ट्स संकाय में ओबरा प्रखंड के पूर्णाडीह गांव की रहने वाली सुजाता वर्मा ने 470 अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वहीं साइंस संकाय में मदनपुर कॉलेज, मदनपुर के छात्र संजीत कुमार ने 474 अंक लाकर जिला टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। संजीत मूल रूप से गया जिले के आमस थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधौल गांव के निवासी हैं। कॉमर्स संकाय में इस बार टाउन इंटर विद्यालय का दबदबा देखने को मिला, जहां प्रथम, द्वितीय और तृतीय—तीनों स्थान उसी विद्यालय के छात्रों ने हासिल किए। अभिषेक कुमार ने 463 अंक के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। अभिषेक झारखंड के खड़गपुर निवासी मृत्युंजय सिंह के पुत्र हैं और वर्तमान में औरंगाबाद में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने भविष्य में कंपनी सेक्रेट्री बनने का लक्ष्य रखा है। साइंस में गोह प्रखंड के सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल, पथरैर के छात्र प्रिंस कुमार ने 472 अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि गांधी स्मारक हाई स्कूल, गोह की छात्रा चांदनी कुमारी ने 468 अंक लाकर तीसरे स्थान पर जगह बनाई। आर्ट्स में गर्ल्स हाई स्कूल, हसपुरा की छात्रा सृष्टि भारती ने 470 अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया।

सबसे पहले लाइफ इंश्योरेंस
प्रीमियम रुक जाए.



फ़ायदे चलते रहें.
आकर्षक लाभों के साथ जीवन बीमा सुरक्षा
एलआईसी का जीवन लाभ
एक पार, नॉन-लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना
Plan No.: 736 UIN No.: 512N304V03

| पॉलिसी अवधि | प्रीमियम भुगतान अवधि |
|---|---|
| 16 | 10 |
| 21 | 15 |
| 25 | 16 |

• न्यूनतम मूल बीमा राशि : ₹200,000/-
• अधिकतम मूल बीमा राशि : कोई सीमा नहीं
• प्रवेश की न्यूनतम आयु : 8 वर्ष
• प्रवेश की अधिकतम आयु : पॉलिसी अवधि 25/21/16 वर्ष के लिए 50/54/59 वर्ष
अधिक जानकारी के लिए, अपने एजेंट/निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें।
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512
"प्रोडक्ट के अंतर्गत दर्शाए गए बोनसों के जोखिम घटकों की कोई गारंटी नहीं है. पिछली कार्यकुशलता भावी बोनसों के बारे में किसी संकेत की रचना नहीं करती है तथा ये प्रोडक्ट्स बीमा कंपनी की निवेशों, व्ययों के प्रबंधन, मर्त्यता तथा कालातीत होने के रूप में समग्र कार्यकुशलता के अधीन है."
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/P1/2024-25/52/Hin
धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### विद्यालय से पंखा,कम्प्यूटर सेट समेत अन्य सामाग्री की चोरी

**कौआकोल।** प्रखण्ड के उत्क्रमित विद्यालय पाली से अज्ञात चोरों ने विद्यालय के दो कमरे से पंखा,कम्प्यूटर सेट समेत अन्य आवश्यक सामग्रियों की चोरी कर लिया। इस सम्बंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार ने कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस से उचित कार्रवाई करते हुए सामान बरामदगी की गुहार लगाई है। थाना में दिए आवेदन में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा है कि 23 मार्च को विद्यालय खुलने के बाद विद्यालय के सफाई कर्मी एवं वरीय शिक्षक अनीता राय द्वारा बताया गया कि विद्यालय के कार्यालय समेत दो कमरे का ताला टूटा हुआ है। जिसके बाद 112 पुलिस की मौजूदगी में विद्यालय के कमरे का अवलोकन करने के बाद दोनों कमरों से 08 पंखा,01 प्रोजेक्टर,01 CPU,01 UPS, 01 माउस, 01 किबोर्ड, 02 रिमोट, 03 स्पीकर एवं तार गायब पाया गया। जिसके बाद कौआकोल थाना में इसकी सूचना दी गई।

### मुख्यमंत्री श्रम शक्ति योजना अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण हेतु जिला चयन समिति की बैठक का आयोजन

**नवादा।** मुख्यमंत्री श्रम शक्ति योजना के अंतर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के अभ्यर्थियों को रोजगारोन्मुख कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला चयन समिति, नवादा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में अल्पसंख्यक समुदाय के कुल 59 अभ्यर्थियों को विभिन्न ट्रेडों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने पर विचार-विमर्श किया गया तथा प्रशिक्षण प्रक्रिया को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, परियोजना प्रबंधक, प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसी GS Techno Innovation Pvt. Ltd. के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित सदस्य उपस्थित रहे।

### जनगणना-2027 के प्रथम चरण हेतु फील्ड प्रगणकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवादा।** जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश के निर्देशानुसार डीआरडीए सभागार, नवादा में जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) से संबंधित फील्ड प्रगणकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विधिवत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर समाहर्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में डॉ. तिवारी ने जनगणना कार्य की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि जनगणना देश की विकासात्मक योजनाओं, संसाधनों के समुचित वितरण तथा नीतिगत निर्णयों का आधार होती है। उन्होंने सभी प्रगणकों को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी का समुचित उपयोग करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है, जिसमें सूचनाओं की शुद्धता एवं विश्वसनीयता सर्वोपरि है। अतः प्रत्येक प्रगणक को फील्ड में कार्य करते समय सावधानीपूर्वक सभी विवरणों का संकलन करना चाहिए तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करना चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रगणकों को मकान सूचीकरण, प्रपत्रों के सही संधारण, आंकड़ों के सटीक संकलन, मोबाइल/डिजिटल माध्यमों के उपयोग एवं अन्य तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 23 मार्च 2026 से 28 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनगणना कार्य से जुड़े सभी संबंधित कर्मियों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर संबंधित विभागों के पदाधिकारी, प्रशिक्षकगण एवं फील्ड प्रगणक उपस्थित थे।

### 25 मार्च 2026 को एकदिवसीय रोजगार कैम्प का होगा आयोजन

**नवादा।** जिला नियोजन पदाधिकारी, नवादा श्री सुनील कुमार सुमन ने बताया कि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निर्देशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक 25.03.2026 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आईटीआई) नवादा के प्रांगण में ईकार्ट (इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्रा. लि.), नवादा द्वारा डिलीवरी बॉय के 25 रिक्त पद अधिसूचित किए गए हैं। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 15,000 वेतन के साथ इंश्योरेंस की सुविधा प्रदान की जाएगी। आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित है। कार्यस्थल नवादा, रजौली एवं हिसुआ रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आईटीआई), नवादा के प्रांगण में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक आयोजित होगा। जो अभ्यर्थी एनसीएस पोर्टल पर निबंधित हैं, वही अभ्यर्थी रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो अभ्यर्थी निबंधित नहीं हैं, वे एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन स्वयं या जिला नियोजनालय, नवादा में कराकर भाग ले सकते हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः नियोजन की शर्तों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। जिला नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में रहेगा।

### इंटर परीक्षा में प्रखण्ड क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया

**केसरिया, पू.च।** इंटर विज्ञान एवं कला संकाय के घोषित परीक्षा परिणाम में क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर परचम लहराया है। विभिन्न विद्यालयों एवं गांवों के विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कुशहर निवासी त्रिभुवन तिवारी की पुत्री अंकू कुमारी ने आट्र्स संकाय में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षक आर कुमार को दिया है। वहीं केसरिया निवासी धर्मेंद्र सिंह की पुत्री रिचा सिन्हा ने विज्ञान संकाय में 431 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। लोहरगांवा निवासी सीपी कुशवाहा की पुत्री सलोनी कुमारी ने विज्ञान में 369 अंक प्राप्त किए, जबकि केसरिया निवासी राकेश कुमार रत्न की पुत्री रूची राज ने विज्ञान में 65 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इसके अलावा शहीद भगत सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा यासीन खातून ने 430 अंक, कुमारी मधु ने 390 अंक प्राप्त किए हैं। वहीं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढेकहाँ मठ की सोनाली कुमारी ने 401 अंक तथा सरगम कुमारी ने 395 अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। छात्र-छात्राओं की इस सफलता से अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी का माहौल है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### इंज्युरी रिपोर्ट मामले में डॉक्टर सहित अन्य पर प्राथमिकी दर्ज

**केसरिया, पू.च।** जख्मी व्यक्ति का दो अलग-अलग इंज्युरी रिपोर्ट तैयार करने के मामले में सीएचसी केसरिया के तत्कालीन चिकित्सक डॉ. दशरथ ठाकुर, मां वैष्णव जांच घर के संचालक दीपेंद्र कुमार, प्रमुख पति नाज अहमद खान सहित करीब आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध केसरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस प्रकरण में तत्कालीन थानाध्यक्ष सुनील कुमार की भूमिका की भी जांच की जा रही है। चुकी दूसरा ओडी स्लिप थानाध्यक्ष द्वारा काट कर अस्पताल को भेजा गया था। एफआईआर बैरिया निवासी इमरान के आवेदन पर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार, नवंबर 2023 में हुए एक विवाद में बैरिया निवासी सरफराज अहमद खान घायल हो गए थे। इस मामले में सरफराज के पिता ने मुखिया मोहिबुल्लाह उर्फ मुन्ना, इमरान समेत 16 लोगों को आरोपित किया था। बाद में आरोपी इमरान ने सरफराज के दो अलग-अलग इंज्युरी रिपोर्ट तैयार किए जाने का आरोप लगाते हुए सिविल सर्जन को आवेदन देकर जांच की मांग की। जांच के दौरान सामने आया कि एक ही डॉक्टर ने दो अलग अलग इंजरी लिखा था। पहला इंज्युरी रिपोर्ट साधारण चोट का था, जबकि दूसरा रिपोर्ट 'ग्रिवियस एंड डेंजरस टू लाइफ' दर्शाया गया था। आरोप है कि चिकित्सक पर दबाव बनाकर दूसरा गंभीर रिपोर्ट तैयार कराया गया। जांच टीम के समक्ष चिकित्सक द्वारा इस बात को लिखित रूप में स्वीकार किया गया। वहीं मां वैष्णव जांच घर के संचालक दीपेंद्र कुमार पर जख्मी के गलत एक्स-रे प्लेट उपलब्ध कराने में भूमिका होने का आरोप लगाया गया है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि इमरान के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।इस मामले की जांच की जा रही है।

# रजौली में झुंड से बिछड़े गजराज ने मचाया कोहराम, सुरक्षा में जुटे वनकर्मी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र में बीते तीन दिनों से एक हाथी के झुंड से बिछड़कर शहरी क्षेत्र में प्रवेश की सूचना पर वन विभाग सक्रिय दिखाई दे रहा है। बीते रविवार की रात्रि हाथी हरदिया क्षेत्र में विचरण करते हुए महसई मोहल्ला में देर रात्रि प्रवेश किया एवं नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 12 निवासी मो. सहीम मियां एवं रंजन कुमार का दरवाजा तोड़ दिया गया।

साथ ही डस्टबिन को गिराते हुए घनी आबादी वाले क्षेत्रों में कई जगह पांव के निशान छोड़ गया है। वहीं बृजनंदन गिरी के लोहे के दरवाजे को धांस दिया गया है एक बाउंड्री वाल को गिराने का प्रयास किया गया है। हरदिया मोड़ निवासी कृष्णा साव ने बताया कि उनके किराना दुकान का दरवाजा तोड़ दिया था,जिस उन्हें लगभग 30 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं हाथी द्वारा हरदिया



घर का टूटा हुआ दरवाजा

सेक्टर-बी निवासी नन्दलाल साव के खेत में लगे लहसुन के फसल को नष्ट किया गया है। हाथी के रजौली क्षेत्र में देखे जाने से लोगों में भय व्याप्त है,क्योंकि बीते कुछ महीनों पूर्व ही हाथियों का एक झुंड बड़ी तबाही मचाकर वापस झारखंड क्षेत्र की लौटा है। हालांकि वन विभाग द्वारा हाथी को लेकर सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान हाथी को आग और विशेष प्रकार की आवाजें निकालकर आबादी वाले क्षेत्रों से दूर भगाने का प्रयास वन विभाग द्वारा जारी है।

इस संबंध में रेंजर नारायण लाल सेवक ने बताया कि हाथी के आगमन की सूचना पर वन विभाग अलर्ट मोड में है। बीते रविवार की रात्रि को हाथी हरदिया क्षेत्र में देखा गया था,उसके बाद उसका कोई लोकेशन नहीं मिला है। वन विभाग आमलोगों को सचेत कर रहा है एवं अग्रतर कार्रवाई में जुटा हुआ है। वहीं इस संबंध में डीएफओ नवादा श्रेष्ठ कुमार कृष्ण ने बताया कि एक हाथी के रजौली क्षेत्र में आने की सूचना थी। वन कर्मियों द्वारा हाथी को सघन क्षेत्रों से दूर भगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## श्रेया सिंह ने भी इंटर में लहराया परचम, 412 अंक लाकर जिले को किया गौरवान्वित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नवादाः** बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में नवादा के छात्र-छात्राओं का जलवा कायम है। इसी कड़ी में नवादा के प्रमुख भाजपा नेता व समाजसेवी मनोज सिंह चंद्रवंशी एवं बबीता देवी की पुत्री श्रेया सिंह ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 412 अंक प्राप्त कर अपनी मेधा का परिचय दिया है। श्रेया की इस सफलता से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरे जिले में उनकी सराहना हो रही है। श्रेया सिंह ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और अपने शिक्षकों के कठिन परिश्रम को दिया है। श्रेया ने बताया कि वह भविष्य में देश की सेवा करना चाहती हैं और इस दिशा में यह सफलता उनका पहला कदम है। बता दें कि मैट्रिक परीक्षा में भी उनका बेहतर परिणाम आया था।

श्रेया की इस उपलब्धि पर उनके पिता मनोज सिंह एवं माता बबीता चंद्रवंशी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। श्रेया ने मेहनत और लगन से अपनी पहचान बनाई है और मुझे गर्व है कि उसने हमारे परिवार और नवादा जिले का मान बढ़ाया है। भाजपा नेता की पुत्री की इस सफलता पर जिले के कई गणमान्य व्यक्तियों, पार्टी कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों ने हर्ष व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि श्रेया जैसी बेटियां समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मेहनत से नए आयाम स्थापित कर रही हैं।

## रजौली के लाल अंकित ने विज्ञान में लहराया परचम

# जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर डॉक्टर बनने की जताई इच्छा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली नगर पंचायत के सोनार पट्टी रोड स्थित महेश प्रसाद वर्मा और प्रियंका कुमारी के बेटे अंकित वर्मा ने आयोजित इंटरमीडिएट की परीक्षा में विज्ञान संकाय में नवादा जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता समेत आसपास के प्रियजनों और परिजनों में खुशी का माहौल है। अंकित की सफलता की खबर सुनते ही उनके घर में बधाईयों का तांता लग गया। माता-पिता समेत आसपास के लोग अंकित को मिठाई खिलाकर खुशियां मना रहे हैं। अंकित ने अपनी पढ़ाई रजौली इंटर कॉलेज, रजौली से की है और उसने इंटरमीडिएट की परीक्षा में भौतिकी शास्त्र व रसायन शास्त्र में 99-99 अंक, जीवविज्ञान में 97, हिंदी में 96 व अंग्रेजी में 83 अंक प्राप्त किए हैं। इस प्रकार उसे 500 अंकों की परीक्षा में 474 अंक प्राप्त हुआ है। अंकित ने बताया कि वे आगे नीट की तैयारी करेंगे और एक सफल डॉक्टर बनेंगे। उसने कहा कि उसकी सफलता के पीछे उसके माता-पिता एवं गुरुजनों



टॉपर बेटे को मिठाई खिलाते माता-पिता

का अहम योगदान है। अंकित के माता-पिता ने कहा कि हमारा बेटा जिस क्षेत्र में आगे पढ़ाई करके बढ़ना चाहेगा, उसमें हमारा भरपूर सहयोग मिलेगा। अंकित की सफलता से उसके परिवार और समुदाय में खुशी का माहौल है। लोग उसे बधाई दे रहे हैं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। अंकित की इस उपलब्धि से रजौली का नाम भी रोशन हुआ है और यह क्षेत्र के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है।

## उत्कृष्ट कार्य हेतु जिला पदाधिकारी नवादा द्वारा सम्मानित प्रधानाध्यापक राजेश कुमार का रजौली पहुंचने पर भव्य अभिनंदन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** बिहार दिवस 2026 के शुभ अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा सम्मानित होकर लौटे उत्क्रमित मध्य विद्यालय निमाटांड़ के प्रधानाध्यापक सह संगठन के राज्य परिषद सदस्य राजेश कुमार का रजौली में बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।स्थानीय स्तर पर आयोजित इस सम्मान समारोह में प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार एवं प्रखंड सचिव संतोष कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों ने उन्हें अंगवस्त्र, फूलों का गुलदस्ता और माला पहनाकर सम्मानित करते हुए उनकी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान वक्ताओं ने राजेश कुमार को एक समर्पित शिक्षक बताते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के




अभिनंदन के मौके पर प्रधानाध्यापक के साथ-साथ संघ के पदाधिकारी व अन्य

बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में एक सकारात्मक शैक्षणिक माहौल तैयार किया है, जिससे पूरे रजौली प्रखंड का मान बढ़ा है। गौरव के इस क्षण पर प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार, प्रखंड सचिव संतोष कुमार, बीरेंद्र पासवान, उपेंद्र कुमार, मो. इन्तेखाव अली, जिला कोषाध्यक्ष मो. मिन्हाज अंसारी, जिला संयुक्त सचिव वीरेंद्र वीर, अनुज कुमार तथा प्राचार्य ओमप्रकाश लाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# बिहार दिवस समारोह के अवसर पर स्कूली छात्र- छात्राओं ने की साँस्कृतिक प्रस्तुति

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मोतिहारी।** बिहार दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के तत्त्वावधान मे रविवार को शहर के महात्मा गॉधी ऑडिटोरियम मे रंगारंग सांस्कृतिक समारोह का आयोजन हुआ। जिले के विभिन्न सरकारी विधालय के प्रतिभावान छात्र-छात्रो एवं जिले के नामवर कलाकारो ने आकर्षक, मनोहारी व नयनाभिराम गीत- नृत्य से अद्भुत छटा बिखेर दी।इस अवसर पर एम. जे. के. गर्ल्स इंटर कॉलेज, प्रभावती गुप्ता गर्ल्स इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय मेहसी, पताही एवं कोटवा तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय, बरियारपुर व , सिहुलिया ( रामगढ़वा) एवं तिरहुत उच्च माध्यमिक विद्यालय, मेहसी के छात्र- छात्राओ ने बिहार गौरव गान, गुरु- वंदना, देशभक्ति, पारंपरिक लोक गीत तथा छठ महापर्व से जुड़े गीतो पर भावपूर्ण समूह नृत्य प्रस्तुत कर समारोह को सार्थक बना डाला। खूबसूरत परिधान व रुप सज्जा के साथ बेहतरीन कोरियोग्राफरो द्वारा तैयार समूह नृत्य मे स्कूली बच्चो ने अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया।तत्पश्चात जिले के नामचीन कलाकारो के नृत्य व गायन की बेजोड़ प्रस्तुतियॉ हुईं। कथक नर्तक रामभजू निराला के प्रतिभावान शिष्य उभरते कथक नर्तक सौरभ कुमार ने अपने बेजोड़ प्रदर्शन से समस्त दर्शक- श्रोताओ को




अचंभित कर दिया। सौरभ ने अपने नृत्य का आगाज उठान, ठाट और सलामी से किया। फिर अपने सधे हुए भावभंगिमाओ से आमद, गतें तथा अंत मे तत्कार पर तबले एवं घुँघरू के साथ उन्होंने जुगलबंदी की। तबले पर उनके साथ रविशंकर पाठक ने शानदार संगति की। हारमोनियम पर गुरु रामभजू निराला ने लहरे पर साथ दिया। फिर, राष्ट्रीय युवा उत्सव मे तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके बनारस घराने के प्रसिद्ध गायक विवेक शिरोमणी ने शास्त्रीय राग 'मारु विहाग' पेश किया। मध्य लय तीन ताल मे निबद्ध इस राग की प्रस्तुति के दौरान उनकी साधना स्पष्ट परिलक्षित हो रही थी। तबले पर युवा तबलावादक अनुराग मिश्र ने बेहद सधे अंदाज मे उनके साथ संगत की। तत्त्वावधान दिल्ली मे संगीत का प्रशिक्षण ले रहीं चंपारण की युवा कलाकार अदिति झा के गायन की प्रस्तुति हुई। अदिति ने अपने सुरीली आवाज मे गजलें एवं लोकगीत प्रस्तुत कर महौल को सुरमई बना डाला। इसके बाद राज्य स्तरीय गायक संजय उपाध्याय ने अपनी सधी आवाज मे गज़ल और लोकगीत गाकर दर्शको की भरपूर तालियॉ बटोरी। अंत मे बिहार स्तरीय युवा उत्सव मे तृतीय स्थान प्राप्त कर चुके बेहतरीन गायक मुकेश कुमार द्विवेदी ने गजल व सूफियाना अंदाज मे कई गीत सुनाकर सांगीतिक शाम को नयी ऊँचाइयों तक पहुँचा दिया।जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने साँस्कृतिक कार्यक्रम मे भाग लेने वाले स्कूली छात्र- छात्राओ को मेमेंटो एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।साँस्कृतिक कार्यक्रम की स्क्रीनिंग एवं संयोजन के लिए वरीय संस्कृतिकर्मी संजय कुमार पाण्डेय एवं अभय अनंत को अंगवस्त्रम् व मेमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।समारोह का सफल संचालन एम एस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार एवं बिनोद तिवारी ने संयुक्त रुप से किया।मौके पर जिला सामान्य प्रशाखा पदादिकारी निधि कुमारी, वरीय उपसमाहर्ता प्रेमलता कुमारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी फहद सिद्दीकी, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरि, डीपीओ प्रह्लाद प्रसाद गुप्ता आदि मौजूद थे।कार्यक्रम की सफलता मे समग्र शिक्षा के मीड़िया प्रभारी शकील अहमद एवं कला, संस्कृति विभाग के अनुराग कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

## कौआकोल की बेटी सपना ने फिर लहराया परचमः इंटर परीक्षा में पूरे बिहार में आई सेकंड टॉपर



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती और न ही गरीबी सफलता के आड़े आती है। इसे एक बार फिर सच कर दिखाया है नवादा जिले के कौआकोल प्रखंड अंतर्गत नावाडीह गांव की बेटी सपना कुमारी ने। इंटरमीडिएट की परीक्षा में सपना ने 479 अंक प्राप्त कर पूरे बिहार में दूसरा स्थान प्राप्त कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। सपना की यह सफलता कोई इत्तेफाक नहीं है। इससे पूर्व मैट्रिक की परीक्षा में भी उन्होंने 483 अंक लाकर पूरे राज्य में छठा स्थान प्राप्त किया था। अपनी निरंतर मेहनत के दम पर उन्होंने इस बार अपनी रैंकिंग में और सुधार करते हुए प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। सपना एक साधारण परिवार से आती हैं। उनके पिता सुधीर चौरसिया गांव में ही एक छोटी सी परचून (किराने) की दुकान चलाते हैं,जबकि माता संजूला देवी गृहणी हैं। संसाधनों की कमी के बावजूद सपना ने कभी हिम्मत नहीं हारी और उच्च माध्यमिक विद्यालय,नावाडीह से अपनी पढ़ाई जारी रखी।

सपना का सपना बचपन से ही डॉक्टर बनने का है। वह अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों के मार्गदर्शन को देती हैं। उनके बड़े भाई गौतम वर्तमान में भारतीय नौसेना में देश की सेवा कर रहे हैं,जो उनके लिए हमेशा प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। सपना की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर नावाडीह गांव सहित पूरे कौआकोल प्रखंड में जश्न का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों,शिक्षकों और ग्रामीणों ने सपना के घर पहुँचकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है और उन्हें बधाई दी है।

# पी0 एचडी0 उपाधि की मौखिकी संपन्न

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मोतीहारी।** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के शोधार्थी विनीत कुमार की पी० एचडी० उपाधि की मौखिकी संपन्न हुई। विनीत ने राजनीति विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ० सरिता तिवारी के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। इनके शोध का विषय "द इमरजेंस, स्टेगनेशन एंड एसेंडेंस ऑफ बी० जे० पी० इन स्टेट पॉलिटिक्स ऑफ बिहार 1998-2020" है, जिसमें इन्होंने इस अवधि में भारतीय जनता पार्टी के बिहार की राजनीति में उदय, शिथिलता एवं अवरोहण पर विस्तृत प्रस्तुति दी। विनीत ने विभिन्न राजनीतिक गठबंधन के सिद्धांतों के द्वारा बताया कि बिहार के राजनीति कैसे एकल दल प्रणाली से एक बहु दलीय गठबंधन व्यवस्था में परिवर्तित हुई। बिहार के मतदाताओं के राजनीतिक व्यवहार में सामाजिक पहचान से अधिक विकास के कार्यों



का प्रभाव देखने को मिला। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में कैसे भारतीय जनता पार्टी एक छोटे भाई की भूमिका के बाद धीरे-धीरे सबसे बड़ी एवं प्रमुख पार्टी बन के उभरती गई। शोध निर्देशक डॉ० सरिता तिवारी ने कहा कि इस प्रकार के शोध राजनीतिक प्रणाली को समझने और विश्लेषण करने के लिऐ अत्यंत उपयोगी है। बिहार की राजनीति पर केंद्रित यह शोध राजनीतिक व्यवस्था, मतदाताओं के व्यवहार, चुनावों पर समाज का प्रभाव जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषय को रेखांकित करता है।इस पी० एचडी० मौखिकी में बाह्य विषय विशेषज्ञ के रूप में काशी हिंदू विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सोनाली सिंह, एम० जी० सी० यू० के समाज विज्ञान संकाय के पूर्व संकायाध्यक्ष प्रोफेसर सुनील महावर, राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नरेंद्र कुमार आर्य, गांधी एवं शांति अध्ययन के डॉ जुगल किशोर दाधीच, हिंदी विभाग के डॉ अंजनी श्रीवास्तव, संस्कृत विभाग के प्रोफेसर श्याम कुमार झा, राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर पंकज कुमार सिंह, डॉ ओम प्रकाश गुप्ता, डॉ नरेंद्र सिंह, डॉ प्रेरणा भादुली के साथ विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं शोधार्थीयों की उपस्थिति रही।

# लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन खरना सम्पन्न, आज पड़ेगी पहली अर्घ्य

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली मुख्यालय समेत प्रखंड क्षेत्र में लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय चैती महाछठ को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। रविवार को नहाय-खाय के साथ पर्व की शुरुआत हुई, वहीं दूसरे दिन सोमवार को लोहंडा (खरना) के अवसर पर छठव्रती पूरे विधि-विधान से प्रसाद तैयार करते नजर आए। घरों और घाटों पर साफ-सफाई के बीच गुड़-चावल की खीर और रोटी बनाकर भगवान सूर्य को अर्पित करने की तैयारी की गई। इस दौरान छठव्रती महिलाएं पारंपरिक छठ गीत गाते हुए वातावरण को भक्तिमय बना रही हैं। "केलवा जो फरलय घवद से..." जैसे लोकगीतों की मधुर ध्वनि से पूरा इलाका गूंज उठा। श्रद्धालु व्रत के नियमों का पालन करते हुए 36 घंटे के निर्जला उपवास की तैयारी में जुटे हैं। छठ व्रती मंगलवार को डूबते सूर्य, तो बुधवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत की समाप्ति करेंगी। वहीं नगर पंचायत प्रशासन भी घाटों की सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क नजर आ रहा है, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कर सकें। इस बार छठ व्रतियों के लिए रजौली नगर पंचायत द्वारा नीचे बाजार स्थित राज शिवालय मंदिर एवं पुरानी बस स्टैंड समेत



खरना का प्रसाद बनाती छठ व्रती

कुल 8 छठ घाटों का निर्माण किया गया है। साथ ही छठ व्रतियों को कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम एवं पर्याप्त मात्रा में लाइट की व्यवस्था की गई है। वहीं बाजार क्षेत्र को भी समाजसेवियों ने रंग-बिरंगे लाइट से पाट दिया है। छठ घाटों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा में गूंजी नालंदा के कुम्हारों की आवाज
## सांसद कौशलेंद्र कुमार ने की माटी कला बोर्ड और अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग




**नालन्दा।** नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान बिहार के कुम्हार (प्रजापति) समाज की बदहाली का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से उन्हें विकास की मुख्यधारा में लाने की पुरजोर मांग की। सांसद ने सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बिहार में कुम्हार जाति की स्थिति आज दलितों और महादलितों से भी बदतर हो चुकी है, इसलिए इन्हें अविलंब अनुसूचित जाति (SC) की श्रेणी में शामिल किया जाना चाहिए और राज्य में 'माटी कला बोर्ड' का गठन होना चाहिए। सदन को संबोधित करते हुए सांसद कौशलेंद्र कुमार ने ऐतिहासिक तथ्यों का हवाला देते हुए बताया कि 1950 के भारत सरकार के आदेश में कुम्हार जाति शिल्पकला की उपजाति के रूप में शामिल थी। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के गठन के समय इस समाज का कोई जनप्रतिनिधि न होने के कारण इन्हें आरक्षण की सूची से बाहर रखा गया, जिसका खामियाजा यह समाज आज तक भुगत रहा है। उन्होंने बताया कि अनुग्रह नारायण सामाजिक शोध संस्थान द्वारा समाज की एथनोग्राफी रिपोर्ट पहले ही बिहार सरकार को सौंपी जा चुकी है, जो इनकी दयनीय स्थिति की पुष्टि करती है। सांसद ने कुम्हारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज भी गांवों में इस समाज के 90 प्रतिशत लोग अशिक्षित हैं। उनकी रोजी-रोटी का मुख्य जरिया मिट्टी के बर्तन बनाना है, लेकिन न तो उन्हें मिट्टी उठाने की बंदोबस्ती मिल रही है और न ही जलावन या बालू उठाव की सुविधा। इन तकनीकी बाधाओं के कारण कुम्हार समाज भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। कौशलेंद्र कुमार ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह बिहार सरकार से समन्वय स्थापित कर कुम्हारों को अनुसूचित जाति में शामिल करने पर विचार करे। साथ ही, उन्होंने अन्य राज्यों की तर्ज पर बिहार में भी 'माटी कला बोर्ड' के गठन के लिए केंद्र से सहयोग और अनुमति प्रदान करने की मांग की, ताकि लुप्त हो रही इस कला को बचाया जा सके और प्रजापति समाज को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल सके।

### छात्राओं को मिली स्वच्छता किट, स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश

**मेहसी।** सर्वोदय +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय, जाहिंगरा पिपरा में छात्राओं के बीच स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वच्छता किट का वितरण किया गया। यह किट बिहार शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा उपलब्ध कराई गई थी।कार्यक्रम के तहत सखी-सहेली सहायता डेस्क की नोडल शिक्षिकाएं रेणु कुमारी, शोभा कुमारी, मीरा कुमारी एवं नीतू कुमारी ने छात्राओं के बीच किट का वितरण किया। इस पहल का उद्देश्य किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़ी समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान तथा शारीरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है।इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं को यह किट प्रदान की गई है, ताकि वे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचते हुए नियमित रूप से अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य शिक्षा छात्राओं के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।वरीय शिक्षक धनंजय कुमार रवि ने भी छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम में चंदन चौधरी, अब्दुल समद, राजकिशोर, शकील अहमद अंसारी एवं कुंदन कुमार सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन, 300 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**मोतिहारी।** उन्नत बिहार उज्ज्वल बिहार कार्यक्रम के तहत बिहार शिक्षा परियोजना एवं शिक्षा विभाग द्वारा गांधी मैदान में एक दिवसीय कबड्डी एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन खेल विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें लगभग 300 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।बिहार दिवस के अवसर पर पिछले तीन दिनों से जिले में पेंटिंग, वाद-विवाद, रंगोली, निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया जा रहा था। इन प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन गांधी मैदान में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। खिलाड़ियों के उत्साह और खेल भावना ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। पूरे कार्यक्रम को जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन गिरी की देख रेख में संपन्न हुआ।उद्घाटन प्रह्लाद गुप्ता (जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान) शुभम कुमार (जिला खेल पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण) एवं रंजीत कुमार (प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, सुगौली) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस अवसर पर शकील अहमद (VSS मीडिया प्रभारी), अरविंद कुमार, सुनिल कुमार, शैलेन्द्र मिश्र बाबा, अमित कश्यप, भानु प्रकाश एवं रश्मि कुमार सर्वोत्तम कुमार, अनिवेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के सफल आयोजन से छात्रों में खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के प्रति उत्साह बढ़ा है तथा उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहन मिला है।

### कपड़ा व्यवसायी के असमयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर



**कोटवा।** कोटवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अहिरौलिया पंचायत वार्ड नंबर 7 निवासी जाने-माने थोक कपड़ा व्यवसायी 70 वर्षीय लालबाबू प्रसाद साह के असमयिक निधन से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन की खबर मिलते ही बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में सन्नाटा पसर गया। लोग इस दुखद समाचार से स्तब्ध हैं और उनके घर पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है। बताया जाता है कि वे कोटवा कमल मार्केट स्थित अपने प्रतिष्ठान पर बैठे थे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी।इलाज के लिए उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां स्थिति नाजुक देख डॉक्टर रेफर कर दिया।मोतिहारी ले जाते समय वे रास्ते में ही दम तोड़ दिए।वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।वे लंबे समय से कपड़े के व्यापार से जुड़े हुए थे और अपने सरल स्वभाव तथा मिलनसार व्यक्तित्व के कारण समाज में एक अलग पहचान रखते थे। वे न केवल एक सफल व्यवसायी थे, बल्कि सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनके निधन से व्यापारिक जगत के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र को भी अपूरणीय क्षति हुई है।स्थानीय व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है तथा शोक संतप्त परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की है। उनके असामयिक निधन पर स्थानीय मुखिया पति संजय कुमार साह,पूर्व मुखिया सजावल राम,भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष अमित कुमार,भाजपा नेता राजेश्वर प्रसाद यादव,समाजसेवी कमलेश यादव,पूर्व मुखिया राम तपस्या ठाकुर,पूर्व वार्ड सदस्य राम चंद्र राम,पंचायत समिति सदस्य शिवपूजन राम,सेवा निवृत पंचायत सचिव राजवंशी साह,शशिभूषण दुबे,उमेश दुबे, युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार यादव,मनीष कुमार यादव ,लालबाबू प्रसाद कुशवाहा, कृष्णा बैठा ,प्रखंड उप प्रमुख पति रविंद्र यादव आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## इमामगंज के छकरबंधा में बाल संरक्षण पर बड़ी पहल:
# पंचायत स्तरीय बैठक में बाल विवाह और दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता, प्रशासन सख्त

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



बैठक में शामिल बीडीओ संजय कुमार व अन्य लोग



इमामगंज। प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत छकरबंधा के किशुनीचक गांव में पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। इस अहम बैठक में बाल संरक्षण, बाल विवाह उन्मूलन और दहेज प्रथा पर रोकथाम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई, जिससे पूरे क्षेत्र में जागरूकता का माहौल बना। वहीं बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने की, जबकि इसका संचालन एवं नेतृत्व पंचायत अध्यक्ष सह मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद द्वारा किया गया। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों, समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ संजय कुमार ने कहा कि बाल संरक्षण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी कुप्रथाएं समाज को अंदर से कमजोर करती हैं और बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बना देती हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी बाल विवाह या बच्चों के साथ किसी प्रकार का शोषण होता दिखे, तो तुरंत इसकी सूचना प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा बच्चों की सुरक्षा और उनके विकास के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें और उन्हें बेहतर वातावरण प्रदान करें, ताकि वे समाज के जिम्मेदार नागरिक बन सकें। वहीं मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा कि पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर ही बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी बुराइयों को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब तकच समाज के लोग खुद आगे नहीं आएंगे, तब तक इन कुप्रथाओं पर पूरी तरह रोक लगाना संभव नहीं है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं और अपने बच्चों को सुरक्षित एवं बेहतर भविष्य देने में सहयोग करें। बैठक के दौरान लोगों को बाल संरक्षण, बाल विवाह उन्मूलन, दहेज प्रथा के दुष्परिणाम और रोकथाम के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने समाज में जागरूकता फैलाने और इन कुप्रथाओं को समाप्त करने का संकल्प लिया। इस मौके पर मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद, उप मुखिया पप्पू सिंह, सरोज कुमार सिंह, वार्ड सदस्य राहुल कुमार, वार्ड सदस्य मीरा देवी, जीविका दीदी सपना देवी, संगीता देवी, उर्मिला देवी, टोला सेवक चौधरी भारती, आंगनबाड़ी सेविका ललिता देवी, शिक्षक रविरंजन कुमार, अनुज कुमार कपिल पासवान सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# रामनवमी को लेकर प्रशासन अलर्ट: इमामगंज में रूट चार्ट सत्यापन





छठ घाट का निरीक्षण करते अधिकारियों व अन्य

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**इमामगंज।** रामनवमी पर्व को लेकर इमामगंज प्रखंड प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। इसी क्रम में प्रखंड बीडीओ संजय कुमार एवं थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने संयुक्त रूप से रामनवमी जुलूस के रूट चार्ट का सत्यापन किया तथा विधि-व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस दौरान रामनवमी जुलूस समिति के सदस्यों को विशेष निर्देश देते हुए कहा गया कि जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाए और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जाए, ताकि पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

इसके साथ ही बीडीओ संजय कुमार एवं थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने रानीगंज स्थित मोरहर नदी छठ घाट का भी दौरा किया। चैती छठ पर्व को लेकर घाट की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों ने साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इससे पूर्व इमामगंज थाना परिसर में बीडीओ संजय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सभी को आपसी भाईचारा बनाए रखने और पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई। साथ ही प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने पर जोर दिया गया। इस संबंध में प्रखंड बीडीओ संजय कुमार ने कहा कि रामनवमी और चैती छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्वों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग है। सभी व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। हमारा उद्देश्य है कि सभी पर्व शांति, सौहार्द और सुरक्षा के साथ संपन्न हों। इसके लिए आम लोगों का सहयोग बेहद जरूरी है। इस दौरान बीडीओ संजय कुमार, थाना अध्यक्ष अमित कुमार, मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद, अंशु कुमार, पंकज गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## गयाजी में मानव तस्करी, बाल संरक्षण पर प्रशिक्षण शिविर



♦ संवेदनशील मामलों की प्रक्रिया बताई, कहा- बाल अपराध गंभीर चुनौती



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गया पुलिस केंद्र के ऑडिटोरियम में सोमवार को नगर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर SIPU, CWPO और मानव तस्करी विरोधी इकाई से संबंधित था। इसका मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों और संबंधित इकाइयों को मानव तस्करी निरोधक कानूनों, बाल संरक्षण से जुड़े प्रावधानों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति जागरूक और दक्ष बनाना था।

प्रशिक्षण शिविर में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग से संबंधित कानूनों और प्रक्रियाओं, जुवेनाइल जस्टिस (JJ) एक्ट और पॉक्सो (POCSO) एक्ट के विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को इन कानूनों के व्यावहारिक पहलुओं, केस हैंडलिंग, पीड़ितों के पुनर्वास और संवेदनशील मामलों में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मानव तस्करी और बाल अपराध समाज के लिए गंभीर चुनौतियां हैं। इनसे निपटने के लिए पुलिस बल का संवेदनशील, प्रशिक्षित और सजग होना आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिसकर्मियों की कार्यकुशलता बढ़ाते हैं और उन्हें कानूनों के सही और प्रभावी उपयोग के लिए सक्षम बनाते हैं।

पुलिस और सामाजिक संगठनों पर समन्वय मजबूर करने पर जोर: यातायात पुलिस उपाधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे। विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों (NGOs) के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और जमीनी स्तर पर आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। एनजीओ प्रतिनिधियों ने पीड़ितों को समय पर सहायता और न्याय के लिए पुलिस-सामाजिक संगठनों के बीच समन्वय मजबूत करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को केस स्टडी, समूह चर्चा और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया।

इससे उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने में सहायता मिली। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की नियमित आवश्यकता जताई। यह प्रशिक्षण शिविर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# नालंदा की साजिया अंसारी आर्ट्स स्ट्रीम में थर्ड टॉपर, बोलीं- टीचर बनने का सपना है

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नालन्दा।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (BSEB) ने इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का रिजल्ट जारी कर दिया है। 12वीं साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स, तीनों संकायों का परिणाम एक साथ जारी किया गया है। आर्ट्स और कॉमर्स में लड़कियों ने बाजी मारी है, जबकि साइंस में छात्र ने टॉप किया है। इस साल करीब 13 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा 1 फरवरी से 15 फरवरी 2026 के बीच ली गई थी। नालंदा के सुदूरवर्ती क्षेत्र करायपरसुराय की रहने वाली साजिया अंसारी ने आर्ट्स स्ट्रीम में पूरे राज्य में तीसरा रैंक हासिल किया है। शाजिया अंसारी को 477 नंबर प्राप्त हुए हैं। 95.40 फीसदी मार्क्स हासिल कर आर्ट्स विषय में बिहार में टॉप 3 के पायदान पर पहुंची हैं। प्रखंड के प्लस टू स्कूल करायपरसुराय में पढ़ती हैं।


**पिता कर्नाटक में काम करते हैं:** शाजिया की यह सफलता इसलिए भी विशेष है क्योंकि उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि काफी साधारण है। उनके पिता कर्नाटक में सिलाई कारीगर के तौर पर काम करते हैं, जबकि माता शहनाज बानो गृहणी हैं। घर की आर्थिक चुनौतियों के बावजूद शाजिया ने अपनी पढ़ाई को कभी प्रभावित नहीं होने दिया।

**टीचर बनने का सपना है:** अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए शाजिया ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही मध्य विद्यालय डियामा से हुई। कड़ी मेहनत के बल पर आज उन्होंने राज्य स्तर पर यह मुकाम हासिल किया है। पढ़ना और पढ़ाना बेहद पसंद है। आगे चलकर एक टीचर बनना चाहती हूं।

**जिले में खुशी की लहर:** शाजिया की इस उपलब्धि से पूरे प्रखंड और जिले में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने इसे गौरव का क्षण बताया है। शाजिया की यह छलांग उन हजारों छात्र-छात्राओं के लिए एक प्रेरणा है जो छोटे गांवों और सीमित संसाधनों के बीच बड़े सपने देखने का साहस रखते हैं। एग्जाम में जिले से कुल 44 हजार 352 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जिनमें 23 हजार 132 छात्र और 21 हजार 220 छात्राएं हैं। कुल 40 केंद्र बनाए गए थे। जिला मुख्यालय बिहारशरीफ में सर्वाधिक 31, राजगीर में 4 और हिलसा में 5 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा को लेकर व्यापक प्रबंध किए गए थे।

# सरकारी दफ्तरों में कामकाज के तरीके में बदलाव होगा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता






**नालन्दा।** नालंदा जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी ने जिले की कानून व्यवस्था, आगामी त्योहारों की तैयारी और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्तव्यों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अनुपस्थित पाए जाने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**आगामी पर्व-त्योहारों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए:** आगामी पर्व-त्योहारों जैसे चिरागा मेला, रामनवमी, चैती छठ और महावीर जयंती को देखते हुए जिलाधिकारी ने सुरक्षा और विधि व्यवस्था को चाक-चौबंद करने का आदेश दिया। उन्होंने भीड़ नियंत्रण, स्वच्छता, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही, जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक संवेदनशील और जवाबदेह बनाने के लिए बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' (Ease of Living) अभियान पर विशेष जोर दिया गया। इसके तहत अब प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आमजनों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन करना होगा। यदि मुख्य अधिकारी उपस्थित नहीं हैं, तो उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि जनसुनवाई करेंगे। कार्यालयों में आने वाले आगंतुकों के लिए पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिए गए हैं।

बैठक के दौरान कृषि और राजस्व विभाग को 'एग्री स्टैक' परियोजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री और जमाबंदी सत्यापन के कार्य को मिशन मोड में पूरा करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला जनता दरबार और भूमि विवाद से जुड़े लंबित मामलों के शत-प्रतिशत निष्पादन पर बल देते हुए कहा कि सभी प्रतिवेदन गूगल डॉक पर अपडेट किए जाएं। तकनीकी विभागों को निर्देश दिया गया कि वे पुल-पुलिया और सड़क निर्माण के लिए रैयतों से एनओसी प्राप्त कर कार्य की गुणवत्ता बनाए रखें। वहीं, सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लघु सिंचाई प्रमंडल को आहर और पईनों को अतिक्रमण मुक्त करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

**अस्पतालों में मशीनों को ठीक करने के निर्देश:** स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने डीपीएम को निर्देश दिया कि अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड, सिटी स्कैन और एक्स-रे जैसी मशीनें हर हाल में क्रियाशील रहें। पेयजल की समस्या को देखते हुए पीएचईडी विभाग को गर्मी के मौसम के लिए मोबाइल रिपेयरिंग व्हीकल और मैकेनिक की टीम तैयार रखने को कहा गया है ताकि नल-जल योजनाओं की शिकायतों का तुरंत समाधान हो सके। इसके अतिरिक्त, राशन कार्ड के लंबित मामलों का निपटारा, शराब विनष्टीकरण और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन एवं कबीर अंत्येष्टि अनुदान के लंबित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का सख्त निर्देश दिया गया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त सहित जिले के तमाम वरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## छठ पूजा का 'खरना' पर्व पूरे क्षेत्र में गहरी आस्था और भक्ति के साथ संपन्न हुआ

**काराकाट /रोहतास।** चैती छठ महापर्व के दूसरे दिन मनाया जाने वाला 'खरना' पर्व पूरे क्षेत्र में गहरी आस्था और भक्ति के साथ संपन्न हुआ । सोमवार को व्रतियों ने दिनभर कठोर निर्जला उपवास रखकर इस विशेष अनुष्ठान का पालन किया । सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक बिना अन्न-जल के रहकर व्रतियों ने अपने अटूट संकल्प और छठी मैया के प्रति समर्पण का परिचय दिया । संध्या होते ही व्रती नदियों,तालाबों और सरोवरों के घाटों पर पहुंचे,जहां उन्होंने पवित्र स्नान कर पूरी विधि-विधान से छठी मैया की पूजा-अर्चना की । इसके बाद घरों में पूरी स्वच्छता और शुद्धता के साथ खरना का प्रसाद तैयार किया गया । प्रसाद में मुख्य रूप से रोटी और जाउर बनाया गया,जिसे अत्यंत पवित्र तरीके से पकाया गया । खरना का प्रसाद पहले छठी मैया को अर्पित किया गया,फिर व्रतियों ने स्वयं ग्रहण किया और परिवार व आस-पड़ोस के लोगों में भी वितरित किया । यह प्रसाद केवल भोजन नहीं,बल्कि आस्था और श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है । खरना के साथ ही व्रती 36 घंटे के कठिन निर्जला व्रत में प्रवेश कर गए,जो छठ महापर्व का सबसे कठिन और महत्वपूर्ण चरण होता है । इस अवसर पर व्रतियों ने चंद्रमा को नमन कर अपने परिवार,समाज, राज्य और देश की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की । गांव से लेकर शहर तक हर जगह भक्ति का माहौल देखने को मिला । छठी मैया के गीतों और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा ।

खरना के बाद अब व्रती अगले चरण की ओर बढ़ चुके हैं,जहां मंगलवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जाएगा और बुधवार को उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देकर इस महापर्व का समापन होगा । खरना न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है,बल्कि यह आत्मसंयम, पवित्रता और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है,जो छठ महापर्व की आत्मा को जीवंत बनाता है ।

## शादीशुदा महिला प्रेमी संग हुई फरार, पति ने पत्नी के भगाने का प्राथमिकी थाने में दर्ज कराई

**रोहतास।** खबर रोहतास जिले के अकोढी गोला थाना क्षेत्र से है जहां पर एक शादीशुदा महिला एक छोटे बच्चे के साथ अपने प्रेमी के संग कपड़ा गहना और पैसा लेकर फरार हो गई। जिसकी लिखित सूचना पति ने स्थानीय थाने में दी। थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदी निवासी बृज किशोर कुमार सिंह ने लिखित आवेदन में बताया कि साल 2024 में अनुपमा देवी गांव गोसलडीह थाना सूर्यपुरा ,रोहतास के रहने वाली से शादी हुई थी। शादी के बाद मेरे दो पुत्र और एक पुत्री भी है। मेरे पीठ पीछे मेरी पत्नी मोबाइल नंबर 8521994891 पर बात करती थी। इसी बीच 18 अप्रैल को मैं घर पर नहीं था इसी का फायदा उठाते हुए मेरी सबसे छोटी बच्ची को लेकर रुपए गहने और कपड़ों के साथ भाग गई। कुछ दिन खोज बिन करने के बाद पत्नी नहीं मिली फिर पता चला कि वह प्रवीण कुमार ग्राम करमा, थाना धनसोई जिला बक्सर के रहने वाले के साथ भाग गई है। इस मामले में लिखित आवेदन देकर उन्होंने थाना अध्यक्ष से कार्रवाई कर की मांग की है। इस मामले में आज अकोढी गोला थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिक की दर्ज करी गई है संबंधित कार्रवाई की जा रही है।

## कार्यों में लापरवाही व अनुशासनहीनता के आरोप में पंतायत रोजगार सेवक पर हुई कार्रवाई

**केसरिया, पू.च।** प्रखंड के बैरिया व गोछी कुशहर पंचायत के पंचायत रोजगार सेवक शत्रुधन कुमार पर कार्यों में लापरवाही और अनुशासनहीनता के आरोप में कार्रवाई की गई है। मनरेगा के तहत ई-केवाईसी में कम प्रगति, बैठकों से अनुपस्थिति तथा बार-बार दिए गए निर्देशों की अनदेखी को गंभीर मानते हुए डीएम-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक, पूर्वी चम्पारण के आदेश पर डीडीसी डॉ प्रदीप कुमार ने रोजगार सेवक शत्रुधन कुमार के मूल मानदेय में अगले तीन वर्षों तक 15 प्रतिशत की कटौती लागू कर दी है।

## फ़लाह-ए-क़ौम व मिल्लत कॉन्फ़्रेंस का भव्य आयोजन, ग़ौसिया मस्जिद का हुआ शिलान्यास



**मेहसी।** पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर मेहसी प्रखंड अंतर्गत अमवा कनकटी बाज़ार में तंज़ीम-ए-उलमा-ए-अहले सुन्नत व जमाअत, मेहसी शरीफ के तत्वावधान में "फ़लाह-ए-क़ौम व मिल्लत कॉन्फ़्रेंस" का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग़ौसिया मस्जिद का शिलान्यास भी संपन्न हुआ, जिसे क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक पहल माना जा रहा है।कार्यक्रम की सरपरस्ती हज़रत मुफ़्ती शमीम रज़ा इस्माइली साहब ने की, जबकि अध्यक्षता हज़रत मौलाना सिद्दीक रज़ा हैदरी साहब ने की। वहीं, तंज़ीम के अध्यक्ष हज़रत मुफ़्ती मोहम्मद क़ुतुबुद्दीन रिज़वी साहब की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम का सफल संचालन मौलाना सूफ़ियान ज़िया साहब ने किया।सम्मेलन को संबोधित करते हुए मौलाना शहाबुद्दीन साहब ने मस्जिदों की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मस्जिदों का निर्माण जितना आवश्यक है, उससे कहीं अधिक उन्हें आबाद रखना ज़रूरी है। वहीं, ख़तीब-ए-अहले सुन्नत क़ारी महबूब रज़ा शबनम रिज़वी साहब ने अपने विस्तृत संबोधन में ईमान की सुरक्षा और असलाफ़ के रास्ते पर चलने की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम में नात व मनक़बत की प्रस्तुति ने समा को रूहानी बना दिया। सैयद नूरानी रज़ा हलीमी, मक़सूद नादिर फैज़ी सहित अन्य नातख्वानों ने अपने कलाम से उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया।ज्ञात हो कि पिछले वर्ष भी इसी स्थान पर "मस्जिद-ए-हुसैनी" की नींव रखी गई थी तथा बच्चों की तालीम के लिए "मदरसा ताज-ए-शरीअत" की स्थापना की गई थी। इस वर्ष ग़ौसिया मस्जिद का शिलान्यास इस श्रृंखला का अगला महत्वपूर्ण कदम है।कार्यक्रम के अंत में तंज़ीम की ओर से लोगों से अपील की गई कि वे दीन व समाज के उत्थान के लिए ऐसे कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग करें।इस मौके पर क़ारी बिलाल रज़ा रहमानी, मौलाना क़मर रज़ा नूरानी सहित बड़ी संख्या में उलेमा-ए-किराम और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के 96वें शहादत दिवस पर साम्राज्यवाद विरोधी मनाया गया दिवस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

सासाराम / रोहतास। शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के 96वें शहादत दिवस पर साम्राज्यवाद विरोधी दिवस मनाया गया। नौजवान भारत सभा (NBS), रोहतास जिला कमेटी द्वारा महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के शहादत दिवस के अवसर पर साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम रेलवे मैदान से शहर में जूलुस निकला गया। यह मार्च धर्मशाला, गांधी चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, कचहरी मोड़, करगहर मोड़ , समाहरणालय होते हुए शहीद भगत सिंह स्मारक पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने शहीद भगत सिंह स्मारक पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संरक्षक संजय वैश्य 'समाजवादी' ने कहा कि 23 मार्च 1931 को हमारे क्रांतिकारियों ने हँसते-हँसते फाँसी के फंदे को चूम लिया, ताकि देश को न केवल राजनीतिक स्वतंत्रता मिले, बल्कि आर्थिक गुलामी से भी मुक्ति मिल सके। उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में बढ़ते अमेरिकी हस्तक्षेप और आर्थिक दबावों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि "जब इश्क और क्रांति का अंजाम एक ही है, तो रांझा बनने से बेहतर है कि भगत सिंह बन जाओं।"




संयोजक संजय क्रांति ने कहा कि भगत सिंह के विचार अनुसार स्वतंत्रता का अर्थ, सिर्फ अंग्रेजो से मुक्ति नहीं था बल्कि समाज में असमानता,अन्याय, शोषण से मुक्ति था। साथ ही भगतसिंह के अधुरे सपनों को साकार करने के लिए देश के नौजवान एकजुट होने का आह्वान किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने कहा कि भगतसिंह ने फांसी के फंदे से साम्राज्यवाद का नाश हो का नारा दिया था वर्तमान स्थिति में अमेरिकी साम्राज्यवाद विश्व शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा बन के सामने आया है उसके द्वारा अपनी शर्तों पर भारत के साथ व्यापारिक एवं रणनीतिक समझौते किए हैं इसका खामियाजा देश के 17.2 करोड़ किसानों के साथ-साथ समूचे देशवासियों को उठाना पड़ेगा वह देश को गुलामी के ओर ले जाने की कोशिश कर रहा है। हम आज शहीद भगत सिंह सुखदेव राजगुरु के शहादत दिवस पर यह मांग करते हैं कि विश्व की शोषित ,पीड़ित जनता के सबसे खतरनाक दुश्मन अमेरिकी साम्राज्यवाद के साथ किए गए सभी व्यापारिक एवं रणनीति समझौते रद्द किए जाएं ।

वहीं IFTU के प्रांतीय उपाध्यक्ष दिनेश सिंह कहा कि भगत सिंह के अनुसार आज़ादी का अर्थ एक ऐसे समाजवाद था जहां ( न कोई गरीब हो, न अमीर, न किसी का शोषण हो और न ही किसी का हक छीना जाए) का था। A I K M S के अध्यक्ष राजेश पासवान ने कहा कि क्रांति का अर्थ केवल हिंसा नहीं, बल्कि समाज से असमानता, शोषण और अन्याय का अंत करना है। AIKMS के उपाध्याय सुखारी बनवासी,नौजवान भारत सभा के नेताओं में नेजाम ख़ान, काशीनाथ प्रेमी, अमित सम्राट, चंदेश्वर राम , सरोज गुप्ता पार्षद प्रतिनिधि, सुनील गुप्ता, संजय गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता (समाधान), सुरेश कुमार गौड़ , अजय पासवान, राकेश कुमार प्रजापति अधिवक्ता, राकेश कुमार उर्फ सरदार मिंटू सिंह, रजनीश कुमार, शम्भू राम, विवेकानंद कुमार, जितेन्द्र कुमार, रंजन कुमार , दिनेश चौधरी, सरदार अशोक सिंह, सरदार दिलीप सिंह, मनीष साहु ,सहित संगठन के दर्जनों कार्यकर्ता एवं वक्ताओं ने चाबहार बंदरगाह, रूस-ईरान संबंध तथा भारत के कृषि व्यापार पर पड़ रहे बाहरी दबावों पर भी चर्चा की और साम्राज्यवाद के खिलाफ आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन "इंकलाब जिंदाबाद" एवं "साम्राज्यवाद का नाश हो" साम्राज्यवाद मुर्दाबाद, अमेरिकी साम्राज्यवाद से सभी व्यापारिक एवं रणनीति समझौते रद्द करो। आदि नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

# प्रधानाध्यापक के असामयिक निधन पर शोक सभा का आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** अकोढ़ीगोला प्रखंड के जगजिवन छेदी राम उच्च माध्यमिक विद्यालय मधुरामपुर के प्रधानाध्यापक बिक्रमगंज निवासी अनिल कुमार सिंह के असामयिक निधन पर शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। इनके निधन पर जिला के सभी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सोमवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। उच्च माध्यमिक विद्यालय मधुरामपुर के पूर्व स्वर्गीय अनिल कुमार सिंह 10 + 2 इंटरेस्ट लिए विद्यालय बिक्रमगंज में प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। उनकी स्नेही स्वभाव और कार्य कुशलता का लोग कयाल थे।आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखा गया। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला सचिव सतीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि उनका असामयिक निधन



केवल शिक्षा जगत नहीं अपितु समाज की अपूर्णिय क्षति है।वे विगत वर्ष से अस्वस्थ्य चल रहे थे। तबियत खराब होने की स्थिति में कोई बड़े अस्पतालों में उनका इलाज करा गया था। परंतु कुछ सुधार नहीं हो रहा था।दो दिन पूर्व उनके निजी निवास बिक्रमगंज के शिक्षक कालोनी में निधन हो गया।आम लोगों में स्वर्गीय प्राचार्य की व्यवहार कुशलता, ईमानदारी और सहयोगशीलता की चर्चा विषय है। आम लोग भी इस घटना से काफी मर्माहत हैं। समाज सेवी श्री सुदर्शन राय, लल्लू पाण्डेय, अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्र, शिवमुनी पाण्डेय, देवमुनी पाण्डेय, दीनानाथ पाण्डेय, सुशील सिंह, गौतम तिवारी, कमलेश पाण्डेय, देवेन्द्र पाण्डेय, अश्विनी पाण्डेय आदि सैंकड़ो सम्मानित लोगों ने कहा की हमने एक अद्वितीय समाज सेवी खो दिया जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। शोक सभा में राजेश रंजन चौधरी, रामाकांत सिंह, प्रसून चौधरी, अरुण मिश्रा, संतोष रंजन , भरत प्रसाद , कमलेश्वर सिंह, मकसूद जी, सलीम मंसूरी, सुनीता कुमारी, मधु कुमारी एवं रूबी कुमारी सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

# डीपीएस बिक्रमगंज का शैक्षणिक परिभ्रमण नई दिल्ली के लिए रवाना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** द डिवाइन पब्लिक स्कूल, बिक्रमगंज का तीन दिवसीय शैक्षणिक परिभ्रमण नई दिल्ली के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अखिलेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को शुभकामनाओं के साथ विदा किया।यह विशेष यात्रा बिक्रमगंज से पटना तथा पटना से नई दिल्ली तक हवाई मार्ग से आयोजित की गई है। जिसमें कुल 21 विद्यार्थी शामिल हैं। इन विद्यार्थियों का चयन "आदर्श विद्यार्थी" के रूप में किया गया है।विद्यालय द्वारा जारी मानकों के अनुसार,आदर्श विद्यार्थी का चयन उनके शैक्षणिक प्रदर्शन, नियमितता, अनुशासन, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियाँ, गृहकार्य, अभिभावकों की सहभागिता, यूनिफॉर्म/वेलनेस, फेयर कॉपी पूर्णता,एस ओएफ के द्वितीय स्तर में




योग्यता, बोलने-लिखने की क्षमता तथा समय पर शुल्क भुगतान जैसे कुल 1200 अंकों के मूल्यांकन पर किया जाता हैं। इस शैक्षणिक यात्रा में चेयरमैन अखिलेश कुमार के साथ प्रशासिका अर्चना सिंह, शिक्षिका स्नेहा सिंह एवं शिक्षकगण आनंद कुमार गुप्ता, विनय कुमार सिंह तथा प्रमोद पासवान भी शामिल हैं।विद्यालय परिवार को विश्वास है कि यह परिभ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान,अनुभव और आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा तथा उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह यात्रा न केवल शिक्षा का विस्तार है, बल्कि सपनों को नई उड़ान देने का एक प्रेरणादायक प्रयास भी है।

# समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक गौरव तथा विकास यात्रा को जन-जन तक पहुंचाना ही असली बिहार दिवस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम /रोहतास।** बिहार दिवस के अवसर पर शहर सासाराम, जिला रोहतास में कला एवं संस्कृति विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक गौरव तथा विकास यात्रा को जन-जन तक पहुंचाना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजीव रंजन सिंह (उर्फ सोनू सिंह) की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने संबोधन में उन्होंने बिहार के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विविधता तथा युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए राज्य के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम (एसडीओ), अपर समाहर्ता रोहतास (एडीएम), बंदोबस्त पदाधिकारी नवीन कुमार, निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा विभाग) राकेश रौशन तथा जिला



कला एवं संस्कृति पदाधिकारी पंकज कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बिहार दिवस के महत्व पर चर्चा करते हुए नागरिकों, विशेषकर विद्यार्थियों को अपने राज्य की संस्कृति, परंपराओं एवं मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान वाराणसी से आए कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। श्रीजा विश्वास ने मनमोहक कथक नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं रॉनित चटर्जी ने प्रभावशाली सितार वादन और श्री दूसूजा चंद्रा ने तबला वादन से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन कलाकारों के साथ उनके गुरु पंडित माता प्रसाद मिश्र भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। साथ ही जिले के विभिन्न संगीत शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने अपनी संगत से कार्यक्रम में समा बांध दिया और प्रस्तुतियों को और अधिक प्रभावशाली बनाया। कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों की ओर से आकर्षक स्टॉल्स भी लगाए गए, जिनका निरीक्षण मुख्य अतिथि श्री राजीव रंजन सिंह द्वारा स्वयं किया गया। उन्होंने इन स्टॉल्स की सराहना करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय काराकाट, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चेनारी एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बिक्रमगंज के विद्यार्थियों सहित अन्य स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से बिहार की लोक परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन जिले के आन-बान और शान पार्थ कौशिक द्वारा किया गया, जिन्होंने वक्तृता (भाषण) में पूरे देश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। जिला प्रशासन द्वारा उन्हें मंच संचालन का अवसर प्रदान किया गया, जिसमें उनके प्रभावी एवं आकर्षक संचालन की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ पत्रकार बंधु एवं शिक्षकगण भी उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक गरिमामय बनाया। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## बकायेदार बिजली उपभोक्ताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, बड़े पैमाने पर काटे जा रहे कनेक्शन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

बिक्रमगंज /रोहतास।विद्युत विभाग द्वारा राजस्व वसूली को लेकर बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक स्तर पर विद्युत कनेक्शन विच्छेदन अभियान चलाया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जिन उपभोक्ताओं द्वारा लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है, उनके कनेक्शन चिन्हित कर युद्ध स्तर पर काटे जा रहे हैं। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम, ई. ब्रवीम ने बताया कि इस अभियान के तहत शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो बकायेदार उपभोक्ताओं की सूची के आधार पर लगातार कार्रवाई कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जिन शहरी उपभोक्ताओं पर 5000 से अधिक तथा ग्रामीण उपभोक्ताओं पर 20000 से अधिक बकाया है और वे भुगतान नहीं कर रहे हैं, उनके कनेक्शन तत्काल प्रभाव से विच्छेदित किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कई उपभोक्ताओं को पूर्व में बिल भुगतान के लिए जागरूक किया गया था, इसके बावजूद लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध अब सख्ती की जा रही है। विभाग का स्पष्ट कहना है कि बिजली बिल का नियमित भुगतान करना प्रत्येक उपभोक्ता की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा चुके हैं, वे बकाया राशि का भुगतान कर निर्धारित प्रक्रिया के तहत पुनः कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए पुनः संयोजन शुल्क का भुगतान अनिवार्य होगा। इसी क्रम में, बिना आरसी शुल्क जमा किए अथवा अवैध रूप से मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करने के मामलों में 144 लोगों पर जुर्माना लगाया गया है। इनमें अवर प्रमंडल बिक्रमगंज में 60, कोचस में 30, सासाराम (ग्रामीण) में 42 तथा सासाराम (शहरी) में 12 उपभोक्ता शामिल हैं। इन मामलों में कुल 54.08 लाख की राजस्व क्षति अधिरोपित की गई है। राजस्व वसूली अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए विभाग द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त टीमों की तैनाती भी की जा रही है। बकायेदार उपभोक्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई को और तेज किया गया है, ताकि बकाया वसूली सुनिश्चित हो सके और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखा जा सके। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर अपने बिजली बिल का भुगतान करें, अनावश्यक कार्रवाई से बचें तथा विभाग के इस अभियान में सहयोग करें, ताकि सभी को निर्बाध एवं बेहतर विद्युत आपूर्ति मिलती रहे।

## साधु-संतों की सेवा स्वयं करते हैं महावीर बजरंगबली, भक्ति से मिलता है जीवन का सच्चा सुख : साध्वी शैलप्रिया पांडेय

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज** : सासाराम रोड स्थित सब्जी मंडी समीप मां दुर्गा स्थान परिसर में आयोजित भव्य धार्मिक कथा कार्यक्रम में अयोध्या धाम से पधारी कथावाचक साध्वी शैलप्रिया पांडेय ने श्रद्धालुओं को भक्ति,सेवा और धर्म के महत्व का संदेश दिया । अपने ओजस्वी प्रवचन में उन्होंने कहा कि साधु-संतों की सेवा स्वयं महावीर बजरंगबली करते हैं और जो व्यक्ति संतों का आदर करता है,उस पर भगवान की विशेष कृपा बनी रहती है । वर्तमान समय में लोग भौतिक सुख-सुविधाओं के पीछे भाग रहे हैं,लेकिन सच्चा सुख केवल भगवान की भक्ति और सेवा में ही निहित है । साध्वी पांडेय ने उदाहरण देते हुए बताया कि हमारे शास्त्रों में संतों की सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है और यह ईश्वर तक पहुंचने का सरल मार्ग है । प्रवचन दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम और हनुमान जी के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि बजरंगबली ने सदैव प्रभु श्रीराम और संतों की



सेवा को सर्वोपरि माना । उन्होंने श्रोताओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में सेवा,समर्पण और विनम्रता को अपनाएं,जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके ।कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीतों और भजनों की मधुर प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया । श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा का श्रवण करते नजर आए । बड़ी संख्या में महिलाओं,पुरुषों और युवाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया और कथा का लाभ उठाया ।

# डीसीसी के नेतृत्व में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** सोमवार को बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र के जमोढी पंचायत के धावां में डीसीसी के नेतृत्व में एक भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया है। जिसका उदघाटन बिक्रमगंज अंजबित सिंह महाविद्यालय के भूमिदाता स्वर्गीय नेपाल सिंह के प्रपौत्र राहुल सिंह ने खिलाड़ियों के बीच ग्रीनपार्क स्टेडियम में फीता काट किया। टीम टूर्नामेंट में रोहतास जिले क्षेत्र के विभिन्न शहरों से भाग ले रहें 16 टीमों के खिलाड़ियों सहित सैकड़ों लोगों ने मुख्य अतिथि राहुल सिंह का अंगवस्त्र भेंट कर





तालियों के साथ स्वागत किया गया। जहां उन्होंने सभी टीमों के खिलाड़ियों परिचय करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

अवसर पर भावी जिला पार्षद प्रत्याशी राहुल सिंह ने खेल ग्राउंड में बैट से गेंद पर शॉट लगा पहले मैच का शुभारंभ किया। आयोजन कर्ता उपेंद्र कुमार व सागर कुमार ने बताया कि आयोजित नॉट आउट क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में जिला क्षेत्र से सभी 16 टीमों में धनगाई, करथ,नोवाअ, दुर्गाडीह, अमियावर, गोडारी, ताराचंडी सहित अन्य टीमें है। जिसका पहला मैच रविवार को बेलईया बनाम गोटपा के बीच खेला गया। टूर्नामेंट के सभी मैच नॉक आउट के तौर 6 ओवर के होंगे, जिसका फाइनल मैच 25 मार्च को खेला जायेगा। मौके पर घनश्याम सिंह, प्रमेन्द्र सिंह, अनुराग सिंह,राजेश सिंह,उज्जवल सिंह, संदीप कुमार,उमेश सिंह,दीपक सिंह, बलिराम सिंह सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बेमौसम बारिश से किसानों को नुकसान

**बांका।** बांका में हाल ही में हुई असमय वर्षा और तेज हवाओं के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है। जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह उर्फ विनोद सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने पत्र में बताया कि जिले के लगभग सभी प्रखंडों में खड़ी फसलों को व्यापक क्षति पहुंची है। विशेष रूप से धोरैया विधानसभा क्षेत्र के धोरैया और रजौन प्रखंड में नुकसान अधिक होने का अनुमान है। यहां गेहूं, सरसों और अन्य तैयार फसलें खेतों में ही गिरकर बर्बाद हो गई हैं।

**अधिकांश किसान अपनी आजीविका के लिए पूरी तरह खेती पर निर्भर:** किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले के अधिकांश किसान अपनी आजीविका के लिए पूरी तरह खेती पर निर्भर हैं। अचानक हुई इस बारिश ने उनकी आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया है, जिससे उन्हें अपनी लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है।

**जल्द सर्वे कराकर वास्तविक क्षति का आकलन करने का आग्रह:** उन्होंने जिलाधिकारी से प्रभावित क्षेत्रों में जल्द सर्वे कराकर वास्तविक क्षति का आकलन करने का आग्रह किया है। साथ ही, किसानों को शीघ्र मुआवजा और राहत राशि उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इस संबंध में धोरैया के विधायक मनीष कुमार से भी बातचीत हुई है, जिन्होंने कृषि मंत्री और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर किसानों को उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

### शिक्षकों ने अधिकारों के लिए उठाई आवाज

**भागलपुर।** बिहार पंचायत-नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के बैनर तले नियोजित शिक्षकों ने अपनी सेवा शर्तों, अधिकारों और लंबित मांगों को लेकर आवाज बुलंद की है। शिक्षकों ने ज्ञापन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए पुरन कुमार ने कहा कि वर्षों से कार्यरत रहने के बावजूद उन्हें पूर्ण शिक्षक का दर्जा, समुचित वेतनमान और सेवा सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। ज्ञापन में बताया गया कि कई शिक्षक 60-65 वर्ष की आयु तक सेवा दे रहे हैं, लेकिन उन्हें स्थायित्व और पेंशन जैसी सुविधाओं से वंचित रखा गया है। शिक्षकों ने स्थानांतरण, प्रोन्नति और वेतन विसंगतियों के समाधान की भी मांग की है। उनका कहना है कि शिक्षा व्यवस्था की मजबूती के लिए शिक्षकों का मनोबल ऊंचा होना जरूरी है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में वे असंतोष का सामना कर रहे हैं। संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे आंदोलन को तेज करेंगे।

### कमर्शियल गैस की किल्लत दूर नहीं, घरेलू वाले को राहत

**भागलपुर।** कमर्शियल गैस की किल्लत अबतक दूर नहीं हो सकी है। रोज गैस एजेंसियों के पास होटल व रेस्टोरेंट वाले पहुंच रहे, लेकिन निराश होकर लौट रहे हैं। सोमवार तक कमर्शियल गैस मिलने की संभावना थी, लेकिन रविवार रात तक एजेंसियों के पास गैस पहुंची ही नहीं। राहत यह है कि घरेलू गैस का अब बैकलॉग खत्म होने लगा है। लोगों की परेशानी को देखते हुए सोमवार को भी एचपी गैस एजेंसियां खुली रहेंगी। आमतौर पर सोमवार को एचपी की एजेंसियां साप्ताहिक अवकाश में रहती हैं। गैस आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार ने जानकारी दी है कि 21 मार्च को कुल 12,855 उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया गया। जिले की किसी भी एजेंसी पर गैस के लिए भीड़ नहीं है। सभी गैस कंपनियों के क्षेत्रीय प्रबंधकों, अनुमंडल पदाधिकारियों एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ प्रतिदिन समीक्षा बैठक कर आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए सभी प्रखंडों में विशेष धावा दल का गठन किया गया है। साथ ही दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति भी की गई है। प्रशासन ने बताया कि सभी घरेलू उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के अनुसार समय पर गैस उपलब्ध कराई जा रही है और होम डिलीवरी प्रणाली सुचारु रूप से जारी है। उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे संचालित है। संपर्क के लिए दूरभाष संख्या: 0641-2402871 जारी किया गया है। दो-दो ट्रिप में गैस बांटने का जिम्मा वेंडरों को एक ठेला से 17 और एक टेम्पो से 36 गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जाती है। एजेंसियों ने दो-दो ट्रिप में गैस बांटने का जिम्मा वेंडरों को दिया है। शंकर टॉकिज इलाके में मां तारा एचपी गैस के पास 10 टेम्पो व दो ठेले से आपूर्ति की जा रही है। रविवार को 650 सिलेंडर लोगों के घर भिजवाए गए।

### एक टीबी मरीज 15 को कर सकता है संक्रमित, इसीलिए जागरूकता जरूरी

**भागलपुर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत रविवार को टीबी मरीजों को सम्मानित किया गया। मरीजों के बीच पोषण वितरण हुआ। आरोग्यम इंडिया फाउंडेशन के संरक्षक डॉ. डी.पी. सिंह ने बताया, भारत में लगभग 27% लोग टीबी से प्रभावित हैं। कुपोषण प्रमुख कारण है। सरकार द्वारा चलाई जा रही पीएम पोषण आहार योजना एवं निश्चय मित्र योजना के माध्यम से कोई भी व्यक्ति या संस्था टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण एवं आवश्यक सहायता प्रदान कर सकता है। डॉ. आरपी जायसवाल (सचिव, आईएमए भागलपुर) ने टीबी की रोकथाम, निदान एवं उपचार के बारे में जानकारी दी। वहीं डॉ. रवि आनंद ने कहा कि समय पर इलाज और पौष्टिक आहार से इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ. बिनय झा ने बताया, एक टीबी मरीज लगभग 15 लोगों को संक्रमित कर सकता है, इसीलिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में हर वर्ष लगभग 6000 लोगों की जांच की जाती है, जिनमें 10-15% टीबी मरीज पाए जाते हैं। इनमें लगभग 2.5% मामले एमडीआर (मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट) के होते हैं।

### सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**अररिया।** जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र के पलासी-बथनाहा फोरलेन सड़क स्थित चौहान टोला के समीप सड़क हादसे में बाइक पर सवार तीन युवकों की रविवार रात अज्ञात मालवाहक वाहन के टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक तीनों सुपौल जिला के राघोपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। शुरुआती दौर में मृतक की पहचान नहीं हो पाई लेकिन बाद में मौके पर पहुंचे फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा और नरपतगंज थाना पुलिस ने मृतकों का शिनाख्त किया। मृतकों में एक सुपौल जिला के राघोपुर थाना क्षेत्र के हाजी टोला वार्ड संख्या एक का रहने वाला मो.अशरफ पिता मो.उस्मान है।जबकि दूसरा और तीसरा राघोपुर थाना क्षेत्र के ही मो.शमीर पिता मो.अयूब और मो.अरबाज पिता मो.रुस्तम है। घटना के संदर्भ में स्थानीय लोगों ने बताया कि नरपतगंज थाना क्षेत्र के पलासी से आईसीपी जोगबनी चेकपोस्ट की ओर जाने वाली फोरलेन सड़क में चौहान टोला के समीप जोगबनी की ओर जा रही एक मालवाहक ट्रक ने बाइक को आमने सामने से ठोकर मार दी,जिससे मौके पर ही तीनों की मौत हो गई।स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने बाइक सवार तीनों को फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।जहां ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने तीनों को पहले से ही मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद फारबिसगंज अनुमंडल पुलिस अधिकारी मुकेश कुमार साहा और नरपतगंज एवं फारबिसगंज थाना पुलिस अनुमंडलीय अस्पताल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। शवों के शिनाख्त के बाद मृतक के परिजनों को एसडीपीओ के द्वारा सूचित किया गया है।एसडीपीओ ने बताया कि परिजन अस्पताल पहुंच रहे हैं।जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मौके पर जानकारी देते हुए बताया कि बाइक पर सवार तीनों युवक नेपाल से जोगबनी के रास्ते वापस लौट रहे थे।इसी क्रम में चौहान टोला के समीप अज्ञात मालवाहक ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी,जिससे बाइक पर सवार तीनों की मौत हो गई।घटना को लेकर अगल बगल में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला जा रहा है। साथ ही घटना को कारित करने वाले ट्रक को पकड़ने के लिए तकनीकी अनुसंधान का भी सहारा लिया जा रहा है।

# नीट छात्रा की संदिग्ध मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में एक नीट छात्रा ने दुपट्टे के सहारे फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना, बरारी थाना क्षेत्र के खंजरपुर (झौआ कोठी) स्थित विंध्यवासिनी लॉज में हुई। देर रात जब बगल के कमरे में रहने वाली छात्रा ने मृतका का दरवाजा खटखटाया, तो उसने नहीं खोला। इसके बाद छात्रा चिल्लाने लगी। अन्य छात्रों ने आवाज सुनकर मकान मालिक को बुलाया और इसकी जानकारी उनके मौसेरे भाई अंकुश को दी। सूचना के बाद अंकुश हॉस्टल पहुंचे, जहां मृतका को फंदे से लटका हुआ देखा। इसके बाद दरवाजा तोड़कर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हॉस्टल संचालक और मृतका के मौसेरे भाई की मौजूदगी में शव को फंदे से नीचे उतारा। मौके पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने साक्ष्य एकत्रित किए। मृतका की पहचान अररिया की रहने वाली छात्रा सृष्टि सिंह (17) के रूप में हुई है। मृतका छात्रा सृष्टि सिंह रविवार दोपहर 4:00 बजे ही हॉस्टल में शिफ्ट हुई थी। इससे पहले वह एसएम कॉलेज रोड स्थित एक हॉस्टल में रहती थी। वहां रिपेयरिंग के नाम पर सभी छात्रों को खाली कराया जा रहा था, जिसके कारण उसने भी वहां से कमरा खाली किया और यहां शिफ्ट हुई थी। शिफ्ट कराने में उसके पिता मनीष कुमार सिंह, मौसेरे भाई और उसकी मां भी शामिल थे। शिफ्ट कराने के बाद देर शाम उसके माता-पिता घर के लिए निकल गए थे। उसके मौसेरे भाई भागलपुर में ही रहकर पढ़ाई करते हैं। इधर, उसके माता-पिता घर पहुंचे भी नहीं थे कि उन्हें बेटी की मौत की खबर मिल गई। इसके बाद जलालगढ़ से वे फिर भागलपुर के लिए रवाना हुए। देर रात तक परिजन भागलपुर पहुंचे, जहां बेटी की मौत को देखकर माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। मौके पर पहुंची बरारी थानाध्यक्ष बिट्टू कमल ने मृतका का मोबाइल जब्त कर लिया है। पुलिस तमाम बिंदुओं पर जांच कर रही है। मृतका के मौसेरे भाई अंकुश ने बताया कि शाम में हॉस्टल संचालक का कॉल आया कि जिस कमरे में शिफ्ट कराया गया है, वह बंद है। हम यहां आए तो मेरे सामने दरवाजा तोड़ा गया, जहां वह पंखे से झूल रही थी। पिता अररिया में बिजली की दुकान चलाते हैं। छात्रा के हॉस्टल आने तक का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिला है, जिसमें छात्रा असहज नजर आ रही है।

## बरौनी-कटिहार रेलखंड पर बड़ा हादसा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत हो गई। रेलवे ट्रैक क्रास करने के दौरान हादसा हुआ है। मृतक की पहचान रिटायर्ड राजस्व कर्मचारी जनार्दन प्रसाद सिंह (70) के तौर पर हुई है। घटना बरौनी-कटिहार रेलखंड के लोहिया नगर गुमटी के पास की है। जानकारी के अनुसार जनार्दन प्रसाद सिंह घर से कचहरी जाने के लिए निकले थे। डाउन लाइन में गेट नंबर-47 के पास रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ गए। मौके पर ही दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि शायद ट्रेन की आवाज नहीं सुनी या दूरी का अंदाजा नहीं लगा पाए। जिसके चलते हादसा हुआ है।

**स्थानीय लोगों से मिली जानकारी:** मृतक के साला सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि प्रतिदिन की तरह अपने काम से बाहर निकले थे, तभी उन्हें फोन पर इस हादसे की सूचना मिली। लोहिया नगर के ही किसी व्यक्ति ने फोन कर जानकारी दी कि ट्रेन की चपेट में आ गए हैं। करीब 40 साल से यहां रह रहे थे। सभी लोग उन्हें पहचानते थे, जिसके कारण तुरंत हादसे की सूचना मिल गई।

**पुलिस छानबीन कर रही है:** सूचना मिलते ही रेल पुलिस और स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। आरपीएफ अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि गेट नंबर-47 पर एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत होने की सूचना मिली। हमलोग यहां पहुंचे तो उनके परिजन और स्थानीय लोग मौजूद थे। कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इधर मौत के बाद स्थानीय लोगों में शोक का माहौल है। पूर्व वार्ड पार्षद ब्रजेश कुमार प्रिंस ने बताया कि जनार्दन बाबू बहुत ही मिलनसार और सज्जन व्यक्ति थे। इस उम्र में भी वे सक्रिय रहते थे। उनकी मौत की खबर सुनकर पूरे लोहिया नगर मोहल्ले में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

## बिहार इंटरमीडिएट रिजल्ट जारी, मुंगेर में लड़कों का दबदबा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मुंगेर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सोमवार को इंटरमीडिएट 2026 परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। मुंगेर जिले में इस बार लड़कों का दबदबा रहा, हालांकि तीन बेटियों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। परीक्षा में सफल होने वाले अधिकांश छात्र-छात्राएं ग्रामीण क्षेत्रों से हैं। जिले में आर.डी. एंड डी.जे. कॉलेज के छात्र साहिल कुमार साइंस स्ट्रीम में जिला टॉपर बने हैं। वहीं, श्री रंगनाथ स्कूल बनारस टेटिया बंबर के ऋषभ कुमार ने आर्ट्स में और एस. कॉलेज हवेली खड़गपुर के अंकित कुमार ने कॉमर्स में जिला टॉप किया है।

**साहिल कुमार ने 451 अंक प्राप्त किए:** साइंस के जिला टॉपर साहिल कुमार ने 451 अंक प्राप्त किए हैं। उनकी मां ने बताया कि साहिल के पिता श्रवण कुमार मजदूरी करते हैं। जमालपुर की छुट्टी केसरी ऊपर में रहने वाले साहिल ने किसी निजी कोचिंग से पढ़ाई नहीं की, बल्कि सेल्फ स्टडी के दम पर यह सफलता हासिल की है। साहिल का सपना आईएएस अधिकारी बनने का है।

**अंशु प्रिया ने 445 अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान हासिल किया:** कॉमर्स संकाय में डी.जे. कॉलेज मुंगेर की छात्रा अंशु प्रिया ने 445 अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है। अंशु कजरा की रहने वाली हैं और उन्होंने अपने ननिहाल बिंदवाड़ा में रहकर इंटर की पढ़ाई पूरी की। उत्क्रमित उच्च विद्यालय रामपुर की छात्रा नजराना ने भी जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। हालांकि, उनके विद्यालय में प्लस टू के शिक्षक नहीं हैं, जो एक महत्वपूर्ण मुद्दा है।

**शिक्षा मंत्री ने जारी किया रिजल्ट:** शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बिहार बोर्ड ऑफिस में परिणाम घोषित किया। इस दौरान बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर भी मौजूद रहे। 12वीं साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स- तीनों संकायों का परिणाम एक साथ जारी किया गया है। इस साल करीब 13 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा 1 फरवरी से 15 फरवरी 2026 के बीच ली गई थी। 35 दिन के अंदर नतीजे जारी किए गए हैं। इसके साथ ही बिहार बोर्ड देश में लगातार 8वीं बार सबसे पहले रिजल्ट जारी करने वाला राज्य बन गया है।

## एस यू वी ने पति-पत्नी को रौंदा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय में NH-333B पर तेज रफ्तार कार ने पति-पत्नी को रौंद दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। मॉर्निंग वॉक के लिए सुबह घर से निकले थे। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी लखीसराय एसपी प्रेरणा कुमार की है। ड्राइवर दो बॉडीगार्ड को लेकर जा रहा था, इसी दौरान हादसा हुआ है। लोगों ने ड्राइवर और दोनों गार्ड को पकड़ लिया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया। मृतकों की पहचान श्रीनगर गांव के नथुनी यादव(55) और पत्नी इंदु देवी(52) के तौर पर हुई है। हादसे के विरोध में लोगों ने रोड जाम कर दिया। घटना साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र की है।

**पीछे से मारी टक्कर:** जानकारी के मुताबिक रोज की तरह आज भी दोनों सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले थे। श्रीनगर-मोहनपुर गांव के पास पीछे से आ रही महिंद्रा XUV700 ने रौंद दिया। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गाड़ी के एयरबैग तक खुल गए, लेकिन पति-पत्नी को संभलने का मौका नहीं मिला।

**ग्रामीणों ने रोड जाम कर दिया:** हादसे की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और NH-333B को पूरी तरह जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन हादसे होते रहते है। कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, लेकिन प्रशासन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने में नाकाम है। यातायात व्यवस्था को सुधारा जाए और यहां पर स्पीड ब्रेकर बनाया जाए। ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

**ड्राइवर की तलाश जारी:** घटना की सूचना मिलते ही साहेबपुर कमाल पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने-बुझाने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को अपने कब्जे में ले लिया है। कार पर POLICE का स्टिकर भी लगा हुआ है। जिसकी जांच की जा रही है।

## अनामिका साइंस स्ट्रीम में थर्ड टॉपर



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (BSEB) ने 12वीं साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स, तीनों संकायों का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस साल करीब 13 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा 1 फरवरी से 15 फरवरी 2026 के बीच ली गई थी। बेगूसराय के बच्चों ने एक बार फिर प्रतिभा का परचम लहराया है। साइंस स्ट्रीम में अनामिका कुमार पूरे राज्य में थर्ड टॉपर रहीं। केएल उच्च विद्यालय मटिहानी की छात्रा अनामिका कुमारी ने 478 (95.60%) अंक प्राप्त कर साइंस में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। लखीसराय जिला के रामचन्द्रपुर गांव की स्थाई निवासी अनामिका ने मैट्रिक अपने गांव से किया, जिसमें 483 नंबर और छठा स्थान प्राप्त किया था। उसके बाद फुआ के गांव मटिहानी आ गई और यहीं पढ़ रही थी। पिता दीपक कुमार बेगूसराय में ही प्राइमरी स्कूल में शिक्षक और मां दिपीका कुमारी घरेलू महिला हैं।

## रामनवमी रथयात्रा को लेकर प्रशासन मुस्तैद, सुरक्षा-सफाई से लेकर रूट व्यवस्था पर बनी कार्ययोजना

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अररिया।** फारबिसगंज में रामनवमी पर निकलने वाले पारंपरिक रथयात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और भव्य ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अनुमंडल प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में स्थानीय प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में अनुमंडल प्रशासन एवं रामनवमी संचालन समिति की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी अभय तिवारी ने किया, जबकि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार साह समेत कई प्रशासनिक अधिकारी एवं समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में रथयात्रा के सफल आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बैरिकेडिंग, स्वयंसेवकों की तैनाती और संवेदनशील स्थलों की निगरानी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि रामनवमी आस्था, अनुशासन और सामाजिक सौहार्द का पर्व है, इसलिए आयोजन की हर छोटी-बड़ी व्यवस्था पर प्रशासन की नजर रहेगी। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समय रहते सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार साह ने कहा कि रथयात्रा के दौरान भीड़ नियंत्रण और कानून-व्यवस्था प्रशासन की पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने संकेत दिया कि जुलूस मार्ग के प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही सीसीटीवी निगरानी, गश्ती दल, दंडाधिकारियों की मौजूदगी तथा यातायात के वैकल्पिक प्रबंध पर भी चर्चा की गई, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और शहर की सामान्य व्यवस्था भी बनी रहे। वहीं, प्रखंड विकास पदाधिकारी और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार यात्रा मार्ग पर साफ-सफाई, नाले-नालियों की सफाई, सड़क किनारे जमा कचरे का उठाव, खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत तथा पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि रथयात्रा मार्ग पर अंधेरा, गंदगी या अवरोध जैसी कोई समस्या नहीं रहनी चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर अस्थायी प्रकाश और अतिरिक्त सफाईकर्मियों की व्यवस्था करने पर भी सहमति बनी। बैठक के दौरान रामनवमी संचालन समिति के सदस्यों ने भी आयोजन को लेकर अपने सुझाव रखे। समिति की ओर से यात्रा मार्ग की मरम्मत, कुछ स्थानों पर सड़क समतलीकरण, संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष सुरक्षा, महिला श्रद्धालुओं की सुविधा तथा जुलूस के दौरान समुचित यातायात नियंत्रण की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।

## नेपाल घूमने गए तीन दोस्तों की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

अररिया। अररिया में बाइक सवार तीन दोस्तों को रविवार देर रात एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर जाम लग गया। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। घटना नरपतगंज थाना क्षेत्र के जोगबनी आईसीपी जाने वाली फोरलेन सड़क पर हुई। तीनों मृतकों की पहचान सुपौल जिले के रहने वाले मोहम्मद अरबाज (इंटर छात्र), समीर और अशरफ (बीए छात्र) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल के सभी सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके पहुंचते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। नेपाल से लौटते वक्त हुआ हादसा: ईद की खुशियां मनाने के बाद तीनों दोस्त नेपाल घूमने गए थे। रविवार देर रात वे जोगबनी से एक ही बाइक पर सवार होकर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे नरपतगंज थाना क्षेत्र के जोगबनी आईसीपी जाने वाली फोरलेन सड़क पर पहुंचे, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

दोस्ती और रिश्तेदारी का दर्दनाक अंत: मृतकों में मोहम्मद अरबाज (इंटर छात्र) और मोहम्मद समीर (बीए छात्र) आपस में चचेरे भाई थे, जबकि मोहम्मद अशरफ उनका करीबी दोस्त था। अशरफ अपने पिता के बिजनेस में हाथ बंटाते थे। तीनों एक साथ ईद मनाने और घूमने निकले थे, लेकिन वापसी का यह सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर बन गया। हादसे के बाद मचा कोहराम: हादसे की खबर मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया।

## बाल शोषण के खिलाफ स्कूल में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

**अररिया।** जिले के फारबिसगंज स्थित जेपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल एवं शशि एकेडमी में सोमवार को बाल शोषण के खिलाफ जागरूकता को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक शीला सिन्हा की अध्यक्षता में बाल विवाह मुक्त, बाल शोषण मुक्त ,बाल श्रम मुक्त एवं मानव तस्करी मुक्त जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन जागरण कल्याण भारती एवं एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन,जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन नई दिल्ली के सहयोग से जिला को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत किया गया।मौके पर समाज को बाल विवाह मुक्त, बाल श्रम मुक्त, बाल यौन शोषण मुक्त एवं सभी बच्चों का नामांकन विद्यालय में करने हेतु जागरूकता के माध्यम से अपील की गई। कार्यक्रम का संचालन जागरण कल्याण भारती के अध्यक्ष संजय कुमार ने किया।कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन स्कूल के निदेशक अजीत कुमार सिंह ने किया।

खान मंत्रालय
MINISTRY OF MINES

**नामनिर्दिष्ट अधिकारी, खान मंत्रालय, भारत सरकार**
जीपीओए-3 नेताजी नगर, नई दिल्ली, 110023, 011-26773606

**"महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों के लिए खनिज रियायत प्रदान करने हेतु सातवी श्रृंखला के लिए बोलियों का आमंत्रण"**

खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 11(घ) द्वारा, इस अधिनियम की प्रथम अनुसूची के भाग घ में विनिर्दिष्ट खनिजों के लिए खनिज रियायत प्रदान करने हेतु, केंद्र सरकार को प्रदत्त नीलामी करने की शक्ति का प्रयोग करते हुए और इसके अंतर्गत अधिसूचित समय-समय पर यथा संशोधित खनिज (नीलामी) नियम, 2015 के अनुसरण में, भारत सरकार ने खान मंत्रालय के पदनामित अधिकारी को महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों की नीलामी की सातवी श्रृंखला में 19 ब्लॉकों की नीलामी करने का निदेश दिया है। निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) एमएसटीसी ई-नीलामी पोर्टल और खान मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है। निविदा दस्तावेज़ की बिक्री सोमवार, 30 मार्च, 2026 से शुरू होगी। निविदा दस्तावेज़ और अन्य विवरण (https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/mlcln/) पर देखे जा सकते हैं।

cbc 25101/11/0009/2526

**नई दिल्ली – हावड़ा – नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन**

**शुद्धिपत्र**

इस समाचार पत्र में 04052/04051 नई दिल्ली–हावड़ा–नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन के आवागमन के संबंध दिनांक 22.03.2026 को प्रकाशित ऊपर शीर्षक वाले विज्ञापन के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि **04051** के लिए **हावड़ा** से आवागमन की तिथि/दिन को 25.03.2025 के स्थान पर **25.03.2026 (बुधवार)** पढ़ा जाएगा।

**पूर्व रेलवे**

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–42–25, दिनांक** 19.03.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–42–25 के प्रतिपक्ष ई–निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान:** हावड़ा मंडल में बड़े स्पैन वाले जंपर्स/जी जंपर्स आदि का प्रतिस्थापन। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 1,83,06,196.88, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 2,41,500/–, **निविदा प्रपत्र की लागत:** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 16.04.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-706/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर जिला महिला फुटबॉल टीम चयन शुरू

**आरा।** आरा जिला फुटबॉल संघ ने अंतर जिला महिला फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी शुरू कर दी है। यह प्रतियोगिता 31 मार्च 2026 से लखीसराय में आयोजित की जाएगी। संघ के सचिव रविंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि टीम चयन के लिए रमना मैदान, आरा में ट्रायल का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 26 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। ट्रायल की देखरेख संघ के अध्यक्ष राम मूर्ति प्रसाद, संरक्षक लाल बहादुर लाल तथा कोचिंग टीम के सदस्य डॉ. रंजन कुमार सिंह, मो. शमशाद, सुबोध कुमार सिंह और धर्मेश उपाध्याय ने की। सचिव ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण 23 मार्च से प्रतिदिन सुबह 7:00 बजे वीर कुंवर सिंह स्टेडियम, आरा में शुरू किया ।

### बिहार दिवस पर हुए बालिका बॉक्सिंग मुकाबले

**आरा**| बिहार दिवस पर वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में बालिका बॉक्सिंग मुकाबला हुआ। मुकाबले में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और विदेशी मेहमानों की खास उपस्थिति देखने को मिली, जिन्होंने खेल प्रतिभाओं का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में श्रम शक्ति मंत्री संजय सिंह टाइगर, जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया, डीडीसी गुंजन सिंह, एडीएम शशि शेखर सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। सभी ने बॉक्सिंग मुकाबलों का आनंद लिया और खिलाड़ियों की प्रदर्शन क्षमता की सराहना की। विदेशी पर्यटक गर्ग मारिया की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया। उन्होंने खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता और खेल भावना की प्रशंसा करते हुए आयोजन की सराहना की। मौके पर मौजूद समाजसेवी व स्थानीय नेताओं ने कहा कि ऐसे खेल आयोजन से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। साथ ही भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुकाबलों में बालिका खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### बिहार की परंपराओं पर आधारित हुई प्रस्तुतियां

**आरा।** वीर कुंवर सिंह स्टेडियम, आरा में रविवार को बिहार दिवस पर भव्य कार्यक्रम हुआ। कला व संस्कृति विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महोत्सव का शुभारंभ श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह टाइगर, सांसद सुदामा प्रसाद, विधायक राधा चरण साह, मेयर आरा नगर निगम व जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा कि बिहार अपनी समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व बौद्धिक विरासत के लिए पूरे देश में विशिष्ट पहचान रखता है। कहा कि राज्य सरकार युवाओं, खिलाड़ियों व प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने कहा कि बिहार दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि अपनी समृद्ध विरासत को सहेजने और आगे बढ़ाने का संकल्प लेने का दिन है। इस अवसर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, जीविका, विद्युत, पशुपालन, समाज कल्याण, सूचना एवं जनसंपर्क, स्वच्छता विभाग व महिला हेल्पलाइन सहित कई विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाए गए। शिक्षा विभाग के स्टॉल पर स्कूली बच्चों द्वारा तैयार किए गए आर्ट व क्राफ्ट की आकर्षक कलाकृतियां विशेष तौर से लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। स्कूली छात्र-छात्राओं व स्थानीय कलाकारों द्वारा बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत व परंपराओं पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी। साथ ही, विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिनमें बॉक्सिंग, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, कबड्डी, खो-खो एवं वुशु जैसे खेल शामिल रहे। इसके अतिरिक्त चित्रांकन, पेंटिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संध्या समय दीपोत्सव का आयोजन किया गया, जिसके बाद स्कूली छात्र-छात्राओं व स्थानीय कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का समापन प्रशस्ति पत्र वितरण के साथ हुआ, जिसमें उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला कला व संस्कृति पदाधिकारी ने किया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह, अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला सूचना व जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति के पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

### समृद्धि यात्रा की तैयारी को ले एनडीए की हुई बैठक

**आरा**| परिसदन सभागार, आरा में रविवार को एनडीए की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने की संचालन जनता दल यूनाइटेड महानगर आरा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि अगिआंव के विधायक महेश पासवान रहे। बैठक में आगामी 25 मार्च को समृद्धि यात्रा की तहत भोजपुर जिला विकास कार्यों की समीक्षा करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आगमन में उनके अभिनन्दन व कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार- विमर्श किया गया। बैठक में लोजपा के जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान, रालोमो जिलाध्यक्ष रोहित कुशवाहा आदि थे।

### छठ को लेकर कई रास्तों पर पूर्ण प्रतिबंध

**बक्सर।** चैती छठ महापर्व के मद्देनजर बक्सर शहर में यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक बदलाव किए गए हैं। 24 मार्च की शाम से 25 मार्च की सुबह तक शहर के कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी। रामरेखा घाट सहित विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि आवागमन सुचारू बना रहे और किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। यातायात विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार ज्योति चौक से थाना चौक और खलासी मुहल्ला की ओर जाने वाले मार्ग पर किसी भी वाहन का प्रवेश नहीं होगा। इसी तरह नाथ बाबा पुल से नगर थाना की दिशा में भी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। सिंडिकेट से जमुना चौक की ओर जाने वाली सड़क पर भी सभी प्रकार के वाहनों के लिए नो-एंट्री लागू रहेगी। शहर के विभिन्न संवेदनशील स्थानों जैसे पुराना सदर अस्पताल, हनुमान फाटक, आईटीआई मोड़, डीएवी मोड़, एमवी कॉलेज मोड़, एसडीओ आवास मोड़ और एमपी हाई स्कूल मोड़ पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। इन जगहों पर ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए विशेष निगरानी रखी जाएगी। वहीं, वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग भी निर्धारित किए गए हैं। वाहन गोलम्बर, सिंडिकेट, बायपास बस स्टैंड, ज्योति चौक, आईटीआई मोड़, मठिया मोड़ और दानी कुटिया के रास्ते आवागमन कर सकेंगे। कुछ मार्गों पर केवल दोपहिया वाहनों को ही सीमित अनुमति दी गई है। पार्किंग को लेकर भी प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। सिंडिकेट के समीप, बाजार समिति मैदान, एमपी हाई स्कूल मैदान और एमवी कॉलेज मैदान को पार्किंग स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है। इन स्थानों पर दोपहिया, तीनपहिया और चारपहिया वाहनों के साथ-साथ बड़ी बसों को भी व्यवस्थित ढंग से खड़ा कराया जाएगा।

### समृद्धि यात्रा के बाद होगा न्यायिक कर्मियों के लिए बने 60 फ्लैटों का लोकार्पण

**बक्सर।** नगर के पीपरपांती रोड स्थित पुरानी कचहरी परिसर में न्यायालय कर्मियों के लिए बनाए गए 60 फ्लैटों का निर्माण कार्य पूरी तरह पूरा हो चुका है। अब मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा के बाद इन भवनों का विधिवत लोकार्पण किया जाएगा। निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ ही यहां रहने की सभी बुनियादी सुविधाएं भी विकसित कर ली गई हैं, जिससे जल्द ही न्यायालय कर्मियों को नए आवास उपलब्ध हो सकेंगे।

**17 करोड़ की लागत से चार जी+5 भवन तैयार:** इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार भवन निर्माण विभाग की देखरेख में करीब 17 करोड़ रुपये की लागत से चार जी+5 बहुमंजिले भवनों का निर्माण कराया गया है. प्रत्येक भवन में 15-15 फ्लैट बनाए गए हैं। इस प्रकार कुल 60 न्यायालय कर्मियों के परिवारों के रहने की समुचित व्यवस्था की गई है। इन भवनों को ए, बी, सी और डी टाइप श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है, ताकि विभिन्न श्रेणी के कर्मियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार आवास उपलब्ध कराया जा सके। कहते हैं अधिकारी सभी निर्माण कार्य पूरे कर लिए गए हैं और केवल औपचारिक प्रक्रियाएं शेष हैं। जल्द ही बाद इन भवनों का लोकार्पण किया जाएगा।

# हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) की इंपॉर्टेंट मीटिंग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर में हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) ने संगठन को मजबूत करने और आगामी सदस्यता अभियान की सफलता के उद्देश्य से एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया। तैयारी समिति के तत्वावधान में हुई इस बैठक की अध्यक्षता बलिराम सिंह कुशवाहा ने की। इसमें प्रदेश स्तर से आई पांच सदस्यीय वरीय समिति ने मार्गदर्शन दिया। बैठक में महा सदस्यता अभियान की रणनीति, संगठन विस्तार और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। नेताओं ने बताया कि पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सदस्यता अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। इसके लिए गांव-गांव और वार्ड स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग पार्टी से जुड़ सकें।

**जिम्मेदारियां गंभीरता से निभाने के निर्देश दिए गए:** इसके अतिरिक्त, आगामी मंत्री के कार्यक्रम को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्वागत, सुरक्षा, मंच व्यवस्था, प्रचार-प्रसार और जनसंपर्क जैसे विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। सभी कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारियां गंभीरता से निभाने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया। इन समितियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके। नेताओं ने संगठन की मजबूती के लिए टीमवर्क और समन्वय को महत्वपूर्ण बताया।

**पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान:** इस अवसर पर लालबाबू प्रसाद, मदन यादव, दिनेश सिंह, रमेश गोंड, सुमंत सिंह, ऋषि राय, वीरेन्द्र पाण्डेय, शीला देवी, जानकी देवी, लक्ष्मी कुमारी, अखिलेश पासवान, सुरेन्द्र राम, भरत पासवान, संजय सिंह, सौरभ कुमार, अमृत कुमार, मिथिलेश राजभर, विष्णु कुमार, विकास पासवान, कमलेश सिंह, किशोरी राम, दिग्विजय सिंह और संतोष कुमार मार सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे। अध्यक्ष ने अंत में सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर सदस्यता अभियान को सफल बनाने और पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमला



♦ खेत में बकरी घुसने पर पड़ोसी से विवाद हुआ था, धारदार हथियार से हाथ पर किया वार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर के देवरिया गांव में मामूली विवाद में बुजुर्ग महिला से मारपीट की गई है। खेत में बकरी घुसने के विवाद में धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र की है। घायल की पहचान चुनमुना देवी(60) के तौर पर हुई है। पति केशो राय ने बताया कि मेरी पत्नी अपने खेत में लगी टमाटर की फसल की रखवाली कर रही थी। इस दौरान गांव के ही एक व्यक्ति की बकरी खेत में घुसकर फसल चरने लगी। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो विवाद बढ़ गया। बात मारपीट तक पहुंच गई। इस दौरान पड़ोसी राधा मोहन और उनकी पत्नी ने मिलकर पहले पिटाई की। फिर हंसुआ( धारदार हथियार) से उनके बाएं हाथ की हथेली पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गईं। यह हमला पूरी तरह से जानलेवा नीयत से किया गया था। सिर्फ फसल बचाने की कोशिश करना उनके लिए भारी पड़ गया। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

**छानबीन में जुटी पुलिस:** वहीं, इस संबंध में पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। मामले की सच्चाई के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घायल महिला का इलाज जारी है, जबकि गांव में स्थिति को सामान्य बनाए रखने के लिए पुलिस नजर बनाए हुए है।

## ताइक्वांडो समारोह में सम्मानित किए गए एशियन क्वालिफायर



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**| कला भवन, बक्सर में ताइक्वांडो से संबंधित सेमिनार, प्रशिक्षण एवं सम्मान समारोह का सफल समापन रविवार को हो गया। कार्यक्रम के दौरान एशियन क्वालिफायर के लिए चयनित खिलाड़ियों का स्वागत किया गया तथा राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों में श्रृष्टि राज, सचिन कुमार सिंह, सौरभ कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, अमन कुमार सिंह, प्रभाकर द्विवेदी, सूफियान आलम, सिधांत कुमार एवं अनुष्का पांडेय शामिल रहे। वहीं बिहार के गौरव राजू कुमार, धर्मवीर कुमार एवं धर्मेंद्र कुमार एशियन फाइनल ट्रायल क्वालिफायर का भी विशेष स्वागत किया गया। खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित निशुल्क ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर में लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षकों द्वारा आत्मरक्षा की महत्वपूर्ण तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे युवाओं में आत्मविश्वास और ऊर्जा देखने को मिली। यह आयोजन बक्सर ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील, सचिव संजय कुमार सिंह, कोच शैलेश कुमार के मार्गदर्शन एवं सहयोग से सम्पन्न हुआ।

## मधुसूदन जी महाराज की कथा में श्रीकृष्ण जन्म व बाल लीलाओं का दिव्य वर्णन, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** महावीर मंदिर रमना में चल रही श्रीमद् भागवत एवं राम कथा के पांचवे दिन अयोध्या धाम के प्रख्यात संत मधुसूधन जी महाराज ने कथा श्रवण कराया। पांचवे दिन की कथा आरती के साथ प्रारंभ हुई, जिसमें दशम स्कंध का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण, बाल लीलाओं एवं गोपी प्रेम का विस्तृत वर्णन किया गया। कथा सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। मधुसूधन जी महाराज ने प्रवचन में कहा कि जो भगवान को पकड़ता है वह सभी बंधनों से मुक्त हो जाता है और जो माया को पकड़ता है वह बंधनों में जकड़ जाता है। साथ ही उन्होंने अष्टदेवी माता के अवतरण, दान एवं सहयोग के आध्यात्मिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दान मन से किया जाता है और सहयोग भी मन की भावना से ही किया जाता है। कथा का भव्य आयोजन महावीर मंदिर रमना के महंत सुमन बाबा, अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, उपाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह, उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह, कोषाध्यक्ष संजय राय के सफल नेतृत्व में संपन्न हो रहा है। मंच संचालन सह सचिव कुमार मोहित ने किया, वहीं व्यवस्थापक की भूमिका अभय विश्वास भट्ट ने निभाई। कथा स्थल पर मुख्य यजमान ठाकुर राजकिशोर सिंह, उर्मिला देवी सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। आज के भागवत सत्र में मेयर इन्दु देवी, डॉ अर्चना सिंह, डॉ. बिभा कुमारी, महिला समिति की लालती देवी, लीलावती देवी, सुनीता देवी, मिथिलेशी देवी, पुष्पा सिन्हा, उर्मिला देवी, बसंती देवी, प्रबोध पांडेय, ललित जी, सरदार वीरेन्द्र सिंह, सत्यनारायण उपाध्याय, आरा रोटी बैंक के राजेश कुमार, सतीश सिंह, प्रवीण आनंद, निकेश पांडेय, सोनू तिवारी, राजकुमार केशरी समेत कई गणमान्य लोगों को महावीर जी का सम्मान पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वृंदावन से आई झांकी समिति के कलाकारों द्वारा मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई, जिसका हजारों भक्तों ने आनंद लिया और पूरे परिसर में श्रद्धा एवं भक्ति का अद्भुत वातावरण बना रहा।

## बिहार दिवस पर युवाओं संग डीएम ने लगाई दौड़

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** रविवार को बिहार दिवस के अवसर पर "रन फॉर फिट" थीम के तहत भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें जिले के अधिकारियों, युवाओं एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह लगभग 7:30 बजे मैराथन दौड़ का शुभारंभ डीएम साहिला द्वारा मशाल जलाकर किया गया। फिर हरी झंडी दिखाई। इसके बाद 11 नंबर लख से महदह पुल तक लगभग 3 किलोमीटर लंबी दौड़ आयोजित की गई। इस दौड़ में डीएम साहिला, डीडीसी निहारिका छवि, अपर समाहर्ता अरुण कुमार सिंह सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी एवं स्वीप यूथ आइकॉन अभिराम सुन्दर भी शामिल हुए। खास बात यह रही कि डीएम साहिला स्वयं भी दौड़ का हिस्सा बनीं और अन्य अधिकारियों के साथ पूरी ऊर्जा के साथ दौड़ लगाई। इस वर्ष बिहार दिवस पर "रन फॉर फिट बक्सर " थीम रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं और समाज के अन्य वर्गों के लोगों ने भी भागीदारी निभाई। सभी प्रतिभागियों में फिटनेस को लेकर खासा उत्साह देखा गया। पूरे मार्ग में सुरक्षा एवं व्यवस्था की समुचित तैयारी की गई थी, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मैराथन के माध्यम से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया, जो कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर डीएम साहिला ने सभी जिलेवासियों को बिहार दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एक विकसित और उन्नत बिहार के निर्माण के लिए हम सभी का स्वस्थ और फिट रहना बेहद आवश्यक है। यदि हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे, तभी समाज और राज्य के विकास में अपना प्रभावी योगदान दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि आज के व्यस्त जीवन में लोगों को अपनी दिनचर्या में फिटनेस को शामिल करना चाहिए। डीडीसी निहारिका छवि ने कहा कि नियमित व्यायाम, खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक रूप से भी हम मजबूत बनते हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे किसी न किसी खेल या शारीरिक गतिविधि से जुड़ें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

## आज पांच घंटे तक शटडाउन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ पूर्वी गुमटी पीएसएस में खराब कनेक्टरों को बदला जाएगा, पोल और जर्जर तार की भी मरम्मती होगी

**आरा।** आरा में आज(23 मार्च 2026) पांच घंटे तक बिजली कटेगी। पूर्व गुमटी PSS से सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक सप्लाई ठप रहेगी। शटडाउन के दौरान मेंटेनेंस वर्क और खराब कनेक्टरों को बदला जाएगा। साथ ही क्षेत्र के सभी पोल और जर्जर तार की भी मरम्मती की जाएगी। ताकि उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित कोई भी समस्या उत्पन्न न हो।

**विभाग की ओर से अलर्ट जारी:** सहायक विद्युत अभियंता ने सहयोग की अपील करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को कोई दिक्कत न हो इसके लिए विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। समय से अपना जरूरी काम निपटा लें। पानी की व्यवस्था कर लें। उपभोगताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है। मेंटेनेंस वर्क पूरा होते ही सप्लाई चालू कर दी जाएगी।

**इन इलाकों में कटेगी बिजली:** बघउतपुर, आनंद नगर, सपना सिनेमा रोड, नेहरू नगर, श्री टोला, बस स्टैंड, रस्सीबागन, जवाहर टोला, शिवपुर, करमन टोला, नवादा, मठिया, महादेवा रोड, जेल रोड, चरखंबा गली, सपना सिनेमा रोड, सदर हॉस्पिटल, P मेहरा रोड, मिल रोड, गोपाली चौक, महाजन टोली, नवादा के आसपास के क्षेत्रों में बिजली कटेगी।

## नर्वदा देवी 100 वीं जयंती पर नवनिर्मित महिला पुलिस बैरक का हुआ लोकार्पण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बिहार राज्य गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय परिसर, बाजार समिति रोड में रविवार को एक भावनात्मक और प्रेरणादायक आयोजन का साक्षी बना। इस अवसर पर स्वर्गीय मातृशक्ति नर्बदा देवी अग्रवाल की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में नवनिर्मित महिला पुलिस बैरक का लोकार्पण किया गया। समारोह में अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव पांडेय तथा गृह रक्षा वाहिनी के कमांडेंट विनोद कुमार यादव ने संयुक्त रूप से बैरक का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी एवं पैथोलेब, नया बाजार के प्रोपराइटर डॉ हनुमान प्रसाद अग्रवाल ने भावुक शब्दों में अपनी माता को याद करते हुए बताया कि उनके बड़े भाई दुलीचंद अग्रवाल (सेवानिवृत्त इंजीनियर, ऊर्जा विभाग, यूएसए) ने इस अवसर पर मां के नाम एक भावनात्मक कविता भेजी है। कविता में मां की ममता, उनके स्नेह और जीवन में उनके महत्व को बेहद मार्मिक ढंग से व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय नर्बदा देवी अग्रवाल के 100वें जन्म वर्ष की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से इस महिला पुलिस बैरक का निर्माण कराया गया है, ताकि समाज और पुलिस बल को एक स्थायी सुविधा मिल सके। डॉ. अग्रवाल ने यह भी बताया कि इससे पहले भी उन्होंने पुलिस कर्मियों के लिए शहर में तीन बैरकों का निर्माण कराया है। यह पहल उनके परिवार की समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## अभियंत्रण महाविद्यालय में जागरूकता संगोष्ठी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में 30 वीं बिहार बटालियन एनसीसी के निर्देशन में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता संगोष्ठी एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संसाधनों के संरक्षण और उनके सतत उपयोग के प्रति छात्रों में जागरूकता बढ़ाना रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राम नरेश राय ने अपने संबोधन में कहा कि "जल हीं जीवन है और इसका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।" उन्होंने विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति सजग रहने और समाज में इसके महत्व का प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के शैक्षणिक भवन के कक्ष संख्या 108 में किया गया। संगोष्ठी का समन्वयन सहायक प्राध्यापक एवं एनसीसी के सीटीओ डॉ. रामदयाल सिंह कुशवाहा द्वारा किया गया। "Every Drop Counts – Save Water, Save Future" थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में जल संरक्षण पर व्याख्यान, "प्रत्येक बूंद महत्वपूर्ण" विषय पर चर्चा तथा जल संरक्षण एवं संवर्धन अभियान चलाया गया। संगोष्ठी में एनसीसी कैडेट्स एवं अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें तृतीय वर्ष के छात्र अमित ने "पानी की बचत" विषय पर प्रभावशाली भाषण देकर सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रथम वर्ष की छात्रा आकृति सिन्हा ने किया। उन्होंने जल संरक्षण विषय पर एक रोचक क्विज़ का भी आयोजन किया, जिससे छात्रों में उत्साह और सहभागिता देखने को मिली।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### इंटरकास्ट मैरेज के बाद मुजफ्फरपुर में युवक की हत्या, फोन पर मिली सूचना



**हाजीपुर**। मुजफ्फरपुर में अंतरजातीय विवाह करने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान अमित कुमार पाण्डेय के रूप में हुई है। घटना को लेकर जहां परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं, वहीं पुलिस की शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है। वैशाली के मांगनपुर गांव निवासी मृतक के भाई गौतम कुमार पाण्डेय ने बताया कि 19 मार्च 2026 की रात करीब 10 बजे उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन कर अमित की मौत की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वह परिजनों के साथ मुजफ्फरपुर के भीखनपुरा उत्तर टोला स्थित महाराणा नगर रोड नंबर-05 स्थित उनके आवास पहुंचे। वहां स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस अमित को अस्पताल ले गई है। परिजनों के अनुसार, अमित कुमार पाण्डेय ने साल 2020 में तुर्की थाना क्षेत्र के जावा दिह गांव निवासी रागनी प्रजापति से कोर्ट मैरिज के जरिए अंतरजातीय प्रेम विवाह किया था। शादी के शुरुआती एक वर्ष तक दोनों का वैवाहिक जीवन सामान्य रहा, लेकिन बाद में पारिवारिक तनाव बढ़ने लगा। गौतम कुमार पाण्डेय का आरोप है कि उनकी भाभी और ससुराल पक्ष के लोग अमित को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। उन पर पैतृक जमीन बेचकर शहर में बसने का दबाव बनाया जा रहा था। पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए अमित गांव छोड़कर मुजफ्फरपुर में रहने लगे थे।


### रोड एक्सीडेंट में मजदूर की मौत, घर से 500 मीटर दूर काम से जा रहा था, ई-रिक्शा ने टक्कर मारी

**हाजीपुर**। वैशाली के सराय थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 42 वर्षीय अमरजीत कुमार की मौत हो गई। कोयला मोहन गांव के पास एक तेज रफ्तार मालवाहक ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह घटना इमादपुर-महुआ मुख्य मार्ग पर कोयला मोहन गांव के पास हुई। अमरजीत कुमार अपने घर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान इमादपुर से महुआ की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक अमरजीत कुमार कोयला मोहन गांव निवासी स्वर्गीय विश्वनाथ राय के इकलौते पुत्र थे। वे विवाहित थे और उनके चार बच्चे हैं, जिनमें एक लड़का और तीन लड़कियां शामिल हैं। उनके चचेरे भाई और पूर्व जिला पार्षद सदस्य पंछीलाल राय ने इस जानकारी की पुष्टि की है। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और सराय थाना पुलिस को सूचना दी। परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे और घायल अमरजीत को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सराय थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि कोयला मोहन गांव में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है; आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### वैशाली में पप्पू यादव बोले- राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक

**हाजीपुर**। पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने सोनपुर का दौरा किया, जहां उन्होंने एक पीड़ित परिवार से मुलाकात की और नीतीश सरकार पर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने पटना के गर्ल्स हॉस्टलों में रहने वाली छात्राओं को मुफ्त गैस सिलेंडर देने की भी घोषणा की। सांसद पप्पू यादव सोनपुर निवासी बिट्टू सिंह के परिजनों से मिलने पहुंचे थे। बिट्टू सिंह की हाल ही में पटना के दानापुर में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए सांसद ने राज्य की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बिहार में यह स्पष्ट नहीं है कि सरकार कौन चला रहा है और राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है। पप्पू यादव ने अपराधियों के बढ़ते मनोबल और लचर व्यवस्था के लिए सरकार की आलोचना की। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों पर विभिन्न मुद्दों पर केवल 'लाइन लगाने' का आरोप लगाया, जैसे कोरोना, नोटबंदी और अब रसोई गैस के लिए। अपने दौरे के दौरान, पप्पू यादव ने छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि पटना के गर्ल्स हॉस्टलों में रहने वाली सभी छात्राओं को मुफ्त गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को पढ़ाई के दौरान होने वाली असुविधाओं को दूर करना है। पप्पू यादव के इस दौरे और मुफ्त गैस सिलेंडर के उनके वादे ने राजनीतिक गलियारों में नई बहस छेड़ दी है। अब देखना होगा कि सरकार इस घोषणा पर क्या प्रतिक्रिया देती है।



### बुलेट बाइक की टक्कर से दो की मौत, परसा बाजार में मजदूर को रौंदा, एक युवक घायल

**पटना**। पटना के परसा बाजार थाना क्षेत्र में रात एक तेज रफ्तार बुलेट बाइक की टक्कर से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना सिमरा हाईवे पर हुई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, सिमरा के पास मजदूरी कर घर लौट रहे पिंटू दास को तेज रफ्तार बुलेट बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिंटू दास उछलकर सड़क किनारे जा गिरे। इसी क्रम में बुलेट बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में बाइक चला रहे कुर्जी निवासी राहुल कुमार और सड़क पार कर रहे मजदूर पिंटू दास की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बुलेट पर सवार कंकड़बाग निवासी अविनाश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। उन्होंने पटना-डोभी हाईवे मार्ग को टायर जलाकर बंद कर दिया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि इस मार्ग पर गाड़ियों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। सूचना मिलते ही परसा बाजार थाना प्रभारी मेनका रानी दलबल के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझा-बुझाकर मार्ग को साफ कराया और यातायात बहाल किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# 7 स्नैचर-लिफ्टर गिरफ्तार 42.37 ग्राम सोना, चांदी मिला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ दिल्ली से पटना तक फैला नेटवर्क, शहर के कई थानों में अलग मामलों में केस हैं रजिस्टर्ड

**पटना**। पटना जंक्शन पर RPF और जीआरपी की ओर से सर्च चलाया गया है। इसमें लिफ्टर-स्नैचर पकड़े गए हैं। जिनका नेटवर्क बिहार, दिल्ली समेत दूसरे राज्यों में भी फैला है। रेल डीएसपी भास्कर रंजन ने बताया, प्लेटफार्म नंबर एक के पूर्वी छोर पर तीन लोगों को संदिग्ध अवस्था में देखा गया। इसके बाद टीम उनसे पूछताछ करने के लिए आगे बढ़ रही थी। तब तक सभी भागने लगे। घेराबंदी करके सभी को पकड़ लिया गया। जब उनके बैग की तलाशी ली गई तो सोने चांदी के आभूषण मिले। संतोष जनक जवाब नहीं देने के चलते थाने पर लाकर पूछताछ की गई।

**दिल्ली में रहकर प्लंबर का काम करते हैं आरोपी**: इसमें आरोपियों ने बताया कि दिल्ली में रहकर प्लंबर का काम करते हैं। जिस घर में काम करने जाते थे। उस घर में हाथ साफ कर देते थे। सभी गहने चोरी के हैं। इसके अलावा प्लेटफार्म संख्या 2-3 के पश्चिमी छोर से भी 4 आरोपी पकड़े गए हैं जिनके पास से चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इन सभी के पास से लगभग 7 लाख के गहने और सामान बरामद किए गए हैं।

**पकड़े गए आरोपियों के नाम**: गहने के साथ पकड़े गए आरोपियों के नाम मोहम्मद अरमान (20) अमन कुमार (20) विवेक कुमार उर्फ नेपाली (21) है। चोरी के मोबाइल के साथ पकड़े गए आरोपियों के नाम सनी कुमार(30), मोनू कुमार (33), प्रमोद कुमार (25), राहुल कुमार (19) है।

इनके पास से चार स्क्रीन टच मोबाइल, 42.37 ग्राम सोने के गहने, 462.09 ग्राम चांदी के गहने बरामद किए गए हैं। पकड़े गए आरोपियों के आपराधिक इतिहास भी मिले हैं। इनके खिलाफ रेल थाना पटना जंक्शन, एयरपोर्ट थाना, पटना शास्त्री नगर थाना, में केस रजिस्टर्ड है।

## बिजली मिस्त्री के बेटे ने किया कमाल, 90 प्रतिशत अंक लाकर रचा सफलता का इतिहास

### IAS बनने का सपना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मसौढ़ी**: बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा मंगलवार को इंटरमीडिएट (12वीं) का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें कई छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसी कड़ी में मसौढ़ी के कुम्हारटोली मोहल्ला निवासी रवि किशन ने साइंस संकाय में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बड़ी सफलता हासिल की है।

रवि किशन की इस उपलब्धि से पूरे परिवार और मोहल्ले में खुशी का माहौल है। सीमित संसाधनों के बावजूद रवि ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उनके पिता हरिहर कुमार पेशे से बिजली मिस्त्री हैं और दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। वहीं उनकी मां इंदु देवी गृहिणी हैं, जो घर की जिम्मेदारियों के साथ बेटे की पढ़ाई में भी पूरा सहयोग देती रही हैं।

आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद रवि ने कभी अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया। उन्होंने नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। रवि की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि कठिन परिस्थितियाँ भी मेहनत और दृढ़ संकल्प के आगे बाधा नहीं बन सकतीं।

रवि किशन ने अपने भविष्य को लेकर कहा कि उनका सपना भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) अधिकारी बनना है। उन्होंने बताया कि वे केवल अपने लिए नहीं, बल्कि उन जरूरतमंद और संघर्षशील छात्रों के लिए अधिकारी बनना चाहते हैं, जिन्हें शिक्षा के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

रवि की इस सफलता से क्षेत्र के अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिली है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह मेहनत और लगन से पढ़ाई की जाए, तो हर छात्र अपने सपनों को साकार कर सकता है।

पंचमहला में अवैध बालू-पत्थर खनन पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## दो गैंगस्टर गिरफ्तार, देसी कट्टा और कारतूस बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना**। बिहार में अवैध बालू और पत्थर खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पंचमहला थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध खनन स्थल से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अपराधियों के पास से दो देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

पंचमहला थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि पकड़े गए दोनों युवक क्षेत्र के कुख्यात 'सोनू-मोनू गैंग' के सक्रिय सदस्य हैं। यह गिरोह लंबे समय से अवैध खनन के कारोबार में लिप्त था और डरा-धमकाकर अवैध वसूली भी करता था।

थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने यह भी स्पष्ट किया कि यह मामला काफी संवेदनशील है और गिरोह का नेटवर्क बड़ा हो सकता है। उन्होंने बताया कि इस पूरी कार्रवाई, बरामदगी और अपराधियों के आपराधिक इतिहास की विस्तृत जानकारी बाढ़ एसडीपीओ (SDPO) द्वारा दी जाएगी। बाढ़ एसडीपीओ आज दोपहर 3:00 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेंगे। इसमें पुलिस की इस उपलब्धि और गैंग के भावी मंसूबों का पूरा खुलासा किया जाएगा।

# व्रतियों ने किया खरना, 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू, पहला अर्घ्य आज





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी**! लोकआस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन सोमवार को छठव्रतियों ने दिनभर उपवास रखने के पश्चात संध्या पहर तालाबों,जलाशयों नदियों में स्नान करने के बाद चावल,दाल, खीर,रोटी,पीठा आदि का बहुत ही स्वच्छता के साथ आम के जलावन से मिट्टी या पीतल के बर्तनों में प्रसाद बनाया।शाम में शांत वातावरण में खरना का धार्मिक अनुष्ठान पूरा कर प्रसाद ग्रहण किया।व्रतियों के प्रसाद खाने के बाद श्रद्धालुओं के प्रसाद खाने का दौर शुरू हुआ,जो देर रात तक चलता रहा।इसके साथ ही तकरीबन 36 घंटे का व्रतियों का निर्जला उपवास शुरू हो गया।व्रती अब उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद प्रसाद ग्रहण कर उपवास तोड़ेंगी।वहीं मंगलवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।इसके लिए व्रती तालाब,नदी,में स्नान कर शाम में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य देंगी।

फिर बुधवार को सुबह में जल में उतरकर भगवान की आराधना करेंगे।साथ ही उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर घाट में ही प्रसाद ग्रहण कर व्रत का समापन करेंगी।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान भास्कर को जल से अर्घ्य देने से मानसिक शांति और जीवन में उन्नति होती है।लाल चंदन, फूल के साथ अर्घ्य देने से यश की प्राप्ति होती है। प्रातकालीन सूर्य को अर्घ्य देने से आरोग्य, आयु, विद्या,यश और बल की प्राप्ति होती है। सूर्य को अर्घ्य देने से पापों से मुक्ति मिलती है।

## 78 साल की लीलावती देवी: 18 वर्ष की उम्र से अटूट आस्था के साथ निभा रहीं छठ व्रत की परंपरा

अरविंद कुमार



**मसौढ़ी**। उम्र के इस पड़ाव पर, जब अधिकतर लोग आराम और सहारे की तलाश में रहते हैं, वहीं 78 वर्षीया लीलावती देवी अपनी अडिग आस्था और दृढ़ संकल्प से एक मिसाल बनी हुई हैं। पटना जिले के खेमनीचक मुहल्ले की रहने वाली लीलावती देवी पिछले 60 वर्षों से भी अधिक समय से छठ का कठोर व्रत लगातार करती आ रही हैं।

छठ पर्व को सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है, जिसमें 36 घंटे का निर्जला उपवास रखना पड़ता है। यह व्रत शारीरिक और मानसिक दोनों ही स्तर पर काफी कठिन होता है, लेकिन लीलावती देवी के लिए यह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि उनकी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है।

लीलावती देवी बताती हैं कि उन्होंने मात्र 18 वर्ष की उम्र में छठ व्रत की शुरुआत की थी। धीरे-धीरे यह व्रत उनकी आस्था का आधार बन गया। वे कहती हैं कि "छठी मैया का आशीर्वाद ही है कि मैं आज भी यह व्रत पूरी श्रद्धा से कर पा रही हूं।" उम्र बढ़ने के साथ जहां याददाश्त कभी-कभी कमजोर पड़ जाती है, वहीं छठ व्रत को निभाने का उनका संकल्प आज भी अटूट है।

वे हर साल मणिचक सूर्य मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करती हैं। चाहे बीमारी हो या कोई भी परेशानी, उन्होंने कभी इस व्रत को नहीं छोड़ा। उनके अनुसार, "व्रत रखने से मन शुद्ध होता है और आत्मा को शक्ति मिलती है। यह सिर्फ उपवास नहीं, बल्कि भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है।"

लीलावती देवी का मानना है कि जिन लोगों को व्रत की महत्ता समझ नहीं आती, वे इसकी असली शक्ति से अनजान हैं। उनके लिए छठ व्रत केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन जीने की प्रेरणा है।

आज के समय में, जब नई पीढ़ी परंपराओं से दूर होती जा रही है, ऐसे में लीलावती देवी की यह आस्था समाज के लिए एक प्रेरणादायक कहानी बनकर सामने आती है। उनका कहना है कि "जब तक सांस चलेगी, तब तक छठी मैया का व्रत करती रहूंगी।" उनकी यह कहानी बताती है कि सच्ची श्रद्धा और विश्वास के सामने उम्र और कठिनाइयां भी छोटी पड़ जाती हैं।

## शहीद दिवस पर फतुहा में गूंजा 'भारत माता की जय'

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। आज 23 मार्च शहीद दिवस के अवसर पर सोमवार को फतुहा में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। प्रेम यूथ फाउंडेशन ने स्थानीय हाई स्कूल परिसर में सम्मान समारोह और पदयात्रा का आयोजन किया। इस दौरान देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले अमर भगत सिंह को श्रद्धादांलि अर्पित किया गदया। साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों और एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित किया गया।

**स्कूल परिसर से निकाली विशाल पदयात्रा**: सम्मान समारोह के बाद हाई स्कूल परिसर से एक विशाल पदयात्रा निकाली गई। इसमें शामिल प्रतिभागी हाथों में तिरंगा लिए 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। यह पदयात्रा स्कूल परिसर से शुरू होकर मुख्य चौराहा होते हुए फतुहा प्रखंड कार्यालय पर समाप्त हुई। रास्ते में राहगीरों ने पुष्प वर्षा कर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।

समारोह में प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने शहीद दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और युवाओं को देश सेवा तथा शहीदों के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। उनके साथ फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार, बंका घाट जीआरपी प्रभारी गनौर दास, हाई स्कूल के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी और राजद नगर अध्यक्ष दयानंद यादव सहित कई छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बिहार इंटर रिजल्ट, कॉमर्स में पटना की बेटियों का दबदबा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति आज सोमवार को इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा 2026 का रिजल्ट जारी करने जा रही है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार दोपहर 1:30 बजे बिहार बोर्ड ऑफिस में परिणाम घोषित कर दिया है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि, 'हम लोगों ने इस साल 2026 में इंटर परीक्षा जारी कर दिया है। सभी परीक्षार्थी रिजल्ट देख सकते है। हम विशेष कर बिहार बोर्ड के अध्यक्ष को बधाई देना चाहते है। बिहार में 8वीं बार देश में सबसे पहले जारी किया गया है।'

**पटना की अदिति कुमारी कॉमर्स में टॉपर**: बिहार इंटर के कॉमर्स से 7 टॉपर्स में पटना की 5 बेटियों ने बाजी मारी है। पटना की छात्रा अदिति कुमारी ने कॉमर्स संकाय में पूरे बिहार में टॉप किया है। उन्होंने 480 अंक (96%) के साथ पहला स्थान हासिल किया है। अदिति कुमारी पटना के सेंट जेवियर स्कूल, गांधी मैदान की छात्रा हैं। अदिति ने बताया कि जब उन्हें टॉपर्स वेरिफिकेशन के लिए बुलाया गया था, तभी उन्हें लगा था कि अच्छे मार्क्स आएंगे। कई दिनों से बिहार बोर्ड के रिजल्ट को लेकर फेक न्यूज़ चल रहे थे। आज सुबह भी जारी होने की बात कही गई थी। उन्हें पहले यह भी फेक लगाया था, मगर फिर उन्होंने बिहार बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर चेक किया और 11:00 से ही रिजल्ट का इंतजार करने लगी थी। उन्होंने लाइव आनंद किशोर को अनाउंस करते हुए देखा कि वह कॉमर्स की बिहार में टॉपर बनी है।



**अदिती का सपना CA बनना है**: उन्हें काफी खुशी हुई और वह इसका श्रेय अपने माता-पिता और बड़े भाई को देती हैं। उन्होंने कहा कि वह दिन में 8 घंटे पढ़ाई करती थी। किसी तरह की कोचिंग नहीं ली है। पढ़ाई में कोई कंफ्यूजन होने पर वह यूट्यूब या फिर AI का सहारा लेती थी। उनका सपना है कि CA का बने। उनके पिता की बाकरगंज में स्पेयर पार्ट्स की दुकान है।

❐ अदिति कुमारी ने किया टॉप, कहा- मेरा सपना सीए बनना, नालंदी की निशिका कॉमर्स थर्ड टॉपर

**नालंदी की निशिका श्री कॉमर्स में तीसरा रैंक लाईं**: नालंदा की निशिका श्री ने कॉमर्स में थर्ड रैंक हासिल की है। उन्होंने कहा कि जब आनंद किशोर लाइव में टॉपर्स का अनाउंसमेंट कर रहे थे तो कॉमर्स में उन्होंने सिर्फ पहले और दूसरे स्थान पाने वाली छात्रा का नाम लिया था। तीसरा का नाम नहीं लिया था तो, इसीलिए उन्हें लगा कि वह टॉप लिस्ट में शामिल नहीं हुई है। लेकिन बाद में उनके कोचिंग के स्टूडेंट्स ने लिस्ट देखकर उन्हें इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह करीब 6 घंटे पढ़ाई करती थी।

**मामा-मामी के साथ रहती हैं निशिका**: पटना के ही एक निजी कॉमर्स कोचिंग से उन्होंने अपनी पढ़ाई की है। वह यहां अपने मामा-मामी के साथ रहती हैं। उनके पिता एक रोजगार सेवक और मां नर्स है। उन्होंने कहा कि जब रिजल्ट आया तो उन्होंने सबसे पहले अपने माता-पिता को फोन किया और वह काफी खुश हुए। उनकी मां ने पूरे अस्पताल में मिठाई बांटी है। निशिका का सपना चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA) बनने का है। वहीं, पटना की ही माही कुमारी ने 476 अंक (95.60%) हासिल कर दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि निशिका श्री ने 475 अंक (95%) तीसरे स्थान पर रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वी सिंहभूम में टाटा स्टील कर्मी के घर चोरी, लाखों के जेवर समेत कीमती सामान ले उड़े चोर



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में बारा फ्लैट स्थित क्वार्टर नंबर 262 में रहने वाले टाटा स्टील के कर्मचारी देवदत्ता के घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस के अनुसार, रविवार रात यह वारदात उस समय हुई जब घर पूरी तरह बंद था और देवदत्ता नाइट शिफ्ट में ड्यूटी पर गए हुए थे। सोमवार सुबह करीब 6:30 बजे ड्यूटी से लौटने के दौरान उन्हें पड़ोसी ने फोन कर घर का दरवाजा टूटा होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही देवदत्ता तुरंत घर पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि चोर दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे थे और पूरे घर का सामान बिखरा पड़ा था। चोर घर से लाखों रुपये के जेवरात, मोबाइल फोन, गिटार और बांसुरी लेकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जता रहे हैं। सिदगोड़ा थाना प्रभारी फ़ैज़ अहमद ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### तेज रफ्तार टेंपो की हाईवा से टक्कर, चालक की मौत




**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका थाना क्षेत्र में रविवार रात सड़क हादसे में टेंपो चालक की मौत हो गई। यह दुर्घटना एनएच-220 पर छोटानागपुर कॉलेज के पास रितिका ढाबा के समीप हुई, जहां सड़क किनारे खड़े एक हाईवा से टेंपो जा टकराया। जानकारी के मुताबिक सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड के एदल गांव निवासी चोनडी नंदी उर्फ डोमा नंदी (38) टेंपो ( जेएच 05 जे 5008) से पोटका के भूमरी नवकुंज से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान उनका टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े हाईवा के पिछले हिस्से से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तत्काल टाटा मेन हॉस्पिटल पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद हाईवा चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों ने बताया कि चोनडी नंदी परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके घर में वृद्ध माता-पिता हैं और जल्द ही उनकी शादी होने वाली थी। इस हादसे ने परिवार की खुशियों को पल भर में मातम में बदल दिया।

### झारखंड आंदोलनकारियों के सम्मान की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन, प्रशासन पर उपेक्षा का लगाया आरोप



**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड आंदोलनकारियों के सम्मान और अधिकारों को लेकर सोमवार को एक बार फिर आवाज बुलंद हुई। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले बड़ी संख्या में आंदोलनकारियों ने विशाल प्रदर्शन रैली निकाली। यह रैली शहर के विभिन्न इलाकों से गुजरते हुए जिला मुख्यालय पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी कर प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन में कई आंदोलनकारी पारंपरिक हथियारों के साथ शामिल हुए, जो उनके असंतोष को दर्शाता था। मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिबू काली मैती ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2021 में संकल्प जारी कर चिन्हित आंदोलनकारियों को सम्मान पत्र, प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह देने का वादा किया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि कई आंदोलनकारी सम्मान मिलने से पहले ही इस दुनिया से चले गए, जो अत्यंत दुखद है। मोर्चा के अन्य नेताओं में शामिल विश्वजीत प्रमाणिक, दौल गोविंद नामता, नील माधव प्रधान, आनंत प्रधान, शतनु गोप, इंद्र रवि दास और जगविंदर सिंह ने भी प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने उपायुक्त से मांग की कि सरकार के निर्देशों के अनुसार सभी पात्र आंदोलनकारियों को शीघ्र सम्मानित किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### ऊर्जा विभाग की नियमावली सार्वजनिक नहीं होने पर श्रमिक संघ नाराज, आंदोलन की दी चेतावनी



**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने ऊर्जा विभाग द्वारा बहाली और सेवा शर्तों की नियमावली तैयार किए जाने के बावजूद उसे सार्वजनिक नहीं करने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने सरकार से इसे जल्द सार्वजनिक करने की मांग की है। सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में अजय राय ने कहा कि नियमावली को सार्वजनिक नहीं करना बहाली प्रक्रिया में अपारदर्शिता को दर्शाता है। इससे हजारों आउटसोर्सिंग कर्मियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द स्थिति स्पष्ट नहीं करती है, तो संघ राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेगा। संघ ने मांग की है कि नई नियमावली को तुरंत सार्वजनिक किया जाए और उसमें आउटसोर्सिंग कर्मियों के समायोजन या नियमितीकरण का स्पष्ट प्रावधान किया जाए। साथ ही नई बहाली में वर्तमान कर्मियों को प्राथमिकता, सेवा सुरक्षा, उचित वेतन और वैधानिक लाभ सुनिश्चित किए जाएं। अजय राय ने कहा कि बीते विधानसभा के बजट सत्र के दौरान ही यह स्पष्ट हो गया था कि राज्य का ऊर्जा विभाग बहाली और सेवा शर्तों से संबंधित नई नियमावली तैयार कर चुका है। इसके बावजूद अब तक इसे सार्वजनिक नहीं किया जाना श्रमिकों के साथ छलावा प्रतीत होता है।

### रामनवमी पर रांची में लगेगा सेवा शिविर, श्रद्धालुओं का होगा स्वागत




**रांची।** रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को निकलने वाली शोभा यात्रा में शामिल श्रीराम भक्तों के स्वागत के लिए कचहरी चौक स्थित शिविर में विशेष व्यवस्था की गई है। बाबा विद्यापति स्मारक समिति की ओर से इस सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष जयंत झा ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शिविर में श्रद्धालुओं को कच्चा चना, गुड़ का शरबत और शीतल पेयजल वितरित किया जाएगा, ताकि शोभायात्रा में शामिल लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने जानकारी दी कि इस सेवा शिविर का उद्घाटन रोशनी खलखो और उप महापौर नीरज कुमार द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर दोनों अतिथियों को मिथिला पाग, अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ और समिति का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। अध्यक्ष जयंत झा ने बताया कि रामनवमी को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिविर में समिति के पदाधिकारी और स्वयंसेवक पूरी तत्परता के साथ मौजूद रहेंगे और श्रद्धालुओं की सेवा करेंगे।

# रांची में 'बैंक ब्रांच ऑडिट' विषय पर सेमिनार, पारदर्शिता और गुणवत्ता पर जोर

**एजेंसी। रांची**



इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की लेखापरीक्षा और आश्वासन बोर्ड, नई दिल्ली की ओर से सोमवार को बरियातू रोड स्थित होटल रमाडा में 'बैंक ब्रांच ऑडिट' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा के उप-क्षेत्रीय प्रबंधक स्वप्निल श्रीवास्तव ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में लेखापरीक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सीए से अपेक्षा की कि वे नए दिशा-निर्देशों और तकनीकों को अपनाते हुए गुणवत्तापूर्ण ऑडिट सुनिश्चित करें। रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अनीश जैन ने बताया कि आगामी माह में बैंक शाखाओं के वैधानिक अंकेक्षण का कार्य शुरू होने वाला है, जिसके लिए सीमित समय मिलता है। ऐसे में इस प्रकार के सेमिनार पेशेवरों को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से ऑडिट पूरा करने में मददगार साबित होते हैं। उन्होंने बदलते परिवेश में तकनीकी ज्ञान और अद्यतन जानकारी की आवश्यकता पर भी बल दिया। पहले तकनीकी सत्र में सीए राजीव गुप्ता ने बैंक शाखा ऑडिट के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने वैधानिक लेखापरीक्षण प्रक्रिया, जोखिम मूल्यांकन और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के महत्व को समझाते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के पालन पर जोर दिया। साथ ही दीर्घ-रूप लेखा-परीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर) फॉर्मेट को सही तरीके से भरने के व्यावहारिक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। दूसरे तकनीकी सत्र में सीए अनुरुद्ध तिवारी ने बैंक ऑडिट में दस्तावेजीकरण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि मजबूत दस्तावेजीकरण ऑडिट की गुणवत्ता को बढ़ाता है और भविष्य के लिए उपयोगी संदर्भ प्रदान करता है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल टूल्स के उपयोग से ऑडिट प्रक्रिया को अधिक कुशल और समयबद्ध बनाने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के प्रश्नों का विशेषज्ञों ने विस्तार से उत्तर दिया। साथ ही सीए विद्यार्थियों द्वारा बैंक शाखा ऑडिट पर आधारित एक स्क्रिप्ट प्ले का मंचन भी किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। सेमिनार का संचालन सीए अनूप कुमार ने किया। आयोजन को सफल बनाने में रांची शाखा के उपाध्यक्ष सीए विवेक खोवाल, कोषाध्यक्ष सीए हरेंद्र भारती, सीपीई कमिटी के अध्यक्ष सीए भुवनेश कुमार ठाकुर और कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया का विशेष योगदान रहा।

## प्रधानमंत्री से मिले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, शासन प्रमुख के रूप में 8931 दिन पूरे होने पर दी बधाई



**एजेंसी। रांची**

झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को शासन प्रमुख के रूप में 8931 दिन पूर्ण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान आदित्य साहू ने प्रधानमंत्री से विभिन्न मुद्दों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। बताया जा रहा है कि इस अवसर पर संगठनात्मक गतिविधियों और विकास से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में देश लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

# झारखंड में लोकायुक्त और सूचना आयोग की नियुक्तियों पर हाई कोर्ट में हुई सुनवाई

## 25 मार्च को होगी चयन समिति की बैठक

**एजेंसी। रांची**




झारखंड में लोकायुक्त सहित अन्य संवैधानिक पदों पर लंबित नियुक्तियों को लेकर दायर जनहित याचिका और अवमानना याचिका पर सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि लोकायुक्त और मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए चयन समिति (सलेक्शन कमिटी) की बैठक 25 मार्च को आयोजित की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने महाधिवक्ता राजीव रंजन की दलीलें सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई की तिथि 1 अप्रैल निर्धारित करते हुए सुनवाई स्थगित कर दी। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने अदालत को अवगत कराया कि रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया प्रगति पर है और जल्द ही चयन समिति की बैठक कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रार्थी राजकुमार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता वी.पी. सिंह ने पक्ष रखते हुए कहा कि राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त एवं सूचना आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। याचिकाकर्ताओं ने अदालत को बताया कि ये पद 3 से 5 वर्षों से रिक्त हैं, जबकि पिछले चार वर्षों से सरकार केवल समय मांग रही है, लेकिन ठोस नियुक्ति नहीं हो पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लगातार प्रक्रिया को टाल रही है, जिससे संवैधानिक संस्थाओं का कामकाज प्रभावित हो रहा है। वहीं राज्य सरकार ने दलील दी कि नियुक्ति प्रक्रिया जारी है और जल्द ही सभी रिक्त पदों को भरने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई 1 अप्रैल को निर्धारित की है।


# एचईसी जमीन घोटाला: प्रसन्नजीत पंडा की अग्रिम जमानत पर हाई कोर्ट सख्त, एसएसपी से मांगा जवाब

**एजेंसी। रांची**




हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी) की जमीन दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी से जुड़े मामले में आरोपित प्रसन्नजीत पंडा की अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। अदालत के निर्देश पर रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन स्वयं उपस्थित हुए। अदालत ने उनसे पूछा कि जब प्रसन्नजीत पंडा की अग्रिम जमानत याचिका उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय दोनों से पहले ही खारिज हो चुकी है, तो अब तक उनकी गिरफ्तारी क्यों सुनिश्चित नहीं की गई। अदालत ने 20 मार्च को दिए गए आदेश में एसएसपी को 23 मार्च को संबंधित दस्तावेजों के साथ सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी पक्ष के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि आरोपित प्रसन्नजीत पंडा जल्द ही निचली अदालत में आत्मसमर्पण (सरेंडर) करेगा। आरोप है कि पंडा के बैंक खाते में एचईसी जमीन सौदे से जुड़ी ठगी की रकम जमा हुई थी, जिसके आधार पर उसे मामले में सह-आरोपी बनाया गया है। इस मामले के मुख्य आरोपित एचईसी के महाप्रबंधक प्रमोद कुमार बेहरा हैं। उनके खिलाफ आरोप है कि उन्होंने एचईसी क्षेत्र में जमीन दिलाने के नाम पर तीन लोगों से सवा करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की। इस संबंध में सामेंद्र मंडल द्वारा धुर्वा थाना में कांड संख्या 38/2025 के तहत प्रमोद कुमार बेहरा, मोनालिया बेहरा, प्रतीमा बेहरा और प्रसन्नजीत पंडा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और अदालत ने पुलिस से कार्रवाई में तेजी लाने के संकेत दिए हैं।

## झारखंड में 27 और 28 मार्च को गर्जन और वज्रपात होने की संभावना



**एजेंसी। रांची**

झारखंड के विभिन्न जिलों में 27 और 28 मार्च को गर्जन के साथ हल्की बारिश और व्रजपात होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग की ओर से सोमवार को दी गई। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 32 डिग्री और सबसे कम तापमान गुमला में 11.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इधर, सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से आंशिक बादल छाए रहे, लेकिन दोपहर बाद मौसम पूरी तरह साफ हो गया। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 25.7 डिग्री और न्यूनतम 14.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 30.1 डिग्री और न्यूनतम 18.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 30.2 और न्यूनतम 16.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 28.1 डिग्री और न्यूनतम 16.5 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# कोल्हान विश्वविद्यालय की समस्याओं को लेकर छात्रों का प्रदर्शन, एआईडीएसओ ने सौंपा ज्ञापन

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**




ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) के बैनर तले छात्रों ने सोमवार को कोल्हान विश्वविद्यालय और जिले के विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में व्याप्त शैक्षिक समस्याओं के विरोध में प्रदर्शन करते हुए कुलपति और जिला उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। छात्र प्रतिनिधियों ने इस मौके पर बताया कि कोल्हान विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के शुरुआती दौर से ही बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा है। इन समस्याओं के कारण छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और अब तक इनके समाधान के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। ज्ञापन में छात्रों ने सभी महाविद्यालयों में पर्याप्त संख्या में शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही स्थायी नियुक्ति होने तक अतिथि शिक्षकों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। छात्रों ने सभी विभागों में स्वच्छ पेयजल और साफ-सुथरे शौचालय की व्यवस्था करने की मांग उठाई। छात्रों ने पुस्तकालयों और प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण की आवश्यकता बताते हुए सिलेबस के अनुरूप अद्यतन पुस्तकें और उच्च गति इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि छात्र ऑनलाइन पढ़ाई का लाभ उठा सकें। प्रयोगशालाओं में नियमित प्रायोगिक कक्षाओं के संचालन के लिए बिजली, आवश्यक उपकरण और लैब स्टाफ की व्यवस्था करने की भी मांग रखी गई। इसके अलावा छात्रों ने चांसलर पोर्टल के माध्यम से संचालित ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया को बंद कर प्रत्यक्ष नामांकन प्रणाली लागू करने और छात्रों के लिए सभी बसों में निःशुल्क यातायात सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। एआईडीएसओ ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो छात्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन की प्रतिलिपि राज्यपाल, मुख्यमंत्री और झारखंड के शिक्षा मंत्री को भी भेजी गई है। इस दौरान डेविड तमसोई, शुभाशीष प्रधान, अजय प्रजापति, सुचित्रा बानरा, सगुन हांसदा, जतिन दास, पांडु सिंह खूंटीआ, रघुनाथ, खुशी गोप सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**अज्ञात बिक्षिप्त पुरूष का शव उम्र करीब–62 वर्ष, उँचाई–5 फिट 4 ईंच, रंग–सॉवला, पहनावा–काला पैंट पहचान–सीना में तील का निशान।**

उपरोक्त अज्ञात बिक्षिप्त पुरूष का शव तुपुदाना ओ0पी0 अन्तर्गत हरदाग चौक हनुमान मन्दिर के नजदीक रोड के किनारे से बरामद किया गया है। जिसके संबंध धुर्वा(तुपुदाना ओ0पी0) थाना यू0डी0 कांड सं0–03/26, दिनांक–22.02.2026 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात बिक्षित पुरूष के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक हटिया, रॉंची। –9431706143
थाना प्रभारी तुपुदाना ओ0पी0, रॉंची। –9431706167

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 375868 Police(25-26)#D

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**Short Tender Notice**

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with Short NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 873/PR/JUSNL/ 2025-26 | Housekeeping of inside building, toilet, windows, door etc. and sanitary work of all offices and colony campus at Transmission Zone IV, Medininagar for FY 2026-2027 | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 12800/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents **24/03/2026** at 11:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **06/04/2026** at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **07/04/2026** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender : **08/04/2026** at 02:00 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9835768602.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV,
Medininagar

PR 375824 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 25-26 (D)

## संक्षिप्त समाचार

### असम विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की पांचवीं लिस्ट

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने उम्मीदवारों की पांचवी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में 7 विधानसभा सीटों के लिए विधायक उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। इस लिस्ट में गोस्साईगांव से जोसेफ हासदा, दोतमा से बिरकांग बोरो, बिजनी विधानसभा क्षेत्र से रजत कांति साहा का नाम शामिल है। इसके अलावा भेरगांव से अंचुला ग्वारा दैईमैरी, मजबात से नारायण अधिकारी, हैफलांग से निर्मल लांगथासा और खैतीगोराह से अमर चंद जैन को उम्मीदवार बनाया गया है। 126 सीटों वाली असम विधानसभा के लिए कांग्रेस पार्टी ने अभी तक उम्मीदवारों की पांच लिस्ट जारी की हैं। इनमें पहली लिस्ट में 42 उम्मीदवार, दूसरी में 23, तीसरी में 22 और चौथी में 7 के नाम सामने आए थे। विधानसभा चुनाव के लिए अभी तक कांग्रेस पार्टी ने 100 से ज्यादा उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। हालांकि पार्टी पूरे 126 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ेगी, वह कुछ सीटें अपने सहयोगियों के लिए भी छोड़ेगी। कांग्रेस ने अपने सहयोगी रायजोर दल को 11 सीटें दी है। पार्टी की तरफ से किए गए ऐलान के मुताबिक, मानस, दलगांव, ढिंग, कलियाबोर, सिसिबरगांव, तेजपुर, मार्घेरिटा, डिगबोआई, शिवसागर, मारियानी, बोकाखाट विधानसभा में में रायजोर दल उम्मीदवार उतारेगा।126 सीटों वाली असम विधानसभा के लिए मुख्य मुकाबला कांग्रेस पार्टी और सत्ताधारी भाजपा और एनडीए गठबंधन के बीच है। यहां पर वर्तमान में हिमंत विस्वा सरमा मुख्यमंत्री है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए को यहां 126 में से 75 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा ने अकेले 60 सीटें जीती थी, जबकि उसकी सहयोगी असम गण परिषद ने 9 पर विजय हासिल की थी। कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 50 सीटें हासिल की थीं। जबकि एक सीट रयाजोर दल के खाते में गई थी। चुनाव आयोग ने 9 अप्रैल को यहां पर मतदान करवाने की घोषणा की है। इसके बाद 4 मई को विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे।

### यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं में छात्र कर रहे पास करने की भावुक अपील

**गाजियाबाद, एजेंसी।** घर की कंडीशन सही नहीं है। सहारे के लिए मैं मजदूरी करता हूं इसलिए परीक्षा की ठीक से तैयारी नहीं हो सकी। पास करना आपके हाथ में है। पास हो गया तो अब मेहनत करूंगा और आर्मी में भर्ती देखूंगा। जिससे मैं देश की सेवा कर सकूं और घर में दूसरे भाई बहनों को अच्छे से पढ़ाई करा सकूंगा। पास करने की यह भावुक अपील इंटरमीडिएट के एक छात्र ने अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखी। 18 मार्च से मूल्यांकन कार्य चल रहा है। जिसमें लगातार परीक्षकों को उत्तर पुस्तिकाओं में अलग अलग तरह की पास करने के लिए अपील लिखी हुई मिल रही हैं। हालांकि मूल्यांकन कार्य नियमानुसार प्रश्नों के जो उत्तर लिखे हैं उनके अनुसार ही किया जा रहा है। परीक्षकों ने बताया कि मूल्यांकन कार्य के दौरान उत्तर पुस्तिकाओं में पास करने के लिए विद्यार्थियों की लिखी अपील देखकर कई बार हंसी आती है तो कई बार सोचने पर मजबूर हो जाते हैं, लेकिन इन सबको नजर अंदाज कर प्रश्नों के उत्तर के हिसाब से ही नंबर दिए जाते हैं। किसी विद्यार्थी ने अपनी बीमारी के बारे में लिखा है तो किसी ने घर की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए अच्छे नंबर देने का अनुरोध किया। वहीं एक विद्यार्थी ने लिखा कि वह खूब पढ़ता है। सबकुछ याद तो रहता है, लेकिन पेपर देखकर वह सब भूल जाता है। एक विद्यार्थी ने अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखा कि सर जी, मैंने बहुत मेहनत की है। पेपर अच्छे से किया है। आप नंबर भी अच्छे दीजिए। नंबर कम रह गए तो मेरा सरकारी कालेज में दाखिला नहीं हो सकेगा। सरकारी कालेजों में मेरिट काफी ऊपर रहती है। प्राइवेट में फीस ज्यादा है तो दाखिला नहीं ले सकेंगे। मूल्यांकन कार्य में जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगी है उनमें से बड़ी संख्या में परीक्षक लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं। ऐसे में मूल्यांकन कार्य में देरी हो सकती है, लेकिन अब शिक्षा विभाग द्वारा ऐसे शिक्षकों एवं वित्त विहीन विद्यालयों पर कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा ऐसे शिक्षकों एवं जिन वित्त विहीन विद्यालयों द्वारा शिक्षकों पर मूल्यांकन के लिए नहीं भेजा जा रहा है उनको नोटिस जारी किया गया है।

# नियम का उल्लंघन कर बना डालीं 5000 से अधिक इमारतें



**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम शहर में भवन निर्माण के नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। भू-माफियाओं और निर्माणकर्ताओं ने प्रशासन की नाक के नीचे पांच हजार से अधिक अवैध इमारतें खड़ी कर दी हैं। हैरानी की बात यह है कि महज तीन-तीन फीट चौड़ी तंग गलियों में छह से सात मंजिला ऊंची इमारतें बना दी गई हैं। आग लगने की स्थिति में इन इमारतों में बचाव कार्य में मुश्किल आ सकती है।


शहर के पॉश इलाकों से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति सबसे अधिक भयानक है। गांव सिकंदरपुर, चक्करपुर, नाथूपुर, उल्लावास, रामगढ़, और बादशाहपुर सहित दर्जनों गांवों में इस तरह की अवैध इमारतों की बाढ़ आ गई है। इन गांवों की गलियां इतनी तंग हैं कि दो लोगों का एक साथ निकलना भी मुश्किल होता है। ऐसे में यदि किसी इमारत में आग लगने जैसी कोई आपातकालीन घटना हो जाए, तो वहां आग बुझाने वाले भारी वाहन तो दूर, बचाव दल का दुपहिया दस्ता (मोटरसाइकिल) भी प्रवेश नहीं कर सकेगा। इन संकरी और घुमावदार गलियों में बनी छह से सात मंजिला इमारतों में सुरक्षा का कोई भी उपाय मौजूद नहीं है। आपात स्थिति में यहां से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना पूरी तरह से असंभव है। इन इमारतों में रहने वाले हजारों लोग पूरी तरह से राम भरोसे अपना जीवन जी रहे हैं। जिम्मेदार विभागों ने इस पूरी प्रक्रिया के दौरान अपनी आंखें मूंदे रखीं। नगर निगम और दमकल विभाग की तरफ से इन जानलेवा और अवैध इमारतों के खिलाफ आज तक कोई ठोस दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। नियमों के अनुसार, बिना अनुमति बनी इन इमारतों को सील करने या गिराने का स्पष्ट प्रावधान है, लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत या घोर लापरवाही के कारण इन्हें खुलेआम पनपने दिया गया। दमकल विभाग ने भी कभी इन तंग गलियों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की जांच करने की जहमत नहीं उठाई। प्रशासन की इस खतरनाक चुप्पी के कारण निर्माणकर्ताओं के हौसले बुलंद हैं। शहर में अवैध निर्माण होने का सबसे मुख्य कारण यह है कि नगर निगम गुरुग्राम में भवनों के जल्दी से नक्शे पास नहीं होते हैं। निगम रिकॉर्ड के अनुसार, सालाना 500 नक्शे ही मुश्किल से पास होते हैं। बीते करीब एक साल से निगम का पोर्टल भी काम नहीं कर रहा। लोगों को सरल पोर्टल से आवेदन करना पड़ रहा है। इस कारण शहर के लोग निगम से भवनों के नक्शे पास कराने के लिए आवेदन तक नहीं कर पा रहे। नगर निगम सीमा के भीतर किसी भी तरह का निर्माण करने से पहले विभाग से भवन का नक्शा स्वीकृत करवाना पूरी तरह अनिवार्य है। मकान की ऊंचाई और मंजिलों की संख्या खाली भूखंड (प्लॉट) के आकार और उसके सामने वाली सड़क की चौड़ाई के आधार पर तय की जाती है।

### उड़ान के लिए तैयार नोएडा एयरपोर्ट, अधूरे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे ने फरीदाबाद की कनेक्टिविटी का इंतजार बढ़ाया

**फरीदाबाद, एजेंसी।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनकर तैयार हो गया है। 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। इसी एयरपोर्ट से फरीदाबाद की कनेक्टिविटी के लिए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण अभी पूरा नहीं हो सका है। जुलाई तक इसके एक भाग का काम पूरा करने का दावा किया गया है। इसलिए एयरपोर्ट तक जाने के लिए कनेक्टविटी का शहरवासियों को अभी और इंतजार करना होगा। दूसरे भाग यानी कुंडली–गाजियाबाद–पलवल एक्सप्रेसवे से दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे तक कनेक्टिविटी के लिए अगले साल तक इंतजार करना होगा। वैसे एयरपोर्ट से कुंडली–गाजियाबाद–पलवल एक्सप्रेसवे वाले भाग का काम तेजी से चल रहा है। कुछ ही दिन पहले दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस–वे से लिंक होकर नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक बन रहे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे की बढ़ी हुई लागत को केंद्र सरकार की अनुमति दे दी थी। इसके बाद काम में तेजी आ गई है। पहले इस परियोजना की लागत 1660 करोड़ थी जो बढ़कर 3630.77 करोड़ हो गई है। क्योंकि पहले इस परियोजना का कोई भी हिस्सा एलिवेटेड नहीं था लेकिन बाद में मास्टर प्लान 2031 के तहत सेक्टर न बंटे, इसलिए आठ किलोमीटर एलिवेटेड बनाया जा रहा है। एलिवेटेड भाग साहुपुरा सेक्टर–65 के मोड़ से लेकर सोतई–बहबलपुर गांव तक बन रहा है। एलिवेटेड बनने के कारण रहा कि परियोजना की लागत दोगुणा से अधिक हो गई।

## पुडुचेरी चुनाव में टीवीके का दांव, सभी 30 सीटों पर उतारे उम्मीदवार

**पुडुचेरी, एजेंसी।** पुडुचेरी में 2026 विधानसभा चुनाव को लेकर तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) ने बड़ा ऐलान किया है। पार्टी ने केंद्र शासित प्रदेश की सभी 30 विधानसभा सीटों के लिए अपने 30 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब पुडुचेरी में विभिन्न राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों की घोषणा तेजी से कर रहे हैं और चुनावी सरगर्मियां बढ़ गई हैं। तमिलगा वेट्री कझगम, जो मुख्य रूप से तमिलनाडु में सक्रिय है, अब पुडुचेरी में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराने की तैयारी में जुट गई है।



बता दें कि पुडुचेरी विधानसभा चुनाव 9 अप्रैल 2026 को एक ही चरण में होने हैं, जबकि मतगणना 4 मई 2026 को प्रस्तावित है। इस बीच अन्य प्रमुख दल जैसे बीजेपी, कांग्रेस, डीएमके और एनआर कांग्रेस भी अपनी रणनीति अंतिम रूप दे रहे हैं। तमिलगा वेट्री कझगम की इस घोषणा से पुडुचेरी की राजनीति में नया समीकरण बनने की संभावना जताई जा रही है।

बता दें कि अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने रविवार को पुडुचेरी में 9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए अपने दो उम्मीदवारों की घोषणा की। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(राजग) में समझौते के तहत उसे दो सीटें आवंटित की गई थीं। अन्नाद्रमुक को मुख्यमंत्री एन रंगासामी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) और भाजपा से सीट बंटवारे समझौते के तहत केन्द्र शासित प्रदेश में ऊप्पलम और ओरलियनपेट सीटें आवंटित की गई हैं।

अन्नाद्रमुक के महासचिव एदप्पादी के. पलानीस्वामी ने कहा कि अन्नाद्रमुक के राज्य सचिव और पूर्व विधायक अंबलगन ऊप्पलम से चुनाव लड़ेंगे।

# गौतमबुद्ध नगर के लिए 28 मार्च का दिन होगा खास

### प्रधानमंत्री मोदी नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का करेंगे उद्घाटन



**गौतमबुद्ध नगर , एजेंसी।** गौतमबुद्ध नगर के लिए 28 मार्च का दिन बेहद खास होगा। इस दिन जेवर में बने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। एयरपोर्ट के उद्घाटन के साथ ही जेवर के लोगों का 25 वर्ष पहले देखा गया सपना भी पूरा हो जाएगा। इसी के साथ एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट बनाने का रिकॉर्ड भी जिले के नाम दर्ज हो जाएगा। क्षेत्र के लोग इसके शुभारंभ का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एयरपोर्ट भले ही योगी आदित्यनाथ की सरकार में बना है, लेकिन इसका सपना 25 साल पहले राजनाथ सिंह ने देखा था और इसलिए 'पहला क्रेडिट' उन्हें जाता है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का प्रस्ताव वर्ष 2001 में उत्तरप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह ने पारित किया था। उसके बाद लंबे समय तक यह परियोजना ठंडे बस्ते में चली गई। एक समय ऐसा भी आया जब यूपीए के नेतृत्व वाली सरकार ने एयरपोर्ट को दिल्ली आईजीआई से 150 किलोमीटर से कम दूरी का हवाला देकर लटका दिया गया। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एयरपोर्ट को आगरा ले गए, जोकि आईजीआई से 200 किलोमीटर की दूरी पर था, लेकिन वर्ष 2014 में भाजपा सत्ता में आई तो जेवर में नोएडा एयरपोर्ट के बनने का रास्ता पूरी तरह से साफ हो गया। लोगों ने भी बिना परियोजना का दिल खोलकर स्वागत किया और बिना किसी विवाद के एयरपोर्ट के लिए जमीन दी।

इतनी बड़ी परियोजना के लिए पांच वर्षों में 2500 से अधिक हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण होने का रिकॉर्ड दर्ज है। दिल्ली के उप राज्यपाल ने स्वयं एयरपोर्ट का दौरा करने पहुंचे थे। यहां उन्होंने अधिकारियों से अधिग्रहण प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली थी। ऐसे में करीब 25 वर्ष पहले शुरू एयरपोर्ट की यात्रा 28 मार्च 2026 को पूरी हो जाएगी।

यह एयरपोर्ट सिर्फ गौतमबुद्धनगर जिले का ही विकास नहीं करेगा, बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ही तस्वीर बदल देगा। एयरपोर्ट के निर्माण के कारण गौतमबुद्धनगर, अलीगढ़, बुलंदशहर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ तथा हरियाणा के जिलों में अनेक अहम परियोजनाएं आई हैं। गौतमबुद्धनगर जिले में सबसे अधिक निवेश आने का प्रमुख कारण भी यह एयरपोर्ट ही है। वहीं, 70 लाख से अधिक लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। एयरपोर्ट के 3900 मीटर लंबे व 60 मीटर चौड़े रनवे पर 9 दिसंबर 2024 को पहली बार इंडिगो एयरलाइंस के एयरबस ए-320 कमर्शियल विमान वीटी-आईएफआई ने लैंडिंग की थी। विमान ने करीब 25 मिनट हवा में आईएलएस और अन्य उपकरणों की जांच की और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर से समन्वय स्थापित करते हुए रनवे पर सफल लैंडिंग की। लैडिंग के बाद विमान को सलामी (वाटर कैनन) दी गई। इस पल को वहां मौजूद लोगों ने अपने कैमरे में कैद कर सोशल मीडिया पर खुशी जाहिर की थी।

**2001:** तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह ने इंटरनेशनल एयरपोर्ट एंड एविएशन हब का प्रस्ताव पारित किया।

**2010:** तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने रक्षा मंत्रालय से इसका क्लियरेंस लिया।

**2013:** मुख्यमंत्री अखिलेश यादव इस प्रोजेक्ट को आगरा ले गए।

**2014:** एयरपोर्ट प्रोजेक्ट वापस जेवर आया।

**2015:** अखिलेश यादव ने एयरपोर्ट शुरू करने की इच्छा जताई।

**2017:** जुलाई में एयरपोर्ट के निर्माण साइट की अनुमति मिली, नवंबर में गृह मंत्रालय ने इमीग्रेशन हब्ल्ष्ट दी।

## डांस अकादमी की आड़ में चल रहा था वेश्यावृत्ति रैकेट, पुलिस ने छापा मारकर 25 महिलाओं को बचाया

**सोलापुर , एजेंसी।** महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में डांस अकादमी की आड़ में चल रहे वेश्यावृत्ति रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने हार्मनी फाउंडेशन और एक्सोडस रोड इंडिया फाउंडेशन जैसी गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से मोडनिंब गांव स्थित स्वरांजली कला केंद्र पर छापेमारी की। सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में 25 महिलाओं को बचाया गया, जिनमें से एक पश्चिम बंगाल की निवासी थी। इन महिलाओं को विभिन्न जिलों और राज्यों से मानव तस्करी के जरिए लाकर यहां फंसाया गया था। पुलिस ने इस ऑपरेशन में 5 लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें एक महिला भी शामिल है। आरोपियों पर मानव तस्करी का गंभीर आरोप लगा है।

शुरुआती जांच से पता चला है कि स्वरांजली कला केंद्र और पास के स्वागत लॉज से जुड़े लोग महिलाओं की तस्करी में शामिल थे। ये लोग नृत्य सिखाने के बहाने महिलाओं को लुभाते थे और उन्हें देह व्यापार में धकेल देते थे। छापेमारी से पहले एक जाली ग्राहक के माध्यम से पुलिस ने साक्ष्यों को जुटाया। स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में यह ऑपरेशन सफलता से अंजाम दिया गया। बचाई गई महिलाओं को तत्काल पुनर्वास गृह में शिफ्ट कर दिया गया, जहां उनकी सुरक्षा और देखभाल की जा रही है। यह मामला मानव तस्करी और महिलाओं के शोषण की गंभीर समस्या को उजागर करता है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में भी फैल चुकी है। हार्मनी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अब्राहम मथाई ने बताया कि जांच में यह सामने आया कि कला केंद्र का इस्तेमाल केवल दिखावे के रूप में किया जा रहा था। संगठन लंबे समय से ऐसी गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे और पुलिस के साथ मिलकर इस रैकेट को उजागर करने में सफल हुए।



इस तरह के ऑपरेशन महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मिसाल पेश करते हैं। बचाई गई महिलाओं में से अधिकांश आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से थीं, जिन्हें झूठे वादों से फंसाया गया। केवल महिलाओं को मुक्त कराया, बल्कि पूरे नेटवर्क की जानकारी भी जुटाई है। यह घटना समाज में छिपे हुए शोषण के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने का अहम कदम है।

## सोने-चांदी के बर्तन, गहने, पैसा; ईरान की मदद के लिए कश्मीर के लोगों ने दिया दान



**कश्मीर , एजेंसी।** अमेरिका और इजरायल के साथ जंग में उलझे ईरान की मदद के लिए कश्मीर के लोग आगे आए हैं। केंद्र शासित प्रदेश के जिले बडगाम में स्थानीय लोगों ने एक मस्जिद में दान केंद्र बनाया, जहां पर समुदाय के सदस्यों ने आकर अपनी क्षमता के अनुसार दान किया। कई लोग सोने-चांदी के बर्तन, गहने, सादा बर्तन, पैसे लेकर पहुंचे और उन्हें ईरान की मदद के लिए दान कर दिया। एएनआई के मुताबिक, बड़गाम की मस्जिद इमाम जमान में कई लोगों ने तेहरान की मदद के लिए दान दिया। कई महिलाओं ने अपने कानों की बालियां, घर में पुराने रखे सोने के बर्तन, कप, चाय के मग जैसे सामान का भी दान किया।

स्थानीय निवासी मोहसिन अली ने इस दान कार्यक्रम को लेकर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, 'इस दान केंद्र को बनाने का हमारा मकसद ईरान की मदद करना है। यहां से हमारी मां, बहनों ने अपना जेवर दिया है, उससे हम ईरान की आर्थिक मदद करना चाहते हैं। क्योंकि अभी यह हमारे हाथ में नहीं है कि हम ईरान में जाकर शहादत हासिल कर सकें या जान दे सकें, इसलिए अभी हम केवल आर्थिक तौर पर ईरान की मदद कर रहे हैं। '

अली ने कहा, 'ईरान, जालिम के खिलाफ कमजोरों की मदद कर रहा है। ऐसे में अगर हम ईरान की मदद करते हैं, तो यह कमजोरों की मदद करना है। हमारी शिक्षा है कि जालिम के खिलाफ खड़े हो जाओ। इसलिए हम यहां उनकी मदद करने के लिए खड़े हुए हैं। ताकि वह वहां से जालिम को भगा सके। ' कश्मीर में ईरान के लिए किए जा रहे दान को देश में मौजूद ईरानी एम्बेसी ने भी सहारा। एक पोस्ट को रिपोर्ट करते हुए ईरानी एम्बेसी के आधिकारिक चैनल से भारत को धन्यवाद कहा गया। आपको बता दें, कुछ दिन पहले ही ईरान की एम्बेसी की तरफ से भारत में ईरान के लिए दान करने की मुहिम शुरू की गई थी। इसके बाद हजारों लोगों ने पैसा दान किया था।

इससे पहले, 28 फरवरी से पश्चिम एशिया में जारी जंग का असर पूरी दुनिया पर देखने को मिल रहा है। होर्मुज के बंद होने के बाद दुनिया ऊर्जा संकट के मुहाने पर खड़ी नजर आ रही है। अमेरिका और इजरायल मिलकर लगातार तेहरान और बड़े ईरानी शहरों पर बम बरसा रहे हैं, तो ईरान भी पलटवार कर रहा है। दोनों तरफ से जारी यह संघर्ष अब परमाणु युद्ध की तरफ आगे बढ़ रहा है।

# जब मंत्री डॉ. संजय निषाद मंच पर ही फूट-फूटकर रोने लगे

**लखनऊ, एजेंसी।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने रविवार को गोरखपुर के महंत दिग्विजय नाथ पार्क से शक्ति प्रदर्शन के साथ चुनावी हुंकार भरी। इस 'प्रांतीय अधिवेशन' की सबसे बड़ी चर्चा राजनीतिक दांव-पेच से ज्यादा डॉ. निषाद के आंसुओं की रही। आरक्षण की मांग और समाज के उत्पीड़न का जिक्र करते हुए मंत्री जी मंच पर ही फूट-फूटकर रोने लगे, जिसने वहां मौजूद समर्थकों के साथ-साथ प्रदेश की सियासत में भी हलचल पैदा कर दी है। उनके आंसुओं के निहितार्थ निकाले जा रहे हैं।

'आज भी लूटी जा रही इज्जत' : सरकार में रहकर गंभीर आरोप

संजय निषाद ने अपने संबोधन में अत्यंत गंभीर और चौंकाने वाले आरोप लगाए। उन्होंने कहा, 'निषाद समाज की बहू-बेटियों का आज भी उत्पीड़न हो रहा है। दशकों से शोषण करने वाले लोग आज भी वैसा ही बर्ताव कर रहे हैं। हमारे समाज का हक छीना गया, उन्हें ठगा गया और उनकी इज्जत लूटी जा रही है।' यह भी कहा कि हम लोगों से वोट छीना जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि डॉ. निषाद खुद सरकार का हिस्सा हैं, फिर भी उन्होंने मंच से ही पुलिस अधिकारियों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि भाजपा सरकार में निषादों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने मांग की कि किसी भी निषाद पर मुकदमा दर्ज करने से पहले उसकी गहन जांच की जाए। डॉ. निषाद ने घोषणा की कि उत्तर प्रदेश की 160 विधानसभा सीटों पर निषाद मतदाता निर्णायक हैं और पार्टी इन सभी सीटों पर अपनी मजबूती दर्ज कराएगी। उन्होंने 5 अप्रैल तक प्रदेश भर में चार बड़ी रैलियां करने का ऐलान भी किया। अधिवेशन का मुख्य एजेंडा निषाद समाज को स्ट (अनुसूचित जाति) वर्ग में आरक्षण दिलाना था। इसकी मांग हालांकि वह लंबे समय से कर रहे हैं। उन्होंने इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि अंग्रेज निषादों से डरते थे, इसलिए उन्हें अपराधी जातियों की सूची में डाला गया, लेकिन आजादी के बाद भी उन्हें हक नहीं मिला। राजनीतिक गलियारों में डॉ. संजय निषाद के इन आंसुओं को महज भावुकता नहीं, बल्कि एक सोची-समझी 'इमोशनल कार्ड' वाली रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। जानकारों का मानना है कि भाजपा के साथ गठबंधन में रहते हुए भी जब 'निषाद आरक्षण' जैसे मुख्य वादे पर कोई ठोस प्रगति नहीं दिखी, तो समाज के भीतर उठ रहे असंतोष को शांत करने के लिए यह सबसे कारगर हथियार अपनाया है। रोकर संजय निषाद ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि वे अपनी ही सरकार में 'मजबूर' हैं, लेकिन अपने समाज के हक के लिए आज भी उतने ही संजीदा हैं जितने पहले थे।



यह आंसू उन कार्यकर्ताओं को भावनात्मक रूप से जोड़ने का एक प्रयास है जो सत्ता में भागीदारी के बावजूद खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। साथ ही, 160 सीटों पर दावेदारी ठोकने से पहले इस तरह का प्रदर्शन गठबंधन के बड़े साथी (भाजपा) पर दबाव बनाने की एक 'प्रेशर पॉलिटिक्स' मानी जा रही है, ताकि आगामी चुनावों में निषाद पार्टी को अधिक सीटें और तवज्जो मिल सके।

### प्रधानमंत्री महंगाई की बजाय चुनावी राजनीति में ज्यादा व्यस्त हैं: संजय राउत

**मुंबई , एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच रुपए की कीमत में गिरावट, गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर उद्धव गुट के सांसद संजय राउत ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने रुपये के गिरने पर चिंता जताई और प्रधानमंत्री की उस पुरानी टिप्पणी को याद दिलाया, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'जब रुपया गिरता है तो देश की साख और प्रतिष्ठा गिरती है।' उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री महंगाई की बजाय चुनावी राजनीति में ज्यादा व्यस्त हैं। नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उद्धव गुट के सांसद ने कहा, 'अबकी बार 100 के पार... मोदी जी कहां हैं? वह पश्चिम बंगाल में हैं, ममता बनर्जी को हराने के लिए राष्ट्रपति शासन की तैयारी कर रहे हैं। मोदी जी और अमित शाह वहां 'खेला' करने की कोशिश कर रहे हैं और इधर रुपये की कीमत गिर रही है। मोदी जी कहते थे कि रुपये के गिरने से देश की प्रतिष्ठा गिरती है, तो अब क्या गिर रहा है?' उन्होंने हमला बोलते हुए कहा, 'मोदी जी, अब झोला उठाइए और चले जाइए।' एएनआई से बातचीत करते हुए संजय राउत ने रुपए की घटती कीमत और महंगाई के लिए पश्चिम एशिया के संकट को कारण मानने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि रुपये की गिरावट प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल की शुरुआत से ही जारी है। उन्होंने कहा, 'सरकार चुप है और चुप ही रहेगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# विचार-मंथन

## संपादकीय

### सिस्टम का 'शॉर्ट सर्किट' और खराब उपकरण बन रहे मौत का कारण ?

दिल्ली में अनियोजित विकास की आपाधापी में जिस तरह से नियमों को धता बताया जाता रहा है, उसका नतीजा बार-बार किसी हृदयविदारक हादसे के रूप में सामने आता है। राजधानी के पालम इलाके की एक रिहाइशी इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई। कुछ लोग बच गए, लेकिन बुरी तरह झुलसे हैं।बताया जा रहा है कि घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र में शार्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। उस इमारत में भूतल और पहली मंजिल पर कपड़े और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें थीं, जिससे आग मिनटों में फैली। घर की बनावट ऐसी थी कि फंसे लोगों को बचाने की कोशिश नाकाम रही। साथ ही, मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों के खराब उपकरणों के कारण बचाव कार्य में देरी हुई।अगर विभाग की हाइड्रोलिक प्रणाली समय पर काम करती, तो कुछ लोगों की जान बचाई जा सकती थी। इस अग्निकांड से कई पुराने सवाल उठ रहे हैं, जिन पर अक्सर चर्चा होती है और नतीजा सिफर रहता है। इस हादसे में सुरक्षा नियमों की अनदेखी और विफलता के सवाल अहम हैं। दिल्ली में ऐसी कई इमारतें हैं, जो मिश्रित आवासीय-व्यावसायिक हैं। अवैध कालोनियों में नियमों के अनुपालन की उम्मीद करना बेमानी है।राजधानी में अधिकांश जगहों की यही तस्वीर है। ऐसी जगहों पर किसी भी तरह का हादसा होने पर बचाव कार्य में प्रायः दिक्कत होती है। संकरी गलियों के कारण आग लगने पर दमकल गाड़ियां पहुंचने में समय लेती हैं। अनियोजित बस्तियों में आपातकालीन सेवाओं के प्रभावी ढंग से काम करने की अक्षमता कई बार उजागर हुई है। पालम में भी यह स्थिति दिखी।राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इस तरह के इलाकों में आग लगने की घटनाओं की कई बार भयावह तस्वीरें सामने आई हैं। दो साल पहले विवेक विहार के एक अस्पताल में आग लगने से आठ शिशुओं की मौत हो गई थी। ऐसी सैकड़ों घटनाएं दर्ज की गई हैं। अक्सर, इमारतों में अग्नि सुरक्षा संबंधी इंतजाम नहीं होते। विद्युत प्रणालियां दोषपूर्ण होती हैं या भवन निर्माण संबंधी नियमों का उल्लंघन होता है।ऐसे हादसों में अक्सर प्रशासनिक उदासीनता, नगर निकायों में भ्रष्टाचार और विकासकर्ताओं तथा अधिकारियों के बीच सांठगांठ के तथ्य सामने आते हैं। सवाल उठता है कि आगे का रास्ता क्या हो? अधिकारियों को चाहिए कि वे आपदाओं के बाद नोटिस जारी करने से आगे बढ़कर सभी क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

*दिलचस्प बात तो यह है कि गैर नाटो देशों में ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया और भारत ने भी इस मामले में अमेरिका के आह्वान को नजरअंदाज कर दिया है। यूँ तो अमेरिका ने चीन से भी होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने में सहयोग मांगा, लेकिन सबने इंकार कर दिया, जिससे अमेरिका अलग थलग पड़ गया। सवाल है कि जिस नाटो को अमेरिका ने खड़ा किया।*

# अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध से तेल-गैस संकट गहराया

**(कमलेश पांडे)**

दिलचस्प बात तो यह है कि गैर नाटो देशों में ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया और भारत ने भी इस मामले में अमेरिका के आह्वान को नजरअंदाज कर दिया है। यूँ तो अमेरिका ने चीन से भी होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने में सहयोग मांगा, लेकिन सबने इंकार कर दिया, जिससे अमेरिका अलग थलग पड़ गया। पश्चिमी एशिया के लिए अभिशाप साबित हो रहे ईरान-इजरायल युद्ध, कोई साधारण युद्ध नहीं बल्कि एक प्रकार का सभ्यता-संस्कृति संघर्ष है, जिसके बीज इतिहास में ही जमे हुए हैं। एक ओर जहां यह युद्ध इजरायल के लिए उसके अस्तित्व के रक्षा की लड़ाई है, वहीं दूसरी ओर यह युद्ध ईरान के लिए ईसाई मुल्कों के कथित लोकतांत्रिक-आर्थिक दांवपेंचों से ईरान को महफूज रखकर अरब-खाड़ी देशों में एक मजबूत इस्लामिक साम्राज्य स्थापित करने की मनःसंकल्पित सोच-समझ और ईरान से वैश्विक इस्लामिक साम्राज्यवाद का दबदबा बढ़ाने के लक्ष्य को केंद्र में रखकर लड़ी जा रही है, जो आगे भी बदस्तूर जारी रह सकती, क्योंकि ईरानी धार्मिक शासन व संगठन का एकमात्र ध्येय यही है। वहीं, पश्चिम एशिया और मध्य-पूर्व के अकूत तेल व गैस भंडार पर जिस तरह से अमेरिकी-यूरोपीय गठबंधन वर्चस्व कायम है, और अपने अपने हितों को लेकर उनके बीच भी अंतर्विरोध उपज चुका है, वह अप्रत्याशित है। जबकि मध्यपूर्व में अमेरिकी वर्चस्व तोड़ने के लिए रूसी-चीनी नेतृत्व भी आमादा प्रतीत हो रहे हैं, जिसके दृष्टिगत चल रहे दांवपेंचों से इस्लामिक मुल्क लगभग दो या चार फाड़ हो चुके हैं। सच कहूं तो शिया-सुन्नी इस्लामिक विभाजन इसकी जड़ में है, लेकिन सुन्नी बहुल सऊदी अरब, शिया बहुल ईरान, हिन्दू विरोधी पाकिस्तान और मुसलमानों का खलीफा बनने की चाहत रखने वाले तुर्किये के आपसी दांवपेंच किसी से छिपे हुए नहीं हैं। इसके बावजूद, 56 इस्लामिक देशों को मिलाकर गठित ओआईसी और उसके इस्लामिक नाटो बनाने का वैश्विक लक्ष्य, यहूदियों के एकमात्र छोटे से मुल्क इजराइल को समाप्त करने पर तुले हुए ईरान की सनक से गहराते फिलिस्तीन-गाजा विवाद और भारतीय हिंदुओं के खिलाफ पाकिस्तान परस्त ओआईसी के अंतर्राष्ट्रीय दांवपेंचों ने जब हिंसक और आतंकवाद परस्त इस्लामिक दुनिया को मौजूदा क्रूर संघर्ष के मुकाम तक पहुंचा दिया तो जिधर देखें उधर तबाही और बर्बाद होने के अलावा अन्य कोई दूसरा रास्ता नजर नहीं आता। वैचारिक सवाल है कि जब हर हिंसक सोच का त्रासदीपूर्ण अंत होना नैसर्गिक प्रक्रिया के मुताबिक तय है तो फिर ईरान और अमेरिका इसी रक्तिम राह पर अग्रसर क्यों हैं? और यदि वो ऐसे ही हैं तो इससे शेष दुनिया आश्चर्यचकित क्यों है? शायद इसलिए कि उनके तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हो चुकी है, और अबतक सारा शांतिपूर्वक तमाशा देखने वाला खेल लगभग बिगड़ चुका है। संयुक्त राष्ट्र संघ के वैश्विक दायित्व पर सवालिया निशान तो बहुत पहले ही लग चुके हैं, लेकिन पीस बोर्ड ऑफ गाजा क्या कर रहा है? उधर, अमेरिकी-यूरोपीय देशों को बैलेंस रखने वाले रूस-चीन-उत्तरकोरिया गठजोड़ और अमेरिका को छोड़कर वीटो शक्ति प्राप्त अन्य चार देश क्या कर रहे हैं? दुनिया को वसुधैव कुटुंबकम का पाठ पढ़ाने वाला भारत और उसका ग्लोबल साउथ चुप्पी क्यों साधे बैठें हैं? कथित ओआईसी ईरान को मरता-पिछड़ता देखकर बेचैन क्यों नहीं हो रहा है? अब्राहम परिवार के भागीदार देशों के मुंह पर पट्टी क्यों बंधी हुई है? यदि कुछ देशों को परमाणु बम रखने और लंबी दूरी वाली मिसाइल बनाने का हक है तो फिर वही हक ईरान को रहने देने में किसको परेशानी हुई है? सुलगता सवाल है कि क्या कर ईरान को परमाणु बम बनाने का हक नहीं है, जबकि सिर्फ पाकिस्तान को यही हक अमेरिकी अगुवाई में प्राप्त है? क्या ईरान को लंबी दूरी की मिसाइल बनाने का हक नहीं है, और सिर्फ पाकिस्तान को अमेरिकी-चीनी सरपरस्ती में प्राप्त है? आखिर ऐसी ओछी दलीलों के पीछे अमेरिकी खलनीति तो साफ नजर आती है, क्योंकि इन्हीं सतही वजहों के सहारे ईरान पर हमले किए गए। न केवल ईरानी सुप्रीम लीडर और उनके चहेतों को मार गिराया गया, बल्कि उच्च पदस्थ लोगों के खात्मे का सिलसिलेवार अभियान इजरायल द्वारा जारी है! फिर भी ईरान ने जो अपनी रणनीतिक ताकत दिखाई, संगठनात्मक क्षमता प्रदर्शित किया, उससे ईरान विरोधी देश दंग हैं और यूरोपीय नाटो देश भयभीत! शायद इसलिए भी अब वो अमेरिका के साथ पूरी तरह से खड़े दिखाई देना नहीं चाहते हैं। ईरान अपने ही सहोदर अरब-खाड़ी व मध्यपूर्व के देशों की जो कुटाई कर रहा है, उसकी कल्पना भी कभी ओआईसी ने नहीं की होगी! इन तमाम रक्तिम रंजिशों के पीछे समझदारी की भावना है या ईर्ष्या का भाव, यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन उससे पहले ईरान क्या करेगा? अमेरिका इजरायल परस्त अपने पड़ोसियों को कितना बर्बाद कर पाएगा, यह वक्त बताएगा। सवाल यह भी है कि जब इस्लामिक नाटो बनाने के सपने संजोए जा रहे हैं, पाकिस्तान और तुर्की जैसे मुल्क भारत विरोध के नाम पर इजरायल विरोध तक पर तुले हुए हैं, उसके दृष्टिगत इजरायल का आक्रामक होना लाजिमी है। इस लंबे खिंचते जा रहे युद्ध से बचने के लिए दुनिया के थानेदार अमेरिका ने पूरी कोशिश की, लेकिन जिस तरह से पश्चिमी एशिया में ईरान अपनी मनमानी पर तुला हुआ है, उसे रूस-चीन-उत्तरकोरिया और कुछ हदतक भारत का समर्थन हासिल है, उसके दृष्टिगत इजरायल की रक्षा करने का कर्तव्य अमेरिका का तो बनता ही है, क्योंकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था की रीढ़ यहूदी कौम ही है। वो भी तब जबकि पश्चिमी एशिया के सुन्नी मुस्लिम देश भी शिया मुस्लिम मुल्क ईरान को कमजोर रखने को लालायित हों। यही वजह है कि अमेरिकी आक्रामकता, इजरायली वीरता, भारतीय तटस्थता और रूस-चीन की किंकर्तव्यविमूढ़ता जहां ईरान की फजीहत करवा रही हैं, वहीं शेष दुनिया में तेल-गैस के लाले पड़े हुए हैं। इससे इनके दाम आसमान छू रहे हैं। इसी बीच होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा पर अमेरिकी प्रस्ताव से इतर नाटो में उभरे मतभेद अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगियों के बीच रणनीतिक दृष्टिकोण के गहरे अंतर को दर्शाने को काफी हैं। इससे तेल-गैस के संकट गहराने और महंगाई बढ़ने के आसार प्रबल हैं। इस स्थिति से बचने हेतु अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो सदस्यों से होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए युद्धपोत भेजने की मांग की है, लेकिन यूके और जर्मनी जैसे देशों ने इसे नाटो का मामला मानने से इनकार कर दिया। इस मतभेद के कई कारण हैं। उल्लेखनीय है कि ईरान-अमेरिका-इज़राइल संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया है, जो वैश्विक तेल आपूर्ति का 20 प्रतिशत हिस्सा ले जाता है। इससे विफरते हुए ट्रंफ ने चेतावनी दी कि सहयोगी मदद न करने पर नाटो का भविष्य 'बहुत बुरा' होगा, लेकिन जर्मन विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल ने कहा कि नाटो ने कोई फैसला नहीं लिया और यह उसकी जिम्मेदारी नहीं। जबकि यूके के पीएम कीयर स्टार्मर ने यूरोप, खाड़ी देशों और अमेरिका के साथ अलग गठबंधन बनाने की बात कही, नाटो को शामिल किए बिना।

## ईरान-इजरायल युद्ध का असर, महंगाई बढ़ने का खतरा

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण तेल-गैस ठिकानों पर हमलों से वैश्विक बाजार में दबाव बढ़ गया है। क्रूड कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर हैं और रुपया कमजोर होने से भारत की आयात लागत बढ़ रही है। प्रीमियम पेट्रोल और इंडस्ट्रियल डीजल महंगे हुए हैं, जिससे उद्योगों की लागत बढ़ने और महंगाई बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। भारत के पेट्रोल मार्केट में इसके प्रीमियम वैरिएंट की हिस्सेदारी बहुत कम है, केवल 2 से 4 प्रतिशत तक। लेकिन, इसका 2.35 रुपये तक महंगा होना बताता है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की वजह से तेल-गैस पर दबाव बढ़ता जा रहा है और कंपनियों के लिए शायद बहुत देर तक इसे संभालना मुमकिन न रहे। इंडस्ट्रियल डीजल के दाम में भी बढ़ोत्तरी हुई है।मौजूदा संघर्ष में तेल-गैस ठिकानों को निशाना बनाए जाने के बाद से ग्लोबल मार्केट में अफरातफरी का माहौल है। कुवैत ने बताया कि शुक्रवार को भी ईरान ने उसकी मीना अल अहमदी रिफाइनरी पर हमला किया, जिसके बाद इसके कुछ हिस्सों को बंद करना पड़ा। सऊदी, यूएई और कतर - इन सभी की उत्पादन क्षमता प्रभावित हुई है, जिससे सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ा है। संकट से निपटने के लिए भारत अपने आयात में विविधता ला रहा है। लेकिन, क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमत परेशानी बनी हुई है। क्रूड अब भी 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर है, जबकि सऊदी अरब ने चेतावनी दी है कि अगर युद्ध जारी रहा तो दाम 180 डॉलर के पार भी जा सकता है। डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट से भारत के लिए परेशानी और बढ़ गई है। उसे तेल की खरीद के लिए ज्यादा विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ रही है। शुक्रवार को रुपया टूटकर 93.71 पर पहुंच गया। भारत में तेल की कीमतें बाजार स्थितियों के हिसाब से कंपनियां तय करती हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि स्टैंडर्ड पेट्रोल के दाम नहीं बढ़े हैं।

# प्रकृति की नन्ही दूत है चिड़िया

**(रमेश सर्राफ धमोरा )**

जब बच्चा कुछ समझने लगता है तो सर्वप्रथम उसको घर के आंगन में सबसे अधिक जो पक्षी देखने को मिलता है वह नन्ही चिड़िया यानी गौरैया होती है। यह चिड़िया बचपन से ही हमारी साथी बन जाती है जो बच्चों के इर्द-गिर्द ही घूमती रहती है और अपनी मीठी आवाज से उन्हें आकर्षित करती रहती है। विश्व गौरैया दिवस नन्ही घरेलू गौरैया और अन्य पक्षियों को समर्पित है। गौरैया की संख्या में हो रही तीव्र गिरावट के बारे में जागरूकता पैदा करने और लोगों को इन परिचित पक्षियों की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु यह दिवस प्रतिवर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य गौरैया के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और उनके लिए हमारे आस पास का माहौल बेहतर करना है। विश्व गौरैया दिवस 2026 एक बार फिर दुनिया को याद दिलाएगा कि आम पक्षियों को भी देखभाल और ध्यान की आवश्यकता है। कभी उपेक्षित समझी जाने वाली गौरैया अब कई कस्बों और शहरों से गायब हो रही हैं, जो इस दिन को रोजमर्रा की जैव विविधता और स्थानीय पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य के प्रति चिंता का प्रतीक बनाती है। गौरैया मानव इतिहास के सबसे परिचित पक्षियों में से एक हैं। वे घरों, खेतों, बाजारों और शहरी सड़कों के पास पाई जाती हैं। उनकी उपस्थिति यह दर्शाती है कि किसी क्षेत्र में अभी भी पर्याप्त भोजन, सुरक्षित घोंसले बनाने की जगह और बुनियादी पारिस्थितिक संतुलन मौजूद है। गौरैया की मधुर चहचहाहट कई देशों में सुबह और शाम के जीवन का अभिन्न अंग रही है। गौरैया छोटे, फुर्तीले पक्षी होते हैं जो 4 से 7 इंच तक लम्बे होते हैं। उनके गोल, मोटा शरीर और छोटी मजबूत चोंच होती हैं जो खुले बीजों को तोड़ने के लिए उपयुक्त होती हैं। उनके पंखों पर धारियां या गहरे रंग के धब्बे होते हैं। यह हल्की भूरे रंग या सफेद रंग में होती है। इसके शरीर पर छोटे-छोटे पंख और पीली चोंच व पैरों का रंग पीला होता है। जब बच्चा कुछ समझने लगता है तो सर्वप्रथम उसको घर के आंगन में सबसे अधिक जो पक्षी देखने को मिलता है वह नन्ही चिड़िया यानी गौरैया होती है। यह चिड़िया बचपन से ही हमारी साथी बन जाती है जो बच्चों के इर्द-गिर्द ही घूमती रहती है और अपनी मीठी आवाज से उन्हें आकर्षित करती रहती है। गौरैया बच्चों के हाथ से कई बार खाने की वस्तु भी झपटकर ले जाती है। छोटे बच्चे उन्हें पकड़ने के लिए उसके पीछे दौड़ते हैं और वह फुर्र से उड़कर ऊपर बैठ जाती है। गांव देहातों में यह आज भी देखने को मिल जाता है। मगर शहरों में अब ऐसा नजारा शायद ही कहीं देखने को मिलता होगा। गौरैया मनुष्य के आसपास रहना पसंद करती है। यह लगभग हर तरह की जलवायु पसंद करती है पर पहाड़ी स्थानों में कम दिखाई देती है। शहरों, कस्बों, गांवों, और खेतों के आसपास यह बहुतयात से पाई जाती है। नर गौरैया के सिर का ऊपरी भाग नीचे का भाग और गालों पर पर भूरे रंग का होता है। गला चोंच और आंखों पर काला रंग होता है और पैर भूरे होते है। मादा के सिर और गले पर भूरा रंग नहीं होता है। नर गौरैया को चिड़ा और मादा चिड़ी या चिड़िया भी कहते हैं। गौरैया पक्षियों के पैसर वंश की एक जीव वैज्ञानिक जाति है जो विश्व के अधिकांश भागों में पाई जाती है। आरम्भ में यह एशिया, यूरोप और भूमध्य सागर के तटवर्ती क्षेत्रों में पाई जाती थी। लेकिन मानवों ने इसे विश्वभर में फैला दिया है। यह मनुष्यों के समीप कई स्थानों में रहती हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6040

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | 5 | | 8 | | |
| | | 6 | 3 | | 9 | | | 2 |
| 4 | 2 | | | | | | | 7 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | | |
| | 5 | | | | | 1 | | 4 |
| 7 | | | | | | | 9 | 5 |
| 2 | | | 5 | | 7 | 3 | | |
| | | 1 | | 2 | 3 | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6039

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 5 |

## वर्ग पहेली 6040

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | 3 | 4 | ■ | 5 |
| 6 | | ■ | ■ | 7 | | 8 | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | | |
| ■ | 12 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 13 | | | ■ | 14 | 15 | | ■ |
| | ■ | | ■ | 16 | | ■ | 17 |
| 18 | 19 | | 20 | | ■ | 21 | |
| 22 | | ■ | 23 | | | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1980 में इस महान पार्श्वगायक का निधन हुआ था (6)
6. बर्फ, नीहार, मिहिका (2)
7. मर्मज्ञ, जो किसी का गुप्त भेद जानता हो (4)
9. ऊंची आवाज में बोली लगाकर माल बेचने का ढंग (3)
11. भय या शर्म के कारण कांप उठना (4)
12. शक, संदेह, भ्रम (3)
13. असघन, अनुपम (3)
14. तलहटी, भिक्षा झोली, आंचल, पल्ला (3)
16. महिला ईसाई पादरी को यह कहा जाता है (2)
18. भारत की प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना जिसे रवीन्द्रनाथ टैगोर ने नृत्य साम्राज्ञी कहकर संबोधित किया था (5)
21. 332 द्वीपों वाले फिजी देश की राजधानी यह है (2)
22. वह वाद्य जिसमें तार लगे हो (2)
23. वर देने वाला, अभीष्ट दायक, वरदायक, वरप्रद (4)

**ऊपर से नीचे**

1. भगवान विष्णु का एक रूप (3)
2. आक्रमण करने वाला, आक्रमणकारी (5)
3. पुस्तक पठन आधार (3)
4. यह शरीर की सबसे बड़ी हड्डी है (3)
5. घोर ध्वरि करना, दहाड़ना, घनकना (3)
8. यह भारत का सीमावर्ती राज्य है इसकी पश्चिमी सीमा और उत्तर पश्चिमी सीमा पाकिस्तानी सीमा के साथ मिली हुई है (4)
10. जनान खाना को यह भी कहते है (5)
13. उन्न्त, वर्धकाय, प्रफुल्ल (4)
14. पुराणानुसार कर्ण अधिक दान के कारण इस उपाधि से विभूषित थे (4)
15. हृदय, दिल, चित (2)
17. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप है (2)
19. पिता, पैदा करने वाला, पूज्य व्यक्ति (2)
20. देवता, सुर, ईश्वर (2)
21. पुत्री, बेटी (2)

### वर्ग पहेली 6039 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | मा | कि | न | ■ | सिं | ड | र |
| ह | म | ला | ■ | ■ | हा | ल | त |
| त | ला | ■ | त | म | स | ■ | ना |
| इं | ■ | पा | ■ | जा | न | व | र |
| दौ | र | ■ | ना | क | ■ | जू | ■ |
| री | ति | ■ | द | र | ब | द | र |
| ■ | प | र | ना | ना | ■ | ■ | बा |
| का | ति | ब | ■ | ■ | श | बा | ब |

# आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन प्रेम संबंधों को वाद-विवाद करा सकता है। इसलिए थोड़ा बचकर चलें। आपको मेहनत का फल मिलने लगेगा। आर्थिक मामलों में धन दोनों सकारात्मक हैं। लव के मामले में बात करना बहुत महत्वपूर्ण है। सयंम रखेंगे तो आपके जीवन में सुख समृद्धि का समय है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों ही आपके बेहतर रहेंगे।

### वृष
आज का दिन छोटी-मोटी बीमारियां से परेशान कर सकता है। यदि आप लव लाइफ में हैं तो आपका साथी आपसे खुश रहेगा। उनके साथ ज्यादा समय बिता पाएंगे। व्यवसाय से जुड़ी छोटी-मोटी समस्याएं आपको आ सकती हैं। आर्थिक मामलों में धन दोनों सकारात्मक हैं। लव के मामले में बात करना बहुत महत्वपूर्ण है।

### मिथुन
आज का दिन स्किल्स को बढ़ाने वाला रहेगा। अगर आप किसी यात्रा पर जाने वाले हैं तो आपकी मुलाकात किसी खास व्यक्ति से हो सकती है जो आपको लाभ दिलाएगी। आर्थिक स्थिति के लिहाज से दिन बढ़िया रहेगा। नवीन में संतुलन बनाकर चलें।

### तुला
आज का दिन व्यापार में कुछ नया करने के संकेत दे रहा है। यदि आप व्यापारी है। तो आप कुछ नए लेवल का सोचेंगे। रिश्तों में कड़वाहट आ सकती है। आपको कुछ रिश्ते बोझ लग सकते हैं। इससे आपको बाहर आना होगा। आर्थिक मदद करने के लिए किसी से पैसे की जरूरत पड़ सकती है। सुबह दिन की शुरुआत व्यायाम से करनी होगी।

### वृश्चिक
आज आप प्रेमी के रिश्तों से खुश रहेंगे। करियर में आपके उछाल आएगा। आपकी काम के प्रति आपकी लगन और मेहनत आपको सफलता दिलाएगी। स्वास्थ्य आपका अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में धन दोनों सकारात्मक हैं। लव के मामले में बात करना बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि यदि आप कहीं ऑनलाइन पेमेंट करने वाले हैं तो इसमें आपको थोड़ा सावधान रहना होगा।

### धनु
आज दिन पॉजिटिव परिणाम लेकर आएगा। यदि आप जीवन में सफलता पाना चाहते हैं तो इसके लिए आपको व्यवसायिक रूप से आ रही चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। बजट पर ध्यान देने के लिए आपको आय व्यय में संतुलन रखना होगा। यदि लव लाइफ में हैं तो आपका रोमांस बरकरार रहेगा।

### कर्क
आज का दिन पारिवारिक लिहाज से अच्छा नहीं रहेगा। रिश्तों में किसी बात को लेकर कड़वाहट आ सकती है। इसलिए इन सभी से निपटने के लिए आपको थोड़ा व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। करियर में आपको कुछ नई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ये आपको नौकरी में आपकी तरक्की और प्रमोशन में मदद करेगा। आर्थिक रूप से दिन ठीक रहेगा।

### सिंह
आज का दिन प्रेम जीवन में आपको इगो को नहीं आने देना है। व्यक्तिगत तौर से आपको अपने आप से अहंकार को दूर रखना होगा। आर्थिक मामलों में धन दोनों सकारात्मक हैं। लव के मामले में बात करना बहुत महत्वपूर्ण है।आपका अनुशासन के साथ जीना आपको लाभ दिलाएगा। नवरात्रि के चौथे दिन आपको सेहत संबंधी छोटी-मोटी समस्याएं आ सकती हैं।

### कन्या
आर्थिक मामलों में धन दोनों सकारात्मक हैं। लव के मामले में बात करना बहुत महत्वपूर्ण है। आपको कुछ रिश्ते बोझ लग सकते हैं। इससे आपको बाहर आना होगा। आर्थिक मदद करने के लिए किसी से पैसे की जरूरत पड़ सकती है। सुबह दिन की शुरुआत व्यायाम से करनी होगी।

### मकर
आपके जीवन में आगे बढ़ने के कई विकल्प मिलेंगे। यदि किसी कार्य को लेकर आप आगे बढ़ना चाहते हैं तो आपको पूरी प्लानिंग और एक्सपर्ट के साथ आगे बढ़ना होगा। अपने अंदर के टकराव को कम करें तो ही आपके लिए अच्छा होगा। हालांकि यदि आप कहीं ऑनलाइन पेमेंट करने वाले हैं तो इसमें आपको थोड़ा सावधान रहना होगा। सुबह दिन की शुरुआत व्यायाम से करनी होगी।

### कुंभ
आज दिन आपकी लव लाइफ अच्छी रहेगी। दैनिक जीवन में आपको आगे बढ़ने के कई मौके आएंगे। सुबह दिन की शुरुआत व्यायाम से करनी होगी। आर्थिक मामलों में धन दोनों सकारात्मक हैं। लव के मामले में बात करना बहुत महत्वपूर्ण है।जिनसे आप अपनी जरूरतों को पूरा कर पाएंगे। सूर्य की कृपा से सेहत आपकी अच्छी रहेगी।

### मीन
आज का दिन शुभ रहेगा। आपके जीवन में चल रही रुकावटें दूर होंगी। हालांकि आपको काम में गंभीरता बरतनी होगी। वरना लापरवाही आपके जीवन में रुकावटें ला सकती हैं। आपके जीवन में नवरात्रि के चौथे दिन धन की प्राप्ति के योग बनते दिख रहे हैं। हालांकि यदि आप कहीं ऑनलाइन पेमेंट करने वाले हैं तो इसमें आपको थोड़ा सावधान रहना होगा। सुबह दिन की शुरुआत व्यायाम से करनी होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

# आईपीएल की ऐतिहासिक छलांग

## 1000 करोड़ के पार पहुंची टीमों की स्पॉन्सरशिप; जानें इसका मतलब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 से पहले सामने आई एक रिपोर्ट में बताया गया कि कैसे आईपीएल की स्पॉन्सरशिप कमाई ने 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर दिया है. यह आंकड़ा पार होना लीग के लिए बड़ी उपलब्धि है. इससे एक बार फिर इस बात का पुख्ता सबूत मिलता है कि आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी और महंगी क्रिकेट लीग है. पैसों के मामले में कोई भी दूसरी क्रिकेट लीग आईपीएल के आसपास भी नहीं दिखती है.




### स्पॉन्सरशिप की बदलती कैटेगरी

एक वक्त पर फैंटेसी गेमिंग कंपनियां आईपीएल में फ्रेंचाइजी के साथ स्पॉन्सरशिप में अपना दबदबा कायम किए हुए थीं. लेकिन नियमों में हुए बदलाव के कारण इन कंपनियों को पीछे हटना पड़ा, जिससे बाकी तरह की कंपनियों को आगे आने का मौका मिला. इस तरह बदलती कैटेगरी ने स्पॉन्सरशिप में अहम किरदार अदा किया है.

गौर करने वाली बात यह है कि 1000 करोड़ रुपये की स्पॉन्सरशिप सभी टीमों में बराबर नहीं बंटती है. स्पॉन्सरशिप में कुछ टीमों ज्यादा आगे नजर आती हैं, जिसमें मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स की तिकड़ी टॉप पर है.

तीनों ही टीमें स्पॉन्सरशिप से तकरीबन 150 करोड़ रुपये बनाती हैं, जिससे तीनों टीमें टॉप पर नजर आती हैं. बाकी टीमों का आकंड़ा इससे नीचे ही नजर आता है. लिस्ट में गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइट राइडर्स दूसरे पायदान पर नजर आती हैं.

गौरतलब है कि पिछले सीजन यानी 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल का खिताब जीता था. यह 18 सालों के इतिहास में आरसीबी की पहली आईपीएल ट्रॉफी थी, जिसके बाद टीम की ब्रांड वैल्यू में बढ़ोत्तरी देखने को मिली थी.

### फ्रेंचाइजी के लिए स्पॉन्सरशिप के फायदे

किसी भी फ्रेंचाइजी के लिए स्पॉन्सरशिप बहुत फायदेमंद होती है. इससे टीमों को सिर्फ टिकट बिक्री पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है. टीमों को स्थिरता मिलती है, जिससे लीग में किसी भी तरह की कोई दिक्कत आने की समस्या नहीं पैदा होती है.

# जितेश शर्मा व रजत ने लगाई तूफानी फिफ्टी

### आईपीएल 2026 से पहले कोहली ने भी खेली दमदार पारी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा ने 37 गेंदों में 81 रन, कप्तान रजत पाटीदार ने 25 गेंदों में तूफानी 74 रन बनाए, जबकि सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पहले वार्म-अप मैच में 12 गेंदों में 29 रनों की छोटी लेकिन तेज पारी खेली। यह मैच 28 मार्च से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुरू होने वाले उनके टाइटल डिफेंस से पहले खेला गया था। बेंगलुरु में अपने घरेलू मैदान पर 'मेन इन ऑरेंज' के खिलाफ खिताब बचाने का अभियान शुरू करने से पहले आरसीबीके बल्लेबाज काफी अच्छी लय में




दिखे, भले ही उन्होंने छोटी-छोटी पारियां खेलीं। जितेश, रजत, देवदत्त पडिक्कल और क्रुणाल पांड्या उन बल्लेबाजों में शामिल थे जिन्होंने फिफ्टी जड़ी। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेंकटेश अय्यर की कप्तानी वाली टीम ने 234/7 का स्कोर खड़ा किया जिसमें जितेश (37 गेंदों में 81), टिम डेविड (14 गेंदों में 36), अय्यर (16 गेंदों में 30) और विराट (12 गेंदों में 29) ने स्कोरकार्ड पर अपना दबदबा बनाया। अपने 20 ओवरों में क्रुणाल की कप्तानी वाली दूसरी टीम ने 247 रन बनाए जिसमें रजत (25 गेंदों में 74), पडिक्कल (33 गेंदों में 63) और क्रुणाल (33 गेंदों में 58) ने शानदार प्रदर्शन किया। कोहली की बल्लेबाजी पर बात करते हुए क्रुणाल ने कहा, 'विराट ने आज जो कुछ शॉट खेले, वे कमाल के थे। वह अच्छी लय में दिख रहे हैं, जो हमारे लिए एक बहुत अच्छा संकेत है। इसलिए, हम उम्मीद कर रहे हैं कि सब अच्छा होगा।' मैच खत्म होने के बाद ऋष्क्कके मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने जितेश और रजत के शानदार प्रदर्शन की तारीफ की और बताया कि अभिनंदन सिंह, रसिक डार सलाम और विक्की ओस्तवाल जैसे युवा खिलाड़ियों ने गेंद के साथ भी अच्छा प्रदर्शन किया। एंडी फ्लावर ने कहा, 'मुझे लगता है कि आज शाम के कुछ खास पल वे थे जब हमने जितेश जैसे खिलाड़ियों को देखा, जिन्होंने 35 गेंदों में करीब 80 रन बनाए। रजत भी वहां थे, जो शानदार शॉट्स लगा रहे थे, जैसा कि हम जानते हैं कि वे लगा सकते हैं। कुछ युवा खिलाड़ी भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।




## कौन हैं सौरभ दुबे? जिन्हें केकेआर ने आकाश दीप की जगह किया टीम में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 की शुरुआत से पहले ही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को एक और बड़ा झटका लगा है। क्रिकबज की खबर के अनुसार, आकाश दीप आगामी सीजन से बाहर हो गए हैं। आकाश की जगह पर केकेआर ने सौरभ दुबे को टीम में शामिल किया है। सौरभ इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद टीम का हिस्सा रह चुके हैं। आईपीएल 2022 के ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद ने सौरभ दुबे को 20 लाख में खरीदा था। हालांकि, सौरभ को आईपीएल में डेब्यू करने का मौका नहीं मिल सका था। आईपीएल 2026 के ऑक्शन में सौरभ ने अपना बेस प्राइस 30 लाख रखा था, लेकिन उन्हें खरीदने में किसी भी टीम ने दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। क्रिकबज के मुताबिक, सौरभ पहले से ही केकेआर टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ घरेलू क्रिकेट में विदर्भ की ओर से खेलते हैं। सौरभ ने अब तक लिस्ट-ए क्रिकेट में 8 मुकाबले खेले हैं और 16 विकेट चटकाए हैं। वहीं, वह 3 टी20 मैच भी खेल चुके हैं। साल 2019 में खेले गए एसीसी इमर्जिंग एशिया कप में दुबे भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे। लिस्ट-ए क्रिकेट के अपने डेब्यू मुकाबले में सौरभ ने नेपाल के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 26 रन देकर चार विकेट निकाले थे और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 7 विकेट झटके थे।

केकेआर का तेज गेंदबाजी अटैक इस सीजन काफी कमजोर नजर आ रहा है। खबरों के अनुसार, हर्षित राणा और आकाश दीप टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। वहीं, मथीशा पथिराना शुरुआती मुकाबलों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। खिलाड़ियों की इंजरी से केकेआर का खेमा काफी परेशानी में दिख रहा है। आईपीएल 2025 में केकेआर का प्रदर्शन अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में निराशाजनक रहा था। टीम 14 में से सिर्फ 5 मैच ही जीत सकी थी, जबकि 7 मुकाबलों में टीम को हार झेलनी पड़ी थी। हालांकि, फिन एलन, टिम सीफर्ट और कैमरून ग्रीन के टीम में आने से कोलकाता का बैटिंग ऑर्डर जरूर इस सीजन दमदार दिख रहा है। एलन ने टी20 विश्व कप 2026 में सिर्फ 33 गेंदों में शतक लगाया था। वहीं, सीफर्ट की भी हालिया फॉर्म अच्छी है। आंद्रे रसेल के जाने के बाद केकेआर ने रोवमैन पॉवेल के रूप में एक और दमदार कैरेबियाई फिनिशर को टीम में शामिल किया है।

## यश दयाल-श्वेता पुंडीर की हल्दी सेरेमनी की फोटोज आई सामने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज यश दयाल इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। इसकी वजह क्रिकेट नहीं बल्कि उनकी प्रसनल लाइफ है। यश ने हाल ही में दिल्ली की रहने वाली कंटेंट क्रिएटर श्वेता पुंडीर से शादी रचाई है। इसके चलते वह काफी ज्यादा लाइमलाइट में है। श्वेता इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन फोटोज और



वीडियो शेयर करती रहती हैं। अब श्वेता ने अपनी हल्दी सेरेमनी की कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिसमें कपल काफी मस्ती करते हुए नजर आ रहा है।

सामने आई हल्दी सेरेमनी की फोटोज

हल्दी सेरेमनी में यश दयाल ने पीला कुरता और श्वेता पुंडी ने येलो साड़ी पहन रखी है। शेयर की गई फोटोज में दोनों को हल्दी लगी हुई है और दोनों काफी मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं। एक फोटो में दोनों स्विमिंग पूल में भी खड़े हुए हैं। यश दयाल ने हालांकि अपनी शादी को लेकर इंस्टाग्राम पर कोई फोटो या वीडियो नहीं डाली है।

# मैनचेस्टर सिटी ने जीता ईएफएल कप का खिताब

### फाइनल में आर्सेनल को 2-0 से हराया

**लंदन, एजेंसी।** मैनचेस्टर सिटी ने ईएफएल कप फाइनल में आर्सेनल को 2-0 से हराते हुए खिताब को अपने नाम किया। मैनचेस्टर की तरफ से फाइनल में निको ओ'रेली ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल करते हुए टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। मैनचेस्टर सिटी ने यह 9वीं लीग ट्रॉफी जीती है। सिटी से ज्यादा खिताब अब सिर्फ लिवरपूल के नाम है। पेप गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी मैनेजर के तौर पर यह मशहूर ट्रॉफी पांच बार जीती है, जो इंग्लिश फुटबॉल में एक रिकॉर्ड है। वह इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा सफलता पाने वाले मैनेजर के तौर पर ब्रायन क्लॉ, सर एलेक्स फर्ग्यूसन और जोस मोरिन्हो




(जिन्होंने सभी ने चार-चार जीते) से आगे निकल गए हैं। काराबाओ कप सिटी बॉस के तौर पर पेप की पहली ट्रॉफी थी, जिसमें उन्होंने 2018 में आर्सेनल को 3-0 से हराया था। उन्होंने अब उस विरासत में एक और नाम जोड़ लिया है और 1960 में प्रतियोगिता की शुरुआत के बाद से सबसे सफल मैनेजर बन गए हैं। हाफ टाइम के बाद सिटी ने आर्सेनल के मुकाबले ज्यादा बेहतर खेल दिखाया। मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। आर्सेनल की टीम खिताबी मुकाबले में संघर्ष करती हुई नजर आई, जिसका पूरा फायदा सिटी ने उठाया। पूरे सीजन मैनचेस्टर सिटी की शानदार कप्तानी करने वाले कप्तान बर्नार्डो सिल्वा ने टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने टीम की इस सफलता को सभी के लिए खास पल बताया। उन्होंने कहा, 'यह सिटी में सभी के लिए बहुत गर्व का पल है।

# एमएस धोनी से 60 साल की उम्र तक खेलने की अपील

### ● एक्टर के साथ बातचीत हुई वायरल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर सुर्खियों में हैं, और इस बार वजह उनका मजाकिया लेकिन दिलचस्प बयान है जिसने फैंस के दिलों में नई उम्मीद जगा दी है। आईपीएल 2026 से पहले चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में हुए एक फैन इवेंट के दौरान धोनी ने 60 साल की उम्र तक खेलने की बात कहकर माहौल को उत्साह से भर दिया। 44 साल की उम्र में भी उनकी फिटनेस और लोकप्रियता कायम है, और यही कारण है कि फैंस उन्हें लंबे समय तक मैदान पर देखना चाहते हैं।




**चेपॉक में वायरल हुआ मजेदार पल-** यह खास पल तब सामने आया जब मंच पर धोनी से अपील की कि वह आने वाले कई सालों तक आईपीएल खेलते रहें। इस पर धोनी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'यह मुश्किल होगा, लेकिन मैं कोशिश कर सकता हूं।' बस फिर क्या था, चेपॉक का माहौल तालियों और नारों से गूंज उठा। इस बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया और फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया।

### बदलती भूमिका, वही असर

हाल के सीज़नों में धोनी की भूमिका में बदलाव देखा गया है। गायकवाड को कप्तानी सौंपने के बाद, धोनी अब मुख्य रूप से 'फिनिशर' की भूमिका निभाते हैं। वह अक्सर आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी के लिए आते हैं और तेजी से रन बनाने की जिम्मेदारी संभालते हैं। इम्पैक्ट प्लेयर नियम लागू होने के बाद उनकी मैदान पर मौजूदगी और भी रणनीतिक हो गई है। धोनी के रिटायरमेंट को लेकर हर साल चर्चाएं तेज हो जाती हैं। हालांकि, छ्स्च्र मैनेजमेंट की ओर से साफ किया गया है कि वह आईपीएल 2026 के पूरे सीज़न के लिए उपलब्ध रहेंगे। लेकिन यह भी तय है कि उनकी भूमिका अब टीम की जरूरत के हिसाब से लचीली होगी। ऐसे में यह सीज़न उनके करियर का आखिरी पड़ाव भी साबित हो सकता है—या फिर एक नई शुरुआत।

## न्यूजीलैंड की अमेलिया केर ने क्रिकेट में कर दिया ऐसा कारनामा

# आजतक कोई पुरुष भी नहीं कर पाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड महिला टीम की कप्तान अमेलिया केर ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऐसा रिकॉर्ड बना दिया है, जो आज तक कोई पुरुष क्रिकेटर भी नहीं बना पाया था. अमेलिया अब टी20द्ब इतिहास में लगातार 10 पारियों में 30 या उससे ज्यादा रन बनाने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर बन गई हैं. अमेलिया केर ने यह खास उपलब्धि 22 मार्च 2026 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी20 मैच में हासिल की. वेलिंगटन के स्काई स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में उन्होंने 29 गेंदों पर 31 रन बनाए. यह पारी भले ही बहुत बड़ी नहीं थी, लेकिन इसी ने उन्हें इतिहास के पन्नों में पहुंचा दिया. इससे पहले लगातार 9 बार 30 प्लस स्कोर बनाने का रिकॉर्ड श्रीलंका की चमारी अटापट्टू और रोमानिया की रेबेका ब्लेक के नाम था. अमेलिया ने अब दोनों को पीछे छोड़ दिया है.



**लगातार 10 पारियों में कमाल-** अमेलिया केर की यह रिकॉर्ड यात्रा 2024 में शुरू हुई थी और 2026 में जाकर 10वीं लगातार 30 प्लस पारी पर खत्म हुई. इस दौरान उन्होंने लगातार 10 पारियों में 30 से ज्यादा रन बनाए. उनके स्कोर इस तरह रहे- साउथ अफ्रीका के खिलाफ 43, फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 51 नाबाद, 40 और 66 रन. इसके बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने 101 नाबाद और 82 रन की शानदार पारियां खेलीं. फिर 2026 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 78, 32, 30 और 31 रन बनाकर उन्होंने रिकॉर्ड पूरा किया. इन 10 पारियों में अमेलिया केर ने कुल 554 रन बनाए. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 142 रहा, जो यह दिखाता है कि उन्होंने सिर्फ लगातार रन ही नहीं बनाए, बल्कि तेज गति से बनाए. टी20 जैसे छोटे फॉर्मेट में यह निरंतरता और आक्रामकता दोनों बहुत बड़ी बात मानी जाती है.

### मैच में न्यूजीलैंड की शानदार जीत

इस रिकॉर्ड वाले मुकाबले में साउथ अफ्रीका महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 159/6 रन बनाए थे. टीम की ओर से एनेरी डर्कसन ने 32 गेंदों पर नाबाद 55 रन की बेहतरीन पारी खेली और अपनी टीम को लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचाया. जवाब में न्यूजीलैंड ने 18.3 ओवर में 160/4 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीत लिया. टीम की जीत में सबसे बड़ा योगदान सोफी डिवाइन का रहा, जिन्होंने सिर्फ 34 गेंदों पर 64 रन की तूफानी पारी खेली. उनकी इस पारी में 6 चौके और 4 छक्के शामिल थे. वहीं जेस केर ने गेंदबाजी में कमाल दिखाया और 3/16 के आंकड़े दर्ज किए. अमेलिया केर ने 31 रन बनाकर पारी को मजबूती दी और इतिहास भी रच दिया.

## नेमार का वर्ल्ड कप खेलने का सपना लगभग खत्म: ब्राजील फुटबॉल फेडरेशन के साथ विवाद गहराया

# अनसेलोटी से भी नहीं मिले, फिटनेस पर भी सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेमार का 2026 वर्ल्ड कप खेलने का सपना लगभग खत्मः ब्राजील फुटबॉल फेडरेशन के साथ विवाद गहराया; अनसेलोटी से भी नहीं मिले, फिटनेस पर भी सवाल नेमार जूनियर के 2026 फीफा वर्ल्ड कप में खेलने की उम्मीदें अब लगभग खत्म होती नजर आ रही हैं। नेमार ने पहले संकेत दिए थे कि यह उनका आखिरी वर्ल्ड कप हो सकता है,

**वार्म-अप मैचों से बाहर, वीडियो में जताई निराशा-** कुछ दिन पहले ही ब्राजील कोच कार्लो एंसेलॉटी ने आगामी वर्ल्ड कप वार्म-अप मैचों (फ्रांस और क्रोएशिया के खिलाफ) के लिए टीम घोषित की, जिसमें नेमार का नाम नहीं था। नेमार ने साओ पाउलो में एक इवेंट पर कहा कि वे डिसअपॉइंटेड और सैड हैं। उन्होंने एक वीडियो जारी कर अपनी फिटनेस पर काम करने और टीम में वापसी की इच्छा जताई। लेकिन छ्ब्क्क के अंदर ये रिएक्शन अच्छा नहीं लिया गया।

**कोच कार्लो अनसेलोटी का अपमान भारी पड़ा-** हाल ही में एक ऐसी घटना हुई जिसने नेमार की टीम में वापसी के रास्ते लगभग बंद कर दिए। ब्राजील के हेड कोच कार्लो अनसेलोटी विशेष रूप से नेमार का खेल देखने के लिए सांतोस स्न्रष्ट और मिरासोल के बीच मैच देखने पहुंचे थे। अनसेलोटी ने इसके लिए प्राइवेट जेट लिया और आखिरी समय में यात्रा की ताकि वे नेमार की फिटनेस का आकलन कर सकें। हालांकि, नेमार उस मैच में 'वर्कलोड मैनेजमेंट' का हवाला देकर नहीं खेले। इतना ही नहीं, उन्होंने कोच से मिलने या उनसे बात करने की भी कोई कोशिश नहीं की। बोर्ड इसे अनुशासनहीनता और



कमिटमेंट की कमी मान रहा है।

**फिटनेस और सांतोस एफसी के लिए खराब प्रदर्शन-** नेमार की फिटनेस लंबे समय से टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। सांतोस स्न्रष्ट के लिए खेलते हुए भी वे लगातार चोटिल रहे हैं और मैदान पर कम ही नजर आए हैं। 2023 में घुटने की गंभीर चोट के बाद से वे नियमित रूप से मैच नहीं खेल पा रहे हैं।

CBF के अधिकारियों का मानना है कि इंटरनेशनल स्तर के बड़े टूर्नामेंट के लिए जिस मैच फिटनेस की जरूरत होती है, नेमार फिलहाल उसके करीब भी नहीं हैं। बार-बार लगने वाली चोटों के कारण बोर्ड का भरोसा भी उन पर कुछ कम हुआ है। ब्राजील के कोच कार्लो अनसेलोटी ने हाल ही में प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ कहा कि नेमार वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा बन सकते हैं, लेकिन इसके लिए उनका 100% फिट होना जरूरी है। फिलहाल वे पूरी तरह फिट नहीं हैं, इसलिए उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया है। अनसेलोटी ने यह भी कहा कि नेमार को ट्रेनिंग और मैच खेलकर अपनी फिटनेस और प्रदर्शन के जरिए खुद को साबित करना होगा।

**क्या अब भी है वापसी की कोई उम्मीद?-** हालांकि नेमार के पास अभी सांतोस के लिए इस सीजन में कुछ मैच बचे हैं, जहाँ वे अपनी फॉर्म और फिटनेस साबित कर सकते हैं। लेकिन फेडरेशन के भीतर चल रही चर्चाओं को देखें तो उनकी वापसी किसी चमत्कार से कम नहीं होगी। जानकारों का कहना है कि कोच और फेडरेशन अब युवा खिलाड़ियों पर फोकस कर रहे हैं और नेमार के व्यवहार ने उनकी स्थिति और खराब कर दी है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### खरना के महाप्रसाद ग्रहण के साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जल व्रत शुरू

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** उत्तर भारत के लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन सोमवार की शाम छठव्रतियों ने खरना के लिए महाप्रसाद बनाकर ग्रहण किया। पहले गुड़ और चावल की खीर और पूरी बनाई और उसे सूर्यदेव को भोग लगाया। इसके बाद व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही स्वजनों और ईष्ट मित्रों को प्रसाद ग्रहण कराया गया। छठ व्रतियों के खरना का महाप्रसाद ग्रहण करने के साथ ही उनके 36 घंटे का निर्जला व्रत उपवास आरंभ हो गया। अब अगले दिन यानी मंगलवार की शाम छठ व्रतियों द्वारा अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी और बुधवार को उगते हुए यानी उदयाचल सूर्य को अर्घ्य देकर संतान और परिवार के लिए मंगल कामना करेंगी। गौरतलब है कि चैती छठ पूजा के दूसरे दिन खरना पूजा का भी विशेष महत्व है। खरना छठ पूजा के सबसे महत्वपूर्ण पूजा दिनों में से एक है। इस दिन छठी मैय्या का आगमन होता है। जिसके बाद भक्त 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू करते हैं। इस साल खरना पूजा पर विशेष संयोग बन, जिसे ज्योतिषियों ने काफी शुभ माना है। इस दौरान औरंगाबाद के विश्व प्रसिद्ध सौर तीर्थस्थल देव समेत पूरे जिले में छठव्रतियों ने खरना का महाप्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जल उपवास शुरू कर दिया है। व्रत का समापन मंगलवार को अस्ताचल और बुधवार को उदयाचल सूर्य को अर्घ्य अर्पण के बाद व्रतियों द्वारा पारण किए जाने के साथ होगा।

### रामनवमी को लेकर औरंगाबाद प्रशासन अलर्ट

# बिना लाइसेंस जुलूस पर रोक, डीजे व हथियार प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



आगामी रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी कड़ी में समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विधि-व्यवस्था, सुरक्षा और आपसी सौहार्द बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि रामनवमी के अवसर पर निकलने वाले सभी जुलूसों के लिए लाइसेंस अनिवार्य होगा। बिना अनुज्ञप्ति किसी भी प्रकार का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रशासन ने यह भी तय किया कि जुलूस निर्धारित मार्ग, समय और शर्तों के अनुरूप ही निकाले जाएंगे। डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, वहीं जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार का हथियार प्रदर्शन, तलवारबाजी या शक्ति प्रदर्शन सख्ती से वर्जित किया गया है। किसी भी सांस्कृतिक या धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी औरंगाबाद एवं दाउदनगर को निर्देश दिया कि जुलूस मार्ग का भौतिक सत्यापन कर संवेदनशील स्थलों की पहचान के बाद ही अनुमति दी जाए। विशेष रूप से मंदिर, मस्जिद और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के पास अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। जुलूस समितियों को पर्याप्त संख्या में वालंटियर तैनात करने को कहा गया, ताकि भीड़ नियंत्रण और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मिल सके। शहर में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और फॉगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। पर्व के दौरान लगातार गश्ती, बैरिकेडिंग और जरूरत के अनुसार अतिरिक्त सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे।

घाटों की सुरक्षा को लेकर भी प्रशासन ने विशेष तैयारी की है। सभी घाटों पर बैरिकेडिंग, पर्याप्त रोशनी, चेंजिंग रूम, गोताखोर और महाजाल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। खतरनाक घाटों को चिन्हित कर आवश्यकता पड़ने पर बंद किया जाएगा, ताकि किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके। सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। भ्रामक सूचनाओं पर लगातार निगरानी रखी जाएगी और अफवाह फैलाने वालों पर त्वरित कार्रवाई होगी। इसके लिए सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की व्यवस्था की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल ने कहा कि पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है। संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां विशेष सतर्कता बरती जाएगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जयप्रकाश नारायण, मोहम्मद सादुल हसन खां, उमेश पंडित, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, दाउदनगर एसडीओ अमित राजन, डीपीआरओ श्वेता प्रियदर्शी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि और शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि रामनवमी के पावन अवसर पर शांति, सौहार्द और भाईचारे की भावना बनाए रखते हुए प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके।

### श्रद्धालुओं के लिए मुफ्त ऑटो सेवा शुरू, डीएम ने दिखाई हरी झंडी

**औरंगाबाद(एसवीवी. सं.)।** ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के देव चैती छठ मेला-2026 के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने सराहनीय पहल की है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सोमवार को दरभंगा मोड़ से सूर्य मंदिर तक निःशुल्क परिवहन सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुफ्त ऑटो सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। देव चैती छठ मेला के दौरान हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भास्कर की उपासना एवं छठ व्रत करने के लिए सूर्य मंदिर और सूर्य कुंड परिसर पहुंचते हैं। इस बार भी लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने और भीड़ प्रबंधन को मजबूत करने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। दरभंगा मोड़ से सूर्य मंदिर क्षेत्र तक संचालित इस निःशुल्क ऑटो सेवा से विशेष रूप से महिला, वृद्ध, दिव्यांग और दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को काफी राहत मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य न केवल श्रद्धालुओं को सुविधाजनक परिवहन उपलब्ध कराना है, बल्कि ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करते हुए मेले में सुव्यवस्थित आवागमन सुनिश्चित करना भी है।

## चैती छठ मेला : टेंट सिटी का उद्घाटन, श्रद्धालुओं को मिलेगा सुरक्षित व सुविधाजनक ठहराव

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




ऐतिहासिक देव चैती छठ मेला-2026 के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सूर्य कुंड स्थित जीवा बिगहा मोड़ के समीप निर्मित टेंट सिटी का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह एवं जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर टेंट सिटी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन की इस पहल को लेकर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया।

गौरतलब है कि देव में पहली बार छठ महापर्व के दौरान दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए टेंट सिटी की व्यवस्था की गई है। इसका उद्देश्य छठ व्रतियों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक आवास उपलब्ध कराना है, ताकि वे पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान भास्कर की आराधना कर सकें। टेंट सिटी में व्रतियों के लिए फोल्डिंग बेड, गद्दा, बेडशीट, चादर और तकिया जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा परिसर में स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, शौचालय और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पूरे क्षेत्र में निगरानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि टेंट सिटी की व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए और सभी सुविधाएं सुचारू रूप से संचालित हों। सुरक्षा, स्वच्छता और अन्य आवश्यक सेवाओं की सतत मॉनिटरिंग करने पर विशेष जोर दिया गया है। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं और छठ व्रतियों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का लाभ उठाएं और निर्धारित व्यवस्था का पालन करते हुए इस महापर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सहयोग करें। देव चैती छठ मेला-2026 के सफल, सुरक्षित और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि व्रतीगण पूर्ण आस्था के साथ भगवान सूर्य की उपासना कर सकें।

## रामनवमी को लेकर औरंगाबाद में तैयारी तेज : जुलूस मार्ग, बिजली और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर



**औरंगाबाद(एसवीवी.सं.)।** आगामी रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-01) की संयुक्त अध्यक्षता में शहर की विभिन्न रामनवमी पूजा समितियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जुलूस के सफल आयोजन, सुरक्षा व्यवस्था और आधारभूत सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं पूजा समिति के सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान जुलूस मार्गों की स्थिति, साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था और सुरक्षा उपायों की विस्तृत समीक्षा की गई। पूजा समिति के सदस्यों ने जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

## इंटर कॉमर्स में कॉन्सेप्ट क्लासेस का जलवा: अर्पणा ने 445 अंक के साथ किया टॉप, सैकड़ों छात्र प्रथम श्रेणी में सफल



अर्पणा कुमारी | श्रुती सिंह | श्रुती सिंह | शालनी कुमारी | निशा कुमारी | राजीव कुमार

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

महराजगंज रोड स्थित कॉन्सेप्ट कॉमर्स एंड कंप्यूटर क्लासेस के विद्यार्थियों ने इस वर्ष इंटरमीडिएट (कॉमर्स) परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा दिया है। संस्थान के छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

इस वर्ष संस्थान की प्रतिभाशाली छात्रा अर्पणा कुमारी ने 445 अंक प्राप्त कर संस्थान में प्रथम स्थान हासिल किया। अर्पणा का प्रदर्शन हर विषय में सराहनीय रहा, लेकिन विशेष रूप से उन्होंने उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त कर एक मिसाल कायम की। इसके अलावा अकाउंट्स में 92 और इकोनॉमिक्स में 92 अंक प्राप्त कर उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिचय दिया। संस्थान के अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयुषी प्रिया ने 418 अंक, राजीव कुमार ने 416 अंक, श्रुति सिंह ने 402 अंक और सालनी ने 400 अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। वहीं निशा कुमारी ने 398 अंक, अंजली कुमारी ने 377 अंक तथा छोटी गुप्ता ने 340 अंक प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। इस वर्ष संस्थान के सैकड़ों छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की, जो संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है। इसके साथ ही लगभग 15 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होकर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया। विद्यार्थियों की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है।

इस उपलब्धि पर संस्थान के निदेशक पिंटू गुप्ता ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, नियमित अध्ययन और सही दिशा में किए गए प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि संस्थान में विद्यार्थियों को न केवल पाठ्यक्रम की पढ़ाई कराई जाती है, बल्कि उन्हें परीक्षा के अनुरूप मार्गदर्शन और समय-समय पर टेस्ट के माध्यम से तैयार किया जाता है। वहीं शिक्षक विशाल ने कहा कि छात्रों की सफलता में उनकी मेहनत के साथ-साथ अभिभावकों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आगे भी इसी तरह मेहनत जारी रखने की सलाह दी। संस्थान प्रबंधन ने कहा कि कॉन्सेप्ट कॉमर्स एंड कंप्यूटर क्लासेस भविष्य में भी इसी प्रकार छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर मार्गदर्शन और अनुशासित वातावरण प्रदान करता रहेगा, ताकि विद्यार्थी सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें।

## सबका सम्मान–जीवन आसान के तहत जनता दरबार में 45 मामलों की सुनवाई



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बिहार सरकार के "सात निश्चय-3" कार्यक्रम के अंतर्गत "सबका सम्मान – जीवन आसान" पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे डीएम के समक्ष रखीं। जनता दरबार के दौरान जिला पदाधिकारी ने एक-एक परिवादी से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर कुल 45 परिवादियों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें अधिकांश मामले भूमि, राजस्व एवं जनकल्याण योजनाओं से जुड़े थे। प्राप्त शिकायतों में दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मुद्दे, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता तथा अनुग्रह अनुदान जैसे विषय प्रमुख रूप से शामिल रहे।

सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और न्यायसंगत समाधान होना चाहिए। साथ ही, परिवादों की नियमित समीक्षा करने और उनकी प्रगति की जानकारी समय-समय पर आवेदकों को देने का निर्देश भी दिया गया, जिससे प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास और मजबूत हो सके।

## बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बभंडी स्थित केंद्रीय विद्यालय के पास रविवार को देर शाम तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक के धक्के से एक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के ही सहया गांव निवासी बिहसी प्रजापति(52) के रूप में की गई है। शव का पोस्टमार्टम कराने औरंगाबाद सदर अस्पताल आए परिजनों ने बताया कि बिहसी प्रजापति अपने घर से साइकिल से बाजार करने बारुण थाना क्षेत्र के जोगिया जा रहे थे। जैसे ही वह बभंडी स्थित केंद्रीय विद्यालय के पास पहुंचे, वैसे ही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइकर ने उन्हे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद बाइकर मौके पर ही बाइक छोड़कर फरार हो गया। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल दुर्घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन बदहवास होकर सदर अस्पताल पहुंचे और शव से लिपटकर रोने लगे। वही हादसे की सूचना मिलने सदर अस्पताल पहुंची औरंगाबाद नगर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई। घटना के बाद से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही गांव में मातम पसरा हुआ है।

## धान अधिप्राप्ति की समीक्षा : लक्ष्य से पीछे रहने वाले पैक्स पर सख्ती, गेहूं खरीद की तैयारी तेज



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान अधिप्राप्ति एवं आगामी रब्बी विपणन मौसम 2026-27 में गेहूं खरीद की तैयारियों को लेकर समाहरणालय स्थित योजना भवन में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने की, जिसमें अधिप्राप्ति की प्रगति और व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि जिले की 33 समितियों द्वारा अब तक निर्धारित लक्ष्य का 85 प्रतिशत से भी कम धान अधिप्राप्ति की गई है। इस पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्णय लिया कि लक्ष्य से पीछे रहने वाले पैक्स का लक्ष्य घटाया जाएगा, जबकि शत-प्रतिशत अधिप्राप्ति करने वाले पैक्स के बीच लक्ष्य का पुनर्वितरण किया जाएगा, ताकि कुल अधिप्राप्ति लक्ष्य को समय पर पूरा किया जा सके। ीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) की समीक्षा के बाद जिला पदाधिकारी ने राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक को निर्देश दिया कि समितियों द्वारा एसटीआर (स्टॉक ट्रांसफर रिलीज) शीघ्र जारी किया जाए और आपूर्ति किए गए सीएमआर की राशि का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समय-सीमा के भीतर धान अधिप्राप्ति और सीएमआर जमा कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में आगामी रब्बी विपणन मौसम 2026-27 के लिए गेहूं अधिप्राप्ति की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि गेहूं खरीद से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर उप

## राजा नारायण सिंह की 280वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिला मुख्यालय स्थित रमेश चौक के समीप राजा नारायण सिंह पार्क परिसर में सोमवार को महान स्वतंत्रता सेनानी राजा नारायण सिंह की 280वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन राजा नारायण सिंह मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में किया गया, जिसकी अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष राजा नृपेश्वर नारायण सिंह ने की, जबकि संचालन सुरेश विद्यार्थी ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत राजा नारायण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके अदम्य साहस और देशभक्ति को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और उन्हें बिहार में अंग्रेजों के प्रथम शत्रु के रूप में याद किया। जिला विधिक संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि राजा नारायण सिंह ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करते हुए सैकड़ों अंग्रेजों को परास्त किया और आजादी की लड़ाई की मजबूत नींव रखी, जिसका परिणाम अंततः वर्ष 1947 में देश की स्वतंत्रता के रूप में सामने आया।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि औरंगाबाद जिले में उनकी जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी उनके योगदान से परिचित हो सके। पराक्रम दिवस के इस आयोजन में पृथ्वीराज चौहान ट्रस्ट के डॉ. ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, गोरखनाथ सिंह, चंद्रप्रकाश विकास, जम्होर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, अधिवक्ता सियाराम पांडेय, अमित कुमार सिंह, कुणाल यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने न केवल राजा नारायण सिंह के शौर्य और बलिदान को स्मरण किया, बल्कि युवाओं को देशभक्ति और राष्ट्रनिर्माण के प्रति प्रेरित करने का संदेश भी दिया।

